






झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, बुधवार, 25 फरवरी 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -249 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


# झारखंड विस बजट सत्र 2026-27 : 1.58 लाख करोड़ का बजट पेश

## शिक्षा-स्वास्थ्य-पर्यटन पर बड़ा फोकस, मंईयां सम्मान योजना के लिए 14 हजार करोड़ से ज्यादा का प्रावधान

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा के सेंट्रल बैंक मीडिया को संबोधित करते हुए बजट हाइलाइट्स को रखा, उन्होंने बजट को देखकर सरकार की प्राथमिकता को सामने रखा. मंत्री ने बताया कि झारखंड विधानसभा में पेश वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का कुल आकार 1,58,560 करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है. सरकार ने विकास दर तेज करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सामाजिक क्षेत्र पर विशेष बल देने का रोडमैप प्रस्तुत किया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि अबुआ झारखंड का संकल्प केवल एक नारा नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की ठोस नीति है. सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज के हर वर्ग को योजनाओं का सीधा लाभ मिले. उन्होंने कहा कि सरकार ने यह साबित किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद विकास की गति को रोका नहीं जाएगा. सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, आवास, खाद्य सुरक्षा और आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से कमजोर वर्गों को मजबूत आधार देने का प्रयास किया गया है.

**किसानों की आमदनी बढ़ाने पर जोर**

वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूंजीगत व्यय में वृद्धि की गई है. सड़क, सिंचाई, बिजली और पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है. कृषि क्षेत्र को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने का प्रावधान बजट में किया गया है. सरकार का लक्ष्य है कि कृषि उत्पादन के साथ-साथ प्रसंस्करण और विपणन की बेहतर व्यवस्था विकसित हो, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके.

**महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता**

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है. स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, पोषण कार्यक्रमों का विस्तार और स्वरोजगार योजनाओं को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं.

**स्वास्थ्य और शिक्षा में व्यापक सुधार**

स्वास्थ्य क्षेत्र में जिला अस्पतालों के उन्नयन, नई स्वास्थ्य योजनाओं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं. शिक्षा क्षेत्र में स्कूलों की आधारभूत संरचना सुधार, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा और उच्च शिक्षा संस्थानों को सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है. यह बजट विकास और सामाजिक न्याय के संतुलन का संदेश देता है.

**कृषि, पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र**

सरकार का लक्ष्य किसानों को कर्ज से मुक्ति, समग्र कृषि विकास और आय वृद्धि है. पीएलएफएस के अनुसार कृषि में रोजगार 44.3% से बढ़कर 50.4% हुआ है। बिरसा बीज उत्पादन योजना का आवंटन 95 करोड़ से बढ़ाकर 145 करोड़ किया गया है. मृदा एवं जल संरक्षण के लिए बंजर भूमि राइस फैलो और जलनिधि योजनाओं पर 475.50 करोड़ का प्रावधान है. सौर ऊर्जा चालित सिंचाई के लिए 75 करोड़ तथा कृषि यंत्र वितरण पर 80 करोड़ रुपये निर्धारित हैं. झारखंड मिलेट मिशन के लिए 25 करोड़ और नकदी फसल विकास के लिए 19.88 करोड़ का प्रावधान है.

**मधुमक्खी और शहरी फार्मिंग पर 245.80 करोड़**

उद्यान, मधुमक्खी, लाह, हाईटेक पार्क और शहरी फार्मिंग पर 245.80 करोड़ तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना पर लगभग 481.35 करोड़ आवंटित किए गए हैं. फसल बीमा योजना के लिए 400 करोड़ निर्धारित हैं. भंडारण संरचना, कोल्ड रूम और गोदाम निर्माण के लिए लगभग 322 करोड़ रुपये का प्रावधान है. मत्स्य विकास पर 106 करोड़ तथा कृषि-संबद्ध कुल बजट 4,884.20 करोड़ रखा गया है.




## सरकार को कहां से आयेगा रुपया और कहां होगा खर्च

झारखंड विधानसभा में पेश वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का कुल आकार 1,58,560 करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है. बजट व्यय के लिए सरकार को कहां से पैसा आयेगा. वित्त मंत्री ने आय के स्रोतों का जिक्र किया है उसमें कर राजस्व से 29.02%, गैर-कर राजस्व से 13.05%, केंद्रीय अनुदान से 11.52%, केंद्रीय करों में हिस्सेदारी से 32.31%, कर्ज वसूली से 0.19% और कर्ज से प्राप्त राशि 13.91% आय होंगे. झारखंड सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में विभिन्न विभागों और क्षेत्रों के लिए खर्च का स्पष्ट खाका पेश किया गया है. सरकार ने ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और सामाजिक सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है. बजट के आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार ने ग्रामीण विकास 12.43% और शिक्षा 11.87% पर सबसे अधिक फोकस किया है. इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं पेयजल 8.32%, ऊर्जा 7.06% और भू-सुधार एवं भूमि राजस्व 7.93% जैसे बुनियादी क्षेत्रों को भी पर्याप्त हिस्सेदारी दी गई है. सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन मद में 6.29% राशि निर्धारित की गई है, जबकि कर्ज और ब्याज अदायगी पर कुल मिलाकर लगभग 9.85% बजट खर्च होगा.

**कहां से आयेगा रुपया**




**कहां होगा खर्च**




## सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष का बजट आकार बढ़ाया

**राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) के लिए बजट आकार में 4875.09 करोड़ रुपये की वृद्धि की है. इससे पिछले वित्तीय वर्ष का बजट आकार बढ़कर 150275.00 करोड़ रुपये हो गया है. पहले यह 145400.00 करोड़ रुपये था.**

| मद | वित्त वर्ष 2025-26 | वित्त वर्ष 2026-27 |
|---|---|---|
| बजट आकार | 1,50,275.00 | 158560.00 |
| स्थापना खर्च | 54460.00 | 57669.00 |
| योजना खर्च | 95815.0 | 9100891.00 |
| बजट घाटा | 16238.87 | 13595.79 |

## मंत्री इरफान अंसारी ने बजट को सराहा



स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार किया गया है. उन्होंने कहा, सरकार की प्राथमिकता स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना को मजबूत करना है. रिम्स-2 का निर्माण राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देगा और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा. उन्होंने भरोसा दिलाया कि बजट की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू की जाएगी.

## सरयू राय ने बजट को निराशाजनक बताया



जदयू विधायक सरयू राय ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें कोई नई सोच या ठोस पहल नजर नहीं आती. उन्होंने कहा, यह बजट मूल रूप से पिछले बजट की ही पुनरावृत्ति है. उन्होंने कहा कि पुराने प्रावधानों को नए शब्दों में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन इसमें कुछ भी विशेष या दूरगामी नहीं दिखता.ह्व सरयू राय ने कहा कि राज्य को ऐसे बजट की आवश्यकता है, जो वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करे और आर्थिक अनुशासन के साथ विकास की स्पष्ट रूपरेखा दे.

## बजट में सिर्फ आंकड़ों का खेल- बाबूलाल



नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ष बड़ा बजट पेश करती है, लेकिन उसे प्रभावी तरीके से खर्च करने में विफल रहती है. उन्होंने आरोप लगाया कि कई विभागों में आवंटित राशि समय पर खर्च नहीं हो पाती है. जिससे विकास कार्य अधूरे रह जाते हैं. ह्लराज्य में आज भी लोग सड़क, नाली, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार आंकड़ों का खेल खेल रही है, जबकि जमीनी सच्चाई अलग है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार अपनी प्रशासनिक कमजोरी छिपाने के लिए केंद्र पर दोष मढ़ती है. रिम्स-2 के निर्माण को लेकर भी बालूलाल मरांडी ने सवाल उठाए. उनका कहना है कि जब राज्य में बंजर भूमि उपलब्ध है तो उपजाऊ कृषि भूमि पर निर्माण करना उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं और सरकार को उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए.

## सिर्फ कागजों में लोकलुभावन बजट: जयराम



वहीं, जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने राज्य सरकार के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे कागजों पर लोकलुभावन बताया. उन्होंने कहा कि बजट में आकर्षक घोषणाएं और बड़ी-बड़ी योजनाएं जरूर दिखाई देती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है. पिछले वित्तीय वर्ष में जो राशि आवंटित की गई थी, वह कहां और किस मद में खर्च हुई इसका स्पष्ट ब्योरा तक सत्तापक्ष के कई जनप्रतिनिधियों के पास नहीं है. जयराम महतो ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब पूर्व में स्वीकृत योजनाओं का सही आकलन और पारदर्शी हिसाब ही उपलब्ध नहीं है, तो नए बजट की घोषणाओं पर भरोसा कैसे किया जाए. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आंकड़ों और घोषणाओं के सहारे जनता को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविक विकास कार्य अपेक्षित स्तर पर नजर नहीं आते. उन्होंने कहा कि बजट केवल भाषणों और दस्तावेजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

## कानून व्यवस्था, तकनीकी सुधार, बाल बजट और जेंडर बजट

- राज्य की काराओं में मोबाइल उपयोग रोकने के लिए 5ॠसेल फोन जैमर और डिटेक्टर लगाए जाएंगे.
- बाल बजट: 138 योजनाओं के आधार पर 10,793.16 करोड़ रुपये कुल योजना आकार का 10.7%.
- जेंडर बजट: 17 विभागों की 232 योजनाओं के तहत 34,211.27 करोड़ रुपये का प्रावधान.
- कुल मिलाकर बजट 2026-27 में कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सामाजिक सुरक्षा को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित करते हुए समग्र आर्थिक वृद्धि का खाका पेश किया गया है.

## आज का विचार



**विधानचंद्र पटेल**
**थाना प्रभारी सुंदरपहाड़ी**

**आम जनमानस की सुरक्षा और उनकी समस्याओं का निराकरण करना ही पुलिस विभाग का कार्य है। जो हम पूरी निष्ठा के साथ करते हैं और करते रहेंगे। भय मुक्त समाज ही हमारी प्राथमिकता है जिसमें हम सभी को एक दूसरे के सहयोग की आवश्यकता है। पुलिस को अपना मित्र समझे और अपनी हर समस्या को हमसे साझा करें।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,46,100**
चांदी (प्रति किलो) : **2,57,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **82,225.92**
निफ्टी :- **25,424.64**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **27 °**
न्यूनतम तापमान : **14 °**

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:13**
संध्या :- **17:50**

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1570 को पोप पायस पंचम ने महारानी एलिजाबेथ प्रथम और चर्च ऑफ इंग्लैंड में उनके अनुयायियों को बहिष्कृत करने के लिए पोप का आदेश रेगनन्स इन एक्सेलसिस जारी किया।**

### संक्षिप्त समाचार

**स्पाइसजेट विमान की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग; बाल-बाल बचे 150 यात्री**

**नयी दिल्ली।** स्पाइसजेट के एक विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। मंगलवार सुबह दिल्ली से लेह जा रहे इस विमान के इंजन में बीच हवा में खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को वापस दिल्ली की ओर मोड़ दिया। विमान में करीब 150 यात्री सवार थे, जो अब पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट की फ्लाइट संख्या एसजी121 ने मंगलवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लेह के लिए उड़ान भरी थी। बोइंग 737 विमान ने जैसे ही आसमान में कुछ दूरी तय की, पायलट को इंजन में तकनीकी समस्या का आभास हुआ। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और विमान को वापस दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया।

**झारखंड के चतरा में एयर एम्बुलेंस क्रैश, डॉक्टर और मरीज समेत सभी 7 लोगों की मौत**

**चतरा।** चतरा जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। रांची से दिल्ली जा रही एक एयर एम्बुलेंस सोमवार रात सिमरिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस भीषण हादसे में विमान में सवार सभी 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। चतरा की उपायुक्त कीर्तिश्री जी. ने पुष्टि की है कि मलबे से सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। रेडबर्ड एयरवेज द्वारा संचालित ईंर्ŕ91३ 390 (श्ळ-अखश) विमान ने सोमवार शाम 7:11 बजे रांची एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। इसे रात करीब 10 बजे दिल्ली पहुंचना था। हालांकि, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शाम 7:34 बजे कोलकाता एटीसी से इसका संपर्क टूट गया। बताया जा रहा है कि विमान उस समय वाराणसी से लगभग 100 नॉटिकल मील दक्षिण-पूर्व में था। हादसे का शिकार हुए मरीज संजय कुमार लातेहार जिले के चंदवा के रहने वाले थे।

## व्यवसाय, कृषि, ग्रामीण विकास सहित हरेक क्षेत्र में बैंक की भूमिका महत्वपूर्ण : हेमंत सोरेन

### झारखंड सरकार व पीएनबी के बीच वेतन खाता पैकेज पर एमओयू, सीएम ने लॉन्च किया झारखंड कुबेर डैशबोर्ड

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में पंजाब नैशनल बैंक और झारखंड सरकार के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में भाग लिया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग द्वारा तैयार झारखंड कुबेर डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक राज्य सरकार के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत कर रहा है. उन्होंने कहा कि आम जनता और राज्य सरकार के कर्मचारियों के आर्थिक लेन-देन में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. वर्तमान समय में व्यवसाय, कृषि, ग्रामीण विकास सहित हर क्षेत्र में बैंक की भागीदारी जरूरी है. उन्होंने विश्वास जताया कि इस समझौते से राज्य सरकार और बैंक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जिसका लाभ कर्मचारियों के साथ आम लोगों को भी मिलेगा. कार्यक्रम में मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पंजाब नैशनल बैंक के महाप्रबंधक आशीष कुमार चतुर्वेदी, मंडल प्रमुख रांची अवधेश झा और उप मंडल प्रमुख राकेश कुमार श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी मौजूद थे.



**बजट और विकास में पारदर्शिता का दावा**

मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का विकास पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है और इसका परिणाम जल्द ही जमीन पर दिखाई देगा. उन्होंने कहा कि बजट ब्रीफिंग में जो घोषणाएं की गई हैं, उन्हें धरातल पर उतारा जाएगा.

**समाज के सभी वर्गों को शामिल करने का प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में समाज के सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों को शामिल करने का प्रयास किया गया है. उन्होंने विशेष रूप से जेंडर बजट पर जोर देते हुए कहा कि अगर कोई वर्ग छूट गया है तो सरकार उस पर गंभीरता से विचार करेगी.

**एयर एंबुलेंस हादसे पर जताया दुख**

मुख्यमंत्री ने एक एयर एंबुलेंस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया. उन्होंने बताया कि बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस बुक की गई थी, लेकिन दुर्भाग्यवश हादसा हो गया जिसमें लोगों की जान चली गई. घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन को मौके पर भेजा गया और राहत व जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.







# 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन हुआ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** मंगलवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा भव्य मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन अनुदीप फाउंडेशन, रांची के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर कुल 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को विविध क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए। मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में जिन प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया, उनमें टेक महिंद्रा (Tech Mahindra), कॉनसेंट्रिक्स (Concentrix), आउटर ऑर्बिट (Outer Orbit), निम्बस (Nimbus), जगन्नाथ हॉस्पिटल (खॅल्लल्लंइँ




Hospital), श्रीराम फाइनेंस (ShrirÔm Finance), ए आयुदा सॉल्यूशंस (Ayuda solutions) बर्लिन हॉस्पिटल (Berlin Hospital) तथा क्रेडिटल हॉस्पिटल (Credital Hospital) सहित अन्य प्रतिष्ठान सम्मिलित रहे। इन सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों की योग्यता, कौशल एवं व्यवहारिक दक्षता का मूल्यांकन किया।प्लेसमेंट सेल में विभिन्न संकायों के लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। अनेक विद्यार्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया, जिससे परिसर में उल्लास एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त हो गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, दक्ष एवं रोजगारोन्मुख बनाना भी है। इस प्रकार के प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को व्यावसायिक जगत से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ.) अशोक कुमार तथा प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं। मौके पर विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष व्याख्यातगण,प्लेसमेंट सेल के सदस्य डॉ. प्रशांत कुमार मो रिजवान नूरी, कुंदन कुमार, साई प्रकाश, डॉ. दिलकेश्वर प्रसाद, मनोज करमाली, डॉ. सौरभ सिंह, निशा रानी , वैष्णवी एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। उनके समन्वित प्रयासों एवं समर्पण के कारण यह मेगा प्लेसमेंट सेल सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सका।उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रमों को अधिकाधिक रोजगारोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कौशल विकास कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यशालाएँ, व्यक्तित्व विकास सत्र एवं उद्योग-परामर्श गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं, ताकि विद्यार्थी प्रतिस्पर्धी वातावरण में सफलता प्राप्त कर सकें।

## डाकघरों में डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करें:निरंजन कुमार



**रामगढ़ ।** रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में हजारीबाग डिवीजन के नव पदस्थापित डाक अधीक्षक निरंजन कुमार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ एक बैठक की जिसका मुख्य उद्देश्य जिले भर में सभी डाकघरों में डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर बड़े स्तर पर बचत खाता,सुकन्या समृद्धि खाता,आवर्ती खाता,टव्र्न खाता,वरिष्ट नागरिक बचत योजना,भविष्य निधि योजना आदि योजनाओं को खोलना है ।इसके पहले डाक अधीक्षक का स्वागत पोस्टमास्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने किया ।डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग की सेवा जन सेवा का काम करती है इसलिय हम सभी डाक कर्मचारियों का कर्तव्य बनता है कि हम अपनी सभी सेवाएँ को सेवा के रूप में समर्पित करें ।उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले के डाक विभाग के लाभुक बहुत ही जागरूक हैं उन्होंने आग्रह किया हमारे डाक विभाग की डाक जीवन बीमा ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना सभी बीमा योजनाओं से बेहतर है जिसमें कम प्रीमियम लेकर अधिक बोनस दिया जाता है । उन्होंने कहा कि जिस तरह बिटिया के भविष्य के लिए प्रधानमंत्री महोदय जी ने सुकन्या समृद्धि योजना लाया है उसी प्रकार बेटो के भविष्य के लिए ढठक्रखाता खोला जा सकता है और अधिक ब्याज प्राप्त किया जा सकता है ।उन्होंने सभी कर्मचारियों को सहयोग की भावना से कार्य स्थल पर काम करने की सलाह दी है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक निरीक्षक आशीष कुमार पांडे,पोस्टमास्टर मनोज कुमार,मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय,नरेंद्र कुमार सिंह,रामखेलावन चौधरी,अरुण कुमार,चंद्रशेखर कुमार,शम्भू दत्त सिंह ,त्रिदेव प्रियदर्शी,प्रशांत कुमार सिंह,पंकज कुमार,रणजीत रजवार,शुभम सौरव,कुंदन कुमार,देवेंद्र कुमार रवि आशीष कुमार झा,सर्वेश कुमार,प्रिया वर्णवाल,रिमझिम कुमारी,बबीता कुमारी,जश्मीना,सौरव कुमार,चंदन कुमार,संतोष कुमार,अंकित कुमार,राजकपूर,रंजन कुमार,गंभीर करमाली,जयंत भोक्ता ,अरजलाल कुमार महतो,आकाश कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।सभी कर्मचारियों ने डाक अधीक्षक का अभिनंदन करते हुए निर्देश का पालन करने का आश्वासन दिया।

## रुद्र महायज्ञ में अराड़ी मंथन एवं हवन

**पतरातू:** मंगलवार को श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी में 11 यजमानों एवं यज्ञाचार्य श्री राम प्रवेश उपाध्याय कृशकांत मिश्रा अतुल दुबे गणेश्वर पांडे तथा तनुज शास्त्री के द्वारा देव पूजन अराड़ी मंथन हवन एवं आरती किया गया पदोउपरांत लकड़ी से आज उत्पन्न किया गया। विदुषी अंजनी गोस्वामी प्रयागराज के द्वारा प्रवचन में कहा गया कि शिव और माता पार्वती हिंदू धर्म में शक्ति और ऊर्जा के शाश्वत मिलन का प्रतीक हैं। शिव जहाँ परम पुरुष, वैरागी और चेतना हैं, वहीं पार्वती उनकी शक्ति, सृजनात्मक ऊर्जा और करुणा का स्वरूप हैं। हिमालय पुत्री के रूप में पार्वती का विवाह कठोर तपस्या के बाद शिव से हुआ, जो प्रेम, भक्ति और संतुलन का प्रतीक है, जिससे वे अर्धनारीश्वर रूप में पूजे जाते है साथ ही झांकी का भी प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से यज्ञ निर्देशक दामोदर गिरी रजरप्पा, कटिया बस्ती पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो वार्ड सदस्य रिता देवी यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र महतो सचिव मोहित महतो कोषाध्यक्ष वकील महतो उपाध्यक्ष अशोक महतो उपसचिव धनराज महतो उपकोषाध्यक्ष सुरेश महतो उपकोषाध्यक्ष बसंत साव पारिजात कुमारी धनराज महतो कांति देव प्रतिमा कुमारी मोहित कुमार अनु कुमारी जलेश्वर महतो सविता देवी शंकर महतो संगीता देवी शंभू कुमार प्रतिमा देवी योगेंद्र महतो सुभाषो देवी नरेश महतो सरस्वती देवी अजय कुमार कुंती देवी नीतीश कुमार पंकज महतो संजय कुमार बृजलाल पटेल महेंद्र कुमार प्रदीप महतो प्रकाश कुमार अमित कुमार त्रिभुवन महतो सुनील कुमार गणेश महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे

## श्री श्री राम नवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष बने राजेश ठाकुर

# 24 मार्च को रामगढ़ में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगल शौभायात्रा निकाली जाएगी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक मंगलवार को किला मंदिर रामगढ़ के प्रांगण में रखी गई। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के पूर्व अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने किया और संचालन महासमिति के महासचिव विशाल जायसवाल ने किया। बैठक में महासमिति के नए अध्यक्ष को लेकर चर्चा की गई,जिसमें सर्वसम्मति से राजेश ठाकुर को महासमिति का अध्यक्ष चुना गया। राजेश ठाकुर ने कहा कि रामगढ़ की सभी अखाड़ा कमेटी, महासमिति के सदस्यों एवं अभिभावक स्वरूप संरक्षक सदस्यों ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपा है, उसे मैं पूरी इमानदारी पूर्वक



निर्वहन करूंगा एवं भव्य ओर ऐतिहासिक रामनवमी होने का मैं वचन देता हूं।आगे उन्होंने कहा कि 24 मार्च 2026 को रामगढ़ में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगला शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें पूरे रामगढ़ से 30 से 40 हजार हिंदू एकत्र होंगे। समिति के पूर्व अध्यक्ष छोटन सिंह ने कहा कि राजेश



ठाकुर का अनुभव महासमिति को एक नए कृतिमान स्थापित करेगा और महासमिति पूरी इमानदारी के साथ राजेश ठाकुर का साथ देगी। बैठक समाप्ति महासचिव तुलेश्वर पासवान ने किया।। बैठक में मुख्य रूप से शुभम वर्मा, राहुल वर्मा ,बच्चन सिंह ,संतोष कुमार नायक ,पवन पासवान ,अजय कुमार,अंशु पांडे, शंभू महतो ,गोलू कुमार, आशीष सोनी, सूरज वर्मा,बबीता कुमारी, कीर्ति गौरव ,दीपक सिसोदिया, कुणाल दस, दीपक सोनकर, अयोध्या वर्मा, बद्री विश्वकर्मा, मनीष मिश्रा,आयुष कुमार, सौरव गुप्ता, सुमित कुमार पांडा, अनामिका श्रीवास्तव, नन्द किशोर राम, दानिश पटेल,सौरव जायसवाल ,सुमित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शशि शेखर सिंह ,रोहित सोनी,अमन राजा,आकाश राय राहुल रजक,श्रवण,सतीश ठाकुर ,शुभम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## खिले हैं गुलशन, महकी है फिजा... फागुन की धूम में मचेगा धमाल !



**मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा द्वारा फाल्गुन धूम मेले का आयोजन 28 फरवरी को**

**रामगढ़ ।**मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा रामगढ़ कैंट द्वारा 28 फरवरी को बंधन बेकैवेट हॉल ,समय सुबह 10 से 8 शाम तक फाल्गुन धूम का आयोजन करेगा ।सर्दियों की विदाई और वसंत की अंगड़ाई के साथ, रंगों का त्यौहार होली दस्तक दे रहा है। इसी उमंग को साझा करने के लिए चेतना शाखाद्वारा 'फागुन धूम' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं और आपसी प्रेम का मिलन। शाखा अध्यक्ष नीति बेरलिया ने बताया कि चेतना शाखा द्वारा हर वर्ष की भांति इस साल भी फाल्गुन धूम मेले का आयोजन 28 फरवरी को किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य आकर्षण फैन्सी साडियाँ लड्डू गोपाल का सामान, फैन्सी ज्वेलरी, कुर्ती वेस्टने वियर होली एवं गणगौर का सामान, बच्चों के लिए गेम्स एव तरह-तरह के फूड स्टॉल रहेगा।. चेतना शारवा सचिव मनीषा अग्रवाल ने बताया इस बार मेले को भव्य रूप देने के लिए पूरे झारखंड से आए लोगों द्वारा स्टॉल लगाए जा रहे रहे है।

## गोला एवं चितरपुर प्रखंड के सामुदायिक आधारित निगरानी प्रणाली की डिब्रीफिंग बैठक संपन्न

**रामगढ़।** झारखण्ड स्टेट लाइवलिहुड प्रमोशन सोसाइटी अंतर्गत गोला एवं चितरपुर प्रखंड के सामुदायिक आधारित निगरानी प्रणाली (CBMS) की डिब्रीफिंग बैठक का गोला में आयोजन किया गया। दोनों प्रखंडों में कुल 6 दिनों का सामुदायिक



आधारित निगरानी गतिविधियों का संचालन किया गया था, जिसके उपरांत डिब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यों की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना, कमियों की पहचान करना एवं सुधारात्मक रणनीति तैयार करना है। अधिकारियों ने पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सामुदायिक सहभागिता को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। बैठक में सामुदायिक संस्थाओं की प्रगति, कार्यप्रणाली एवं पारदर्शिता पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान कुल 112 स्वयं सहायता समूह (SHG), 56 ग्राम संगठन (VO) तथा 8 संकुल संगठन (CLF) से संबंधित विस्तृत जानकारी 16 सामुदायिक कैडरों द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिसमें समूहों की नियमित बैठक, बचत एवं आंतरिक ऋण संचालन, बैंक लिंकेज की स्थिति, आजीविका गतिविधियों की प्रगति तथा अभिलेख संधारण की स्थिति पर प्रकाश डाला गया। डिब्रीफिंग बैठक में यह स्पष्ट हुआ कि सामुदायिक आधारित निगरानी प्रणाली से संस्थाओं की कार्यक्षमता में सुधार हेतु योजना तैयार किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में गोला प्रखंड के 6 संकुल संगठन तथा चित्तरपुर प्रखंड के 2 संकुल संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही सामुदायिक समन्वयक (CC), I-PRP, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक (SMIB), जिला प्रबंधकझ्रवित्तीय समावेशन (FI) तथा जिला प्रबंधक–M&E एवं MIS ने भी भाग लिया।

## रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी द्वारा नि:शुल्क सिलाई मशीन का किया गया वितरण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी द्वारा मंगलवार को गोलपार, रामगढ़ में सेवा परियोजना के अंतर्गत निःशुल्क सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर क्लब की ओर से शगुफ्ता यास्मीन को स्वरोजगार के उद्देश्य से इंटरलॉक मशीन एवं पिको मशीन प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद महिला को आत्मनिर्भर बनाना एवं उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है।कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन सचिन अग्रवाल एवं विजेता अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। क्लब के सचिव रोहित पंसारी ने बताया कि रोटरी क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी इस प्रकार की जनहितकारी परियोजनाएं चलाता रहेगा।इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष



आदर्श चौधरी ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देना क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे।कार्यक्रम में उपस्थितजनों में पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल एवं निधि चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश: केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस पर प्रेरक संबोधन

**ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, लोहरदगा**

**लोहरदगा:** ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल, लोहरदगा में आज केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की कर व्यवस्था और उसके महत्व से परिचित कराना था।कार्यक्रम की शुरूआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें शिक्षकों ने 24 फरवरी 1944 को लागू हुए केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं नमक अधिनियम, 1944 के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि करों से ही देश में सड़कों, विद्यालयों, अस्पतालों और अन्य जनहितकारी योजनाओं का संचालन होता है। उन्होंने बताया कि भारत में कर




संग्रह और प्रबंधन का कार्य केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा किया जाता है, जो देश की आर्थिक मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।अध्यक्ष महोदय ने विद्यार्थियों को ईमानदार, जिम्मेदार और अनुशासित नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ह्लएक सशक्त राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उसके नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें।ह्वकार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या महोदया ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और राष्ट्रहित में सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम देशभक्ति के नारों और उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

## आई. पी. एम. प्रशिक्षण में किसान सीख रहे हैं उन्नत खेती करना

**लोहरदगा:** भारत सरकार के कृषि एवम किसान कल्याण मंत्रालय के एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची के द्वारा लोहरदगा जिला के अंतर्गत टाटी ग्राम में 35 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा इस किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को कीट व्याधियों के प्रबंधन के लिए आई .पी. एम. तकनीकी से कीटों का प्रबंधन करना सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षण में किसान बीजोपचार,कीट व्याधियों की पहचान करना, फसल में मित्र कीटों की पहचान,आई.पी.एम. के विभिन्न विधियों जैसे व्यहवारिक, यांत्रिक,जैविक विधियों द्वारा फसल सुरक्षा के विषय सीख रहे हैं।साथ ही रासायनिक कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा इनसे होने वाले दुष्प्रभावों के विषय सीख रहे हैं।किसान काफी उत्साह से प्रशिक्षण ले रहें है। टाटी ग्राम में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. गीता एस,सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 3 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट लाइवलिहूड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना (BHGY) के अंतर्गत 3 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ आज दिनांक 24 फरवरी 2026 को प्रखंड सभागार कक्ष, पतरातू में किया गया तथा चितरपुर प्रखंड में फील्ड एक्सपोजर के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा योजना के लाभुकों एवं जेएसएलपीएस की बागवानी सखी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। उक्त उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी को सुदृढ़ करना, उत्पादन में वृद्धि लाना, तथा आम उत्पादन के सामूहिकीकरण(Collectivisation) एवं व्यवस्थित विपणन (Marketing) को बढ़ावा देना




है। प्रशिक्षण के दौरान आम के बागों का वैज्ञानिक प्रबंधन, ग्राफ्टेड पौधों का चयन, गड्ढा निर्माण, पौधरोपण तकनीक, पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन तथा फसल कटाई के बाद प्रबंधन (Post Harvest Management) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी लाभूकों एवं बागवानी सखी को उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष रूप से आम उत्पादकों को सामूहिक/समूह आधारित मॉडल के माध्यम से संगठित कर सामूहिक बिक्री, बाजार से सीधा जुड़ाव, बेहतर मूल्य प्राप्ति एवं बिचौलियों पर निर्भरता कम करने की रणनीति पर चर्चा की जा रही है। एफपीओ/समूह आधारित विपणन, ग्रेडिंग, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी जा रही है, जिससे किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। पतरातू प्रखंड में जिला प्रबंधक (आजीविका) अजय कुमार लाल ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम उत्पादन को संगठित कर बाजार से सीधा जोड़ना समय की आवश्यकता है। इससे किसानों को बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। प्रशिक्षक हिमांशु निगम ने वैज्ञानिक तरीके से आम की खेती एवं सामूहिक विपणन मॉडल पर विस्तार से प्रकाश डाला। आज के कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अतिथियों में श्री अजय कुमार लाल-जिला प्रबंधक (आजीविका) जेएसएलपीएस, हिमांशु निगम प्रशिक्षक-प्रदान, मनरेगा से महेश कुमार एवं विनोद हांसदा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, भोला जी लेखापाल, जेएसएलपीएस से पुरुषोत्तम कुमार सिन्हा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, अभिषेक कुमार वर्मा प्रखंड परियोजना पदाधिकारी, फील्ड थीमैटिक कोऑर्डिनेटर प्रेमचंद कोटवार एवं सुंदर लाल बेदिया, बागवानी लाभुक, रोजगार सेवक एवं बागवानी सखी दीदी उपस्थित रही। पूर्व के दो दिनों तक तकनीकी सत्र, समूह चर्चा, व्यवहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से आम उत्पादन एवं विपणन की विस्तृत रणनीति पर कार्य/प्रशिक्षण किया गया और आज माइल गाँव में फील्ड एक्सपोजर किया गया। यह 3 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम ग्रामीण परिवारों की आय वृद्धि, हरित आवरण विस्तार तथा सामूहिक आजीविका सुदृढ़ीकरण एवं ग्रामीण परिवारों को लखपति योजना से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी।

## राजस्तरीय पारा-शिक्षकों के मामले को टाइगर जयराम महतो ने विधानसभा में उठाया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने एक बार फिर राज्यस्तरीय पारा शिक्षकों के मुद्दे को विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत से ही वे पारा शिक्षक भाइयों के हक और अधिकार की आवाज बुलंद करते रहे हैं। महतो ने बताया कि पिछले सत्र में भी उन्होंने पारा शिक्षकों की समस्याओं को सदन में रखा था। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक और उनके परिवार जिन कठिन परिस्थितियों में संघर्ष कर रहे हैं, उसे उन्होंने बहुत नजदीक से महसूस किया है। उनके कई करीबी साथी भी पारा शिक्षक हैं, जिससे वे इस पीड़ा को भली-भांति समझते हैं।

उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि सरकार अब तक इस गंभीर मुद्दे को संवेदनशीलता से नहीं ले रही है। आज सदन में उनके द्वारा पूछे गए सवाल पर सरकार का जवाब




आया, लेकिन वे उस उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं। महतो ने सरकार से अविलंब पारा शिक्षकों के मामले को देखने, समझने और ठोस समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक पारा शिक्षकों को न्याय नहीं मिलेगा, उनका संघर्ष जारी रहेगा। जेएलकेएम रामगढ़ जिला इकाई टाइगर के द्वारा उठाया गया पारा शिक्षक का मामला का समर्थन करती है ।क्योंकि विद्यालयों में पारा शिक्षक की अहम भूमिका है ।इस पर सरकार को सकारात्मक पहल किया जाना चाहिए ।उक्त जानकारी जेएलकेएम पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी।

## अबुआ दिशोम बजट अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का बजट है: जय प्रकाश शर्मा



झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता जय प्रकाश शर्मा ने 2026- 2027 के बजट को बताया आम जन और गरीबों के लिए हितकारी। हेमंत सोरेन सरकार की ओर से पेश 'अबुआ दिशोम बजट' राज्य के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला है। 1,58,560 रुपए सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को आगे बढ़ाएंगे। ये बजट न केवल वित्तीय आवंटन है, बल्कि राज्य के आर्थिक कायाकल्प और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का एक विस्तृत रोडमैप भी है। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ अलग-अलग विभागों के लिए कई बड़े ऐलान किए गए हैं। इसमें उद्योगों और सड़क निर्माण के लिए भी सरकार ने बड़े ऐलान किए हैं। मंईयां सम्मान योजना के लिए भी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। यह योजना साल2026-27 में भी लागू रहेगी। इसके अलावा अबुआ आवास योजना के साथ पेंशन और किसानों के लिए भी कई पड़े ऐलान किए गए हैं। इस बजट में महिलाओं को और ज्यादा समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए महिला किसान खुशहाली योजना की घोषणा हुई है,कृषि कार्यों में लगी महिलाओं के लिए इस नई योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत उन्हें खेती और बिजनेस के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। जहां देश में लगातार सरकारी स्कूल बड़े पैमाने में बंद किये जा रहे हैं वहीं हेमंत सरकार बच्चों के लिए राज्य में 100 नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने की घोषणा की है।

# झारखंड के बजट में 9 प्रतिशत की उछाल, विकास योजनाओं पर बड़ा दांव, जल संसाधन आय में रिकॉर्ड इजाफा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की तुलना अगर 2025-26 से की जाए, तो यह साफ तौर पर विकास, सामाजिक न्याय और संसाधन आधारित आय बढ़ाने पर केंद्रित नजर आता है. कुल बजट आकार में सरकार ने 9 प्रतिशत की वृद्धि की है. वर्ष 2025-26 में 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट था, जिसे 2026-27 में बढ़ाकर 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये कर दिया गया है. यह बढ़ोतरी राज्य की आर्थिक गतिविधियों को गति देने और नई योजनाओं के विस्तार का संकेत देती है.




**योजना मद पर सरकार का फोकस**

योजना मद पर सरकार का फोकस और मजबूत हुआ है. योजना बजट 91 हजार 741 करोड़ रुपये से बढ़कर 1 लाख 891 करोड़ रुपये हो गया है, यानी लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि. वहीं स्थापना बजट में 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो यह दशार्ती है कि सरकार खर्च और संसाधनों के बीच संतुलन बनाए रखना चाहती है.

**टीएसपी पर 45% की वृद्धि**

इस बजट का सबसे बड़ा आकर्षण ट्राइबल सब-प्लान यानी टीएसपी है. योजना व्यय में टीएसपी के तहत खर्च 30 हजार 259 करोड़ रुपये से बढ़कर 43 हजार 940 करोड़ रुपये कर दिया गया है. करीब 45 प्रतिशत की यह वृद्धि बताती है कि आदिवासी बहुल झारखंड में समावेशी विकास सरकार की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है.

**बाल बजट में 15% की बढ़ोतरी**

सामाजिक क्षेत्रों में भी निरंतर निवेश जारी है. शिक्षा के लिए आवंटन 7 प्रतिशत बढ़ाकर 18 हजार 816 करोड़ रुपये किया गया है, जबकि स्वास्थ्य बजट भी 7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7 हजार 990 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. इसके अलावा बाल बजट में 15 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है, जो बच्चों के पोषण, शिक्षा और संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को मजबूती देगी. जेंडर बजट भी 2026-27 में बढ़कर 34 हजार 211 करोड़ रुपये हो गया है, जो महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर सरकार के बढ़ते फोकस को दशार्ता है.

**खनन से 23 प्रतिशत आय में इजाफा**

राजस्व के मोर्चे पर भी सरकार ने मजबूत आंकड़े पेश किए हैं. कुल राजस्व आय में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. खनन से आय 21 हजार 900 करोड़ रुपये से बढ़कर 27 हजार करोड़ रुपये हो गई है, यानी 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी. उत्पाद से आय में 50 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है. सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा जल संसाधन से आय का रहा, जो 380 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गई है. यह करीब 163 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि है और राज्य के संसाधनों के बेहतर दोहन की ओर इशारा करती है.

**वाणिज्य कर में गिरावट**

हालांकि बजट में कुछ चिंताजनक संकेत भी हैं. वाणिज्य कर से आय में 9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि पेंशन व्यय में 2 प्रतिशत की कमी की गई है, जिसे लेकर भविष्य में राजनीतिक और सामाजिक बहस हो सकती है.

# श्री श्याम फागुन अमृत महोत्सव में श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का किया गया आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** श्री श्याम मित्र मण्डल के रंग रंगीलो श्री श्याम फागन अमृत महोत्सव में आज श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। धनबाद से आए पंकज मोदी एवं पंकज सांवरिया ने भजनों की गंगा बहाते हुए गणेश जी महाराज के चरणों में प्रथम आराधना लगाते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ किया।

**भव्य शोभा यात्रा**

श्री श्याम मित्र मंडल शोभा यात्रा कल मंदिर सेवा सदन पत्र बड़ा तालाब के पास से प्रारंभ होगा। इस शोभा यात्रा की तैयारी भव्य पैमाने पर चल रही है। लक्ष्मी नारायण मंदिर में मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया ने विधि विधान के साथ गणेश पूजन के साथ तैयारी का प्रारंभ करवाया। इसी क्रम में आज मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया महामंत्री गौरव अग्रवाल मंत्री पंकज गाड़ोदिया विष्णु चौधरी उपमंत्री आदित्य लोहिया प्रवीण सिंघानिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल एवं सैकड़ो श्याम सेवकों ने आज ध्वजा निशान बांधकर को स्थापित किया।

निशान धारियों के साथ भव्य यात्रा में राजस्थान की कलाकार सर पर धूप धवन की सिगड़ी लेकर बाबा के रथ के आगे चलेंगे। गुजरात का डांडिया आकर्षण का केंद्र रहेंगे। पुरी यात्रा में शहर की गणमान्य संस्थाएं निशन धारियों का स्वागत पूरे रास्ते करेंगी। श्री राम जय राम जय जय राम श्री राम जय राम राम भजनों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। एक-एक करके सभी राम भक्तों श्याम भक्तों ने अखंड ज्योति में घी गट फल प्रसाद चढ़ा कर आहुति देकर अपने आराध्य बालाजी महाराज के आगे अर्जी लगाई। देर रात्रि आरती के साथ सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा पाठ का सम्मान हुआ। आए हुए सभी भक्तों के बीच आरती के बाद प्रसाद एवं फल का वितरण किया गया। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# सात जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तहत राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह प्रशिक्षण नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में आयोजित हुआ, जिसमें सात जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया. अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में देवघर, धनबाद, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, हजारीबाग और जामताड़ा जिलों के सीएचओ शामिल हुए. प्रशिक्षण का आयोजन आईईसी, सीपीएचसी आम और सामुदायिक उत्प्रेरण कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. प्रशिक्षण का मुख्य विषय व्यवहार परिवर्तन संचार रहा. अधिकारियों को समुदाय के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने की तकनीक सिखाई गई, ताकि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम



व्यक्ति तक पहुंच सके. कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना भी है. कार्यक्रम में मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया. गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने, माताओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने तथा टीकाकरण कवरेज बढ़ाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई. इसके अलावा संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा परिवार नियोजन सेवाओं के विस्तार को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की गई. लोक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. अजीत खलखो ने कहा कि स्वास्थ्य प्रणाली और जनता के बीच की दूरी कम करना हमारा लक्ष्य है. जब सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बेहतर संवाद कौशल के साथ काम करेंगे, तब समुदाय में स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सकारात्मक बदलाव दिखेगा. उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण किशोरों में जीवन कौशल और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होगा. आईईसी के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. राहुल किशोर सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों में उपचार अनुपालन को बेहतर बनाना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत करना है.

# झारखंड का बजट दिशाहीन और गरीब-मध्यम वर्ग विरोधी : सुदेश महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** सुदेश महतो ने झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को दिशाहीन और गरीब व मध्यम वर्ग विरोधी बताया है. उन्होंने कहा कि नए बजट में 10,000 करोड़ रुपये की वृद्धि कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि सरकार पिछले बजट की आवंटित राशि का आधा भी खर्च नहीं कर पाई है. महतो ने कहा कि राज्य सरकार 31 जनवरी 2026 तक विगत बजट की मात्र 50.29 प्रतिशत राशि ही खर्च कर सकी है, जिससे स्पष्ट है कि राज्य में विकास कार्य ठप पड़े हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बजट के माध्यम से छात्रों, युवाओं, आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को छलने का काम किया है. बकाया छात्रवृत्ति और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बजट में कोई ठोस पहल नहीं की गई है. आजसू के केंद्रीय



उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने भी बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को पेंशन वृद्धि, आरक्षण और अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, लेकिन बजट में उनके लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि राज्य की बड़ी आबादी विस्थापन और पलायन की समस्या से जूझ रही है, परंतु बजट में इसका कोई उल्लेख नहीं है. बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दे पर भी सरकार मौन है. वहीं, आजसू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने बजट को आदिवासी, दलित और पिछड़ा विरोधी करार देते हुए कहा कि झामुमोझ्रकांग्रेस गठबंधन की सरकार जनता को गुमराह कर रही है.

# ईडी - रांची पुलिस, सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को ईडी की क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई की. कोर्ट ने रांची पुलिस की जांच पर रोक को जारी रखते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है.

**ईडी ने की है सीबीआई जांच की मांग**

मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में ईडी अधिकारियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई. केस से जुड़े दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. वहीं ईडी अधिकारियों के खिलाफ किसी भी तरह की जांच और कार्रवाई पर भी फिलहाल रोक जारी रहेगी. इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि ईडी के अधिकारियों के द्वारा झारखंड पुलिस की जांच को चुनौती देते हुए संतोष कुमार के द्वारा दर्ज मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई थी. इस मामले में सभी पक्षों की बात सुनने के बाद न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी




की अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है और झारखंड पुलिस के द्वारा जांच पर रोक को आगे विस्तार दिया है.

**क्या है पूरा मामला**

आपको बता दें कि पेयजल विभाग में कथित गड़बड़ी से जुड़े मामले की ईडी जांच कर रही थी. इसी दौरान मामले में आरोपी संतोष कुमार बिना समन के ही ईडी कार्यालय पहुंच गया और अपना बयान दर्ज करवाने की गुजारिश की, लेकिन संतोष ने पूछताछ के दौरान मारपीट का आरोप लगाते हुए रांची के एयरपोर्ट थाने में ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी. रांची पुलिस ने इसकी जांच शुरू की और रांची स्थित ईडी के कार्यालय पहुंच गई. पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर ईडी ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल की थी. ईडी का कहना है कि पुलिस का यह कदम उनकी स्वायत्त जांच में बाधा डाल रहा है. जिसके बाद मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई और न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान रांची पुलिस की जांच पर पूर्ण रोक लगा दी थी.

# झारखंड बजट में कई कमियां : भाकपा माले

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड बजट 2026-27 का भाकपा माले ने स्वागत किया. पार्टी ने कहा है कि वित्त मंत्री के बजट में गंभीर कमजोरियां हैं और यह राज्य की ठोस आर्थिक समस्याओं के प्रति ठंडा रुख अपनाता दिखता है. पार्टी ने कहा कि बजट के आकार में 9 प्रतिशत की वृद्धि अपने-आप में विकास की दिशा तय नहीं करती. भाकपा माले के अनुसार, राज्य जिन बुनियादी आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, उनके समाधान की दिशा में बजट में ठोस पहल का अभाव है. माले ने विशेष रूप से मंईयां सम्मान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें किसी ठोस वृद्धि का जिक्र नहीं है. इससे लाभुक महिलाओं की संख्या में कटौती हो सकती है और नई महिलाओं को योजना में शामिल करने में दिक्कतें बढ़ेंगी. रोजगार के मुद्दे को भी पार्टी ने प्रमुख सवाल



बताया. बयान में कहा गया कि बजट रोजगार सृजन की दिशा में किसी ठोस कदम का संकेत नहीं देता. हालांकि, भाकपा माले ने यह सकारात्मक माना कि वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा राशि में कटौती का मुद्दा उठाया है. पार्टी ने कहा कि मनरेगा को समाप्त कर विबीग्रामजी योजना लागू करने से राज्य पर 5640 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ बढ़ने की बात सामने आई है. साथ ही जीएसटी और अन्य करों में केंद्र सरकार की नीतियों के कारण राज्य को नुकसान होने तथा टैक्स और अनुदान मिलाकर 16,000 करोड़ रुपये की कमी की सच्चाई उजागर की गई है.

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने झारखंड बजट को बताया ऐतिहासिक, कहा- गांवों के विकास की दिशा में मजबूत आधार करेगा तैयार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने आज मंगलवार को झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया. इस वर्ष राज्य का कुल बजट आकार 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है. बजट पेश होने के साथ ही सदन में इस पर चर्चा शुरू हो गई. सरकार ने इसे संतुलित, विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी बजट बताया है. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने बजट भाषण में कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य समावेशी विकास सुनिश्चित करना है, ताकि समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचे. उन्होंने ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की बात कही. बजट में ग्रामीण



सड़कों, सिंचाई, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा और युवाओं के कौशल विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं. झारखंड के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया. उन्होंने कहा कि यह बजट विशेष रूप से ग्रामीण परिवेश को सशक्त बनाने वाला है और गांवों के सर्वांगीण विकास की दिशा में मजबूत आधार तैयार करेगा. दीपिका पांडेय सिंह ने कहा, ह्लयह बजट गांव, गरीब, किसान और महिलाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. इससे ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और आजीविका के अवसर बढ़ेंगे. सरकार की प्राथमिकता है कि विकास की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेह्व. मंत्री ने आगे कहा कि स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण सड़क योजनाओं और आजीविका मिशन को बल मिलने से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे पलायन पर भी रोक लगेगी. झारखंड विधानसभा में पेश इस बजट को लेकर आने वाले दिनों में विस्तृत चर्चा होगी. सरकार का दावा है कि यह बजट झारखंड को आत्मनिर्भर और विकासशील राज्य की दिशा में आगे बढ़ाने वाला साबित होगा.

## सड़क दुर्घटना केस: वकील मनोज टंडन की कार छोड़ने मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई 26 को

**रांची।** एक मामूली सड़क दुर्घटना से जुड़े मामले में अधिवक्ता मनोज टंडन की जब्त कार को रांची सिविल कोर्ट के आदेश के बावजूद डोरंडा थाना द्वारा नहीं छोड़े जाने को लेकर आज एडवोकेटेड एसोसिएशन ने हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में मेंशन किया. सरकार की ओर से बताया गया कि रांची सिविल कोर्ट के जुडिशियल कमिश्नर के समक्ष रांची पुलिस की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन की गाड़ी को छोड़ने के आदेश के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन फाइल की गई है, जिस पर सिविल कोर्ट में कल सुनवाई होनी है. इसे देखते हुए कोर्ट ने कार को छोड़ने के मसले पर सुनवाई की तिथि गुरुवार (26 फरीवरी) को निर्धारित की है. इससे पहले वकील मनोज टंडन का कार छोड़ने वाला मामला में एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा कोर्ट में सुबह 10. 30 मेंशन किया गया था. कोर्ट ने उनसे कहा था कि अगर दोपहर 1 बजे कार नहीं छूटती है इसे आज कोर्ट में रखे. कोर्ट को बताया गया था कि डोरंडा थाना में घंटों इंतजार करने के बाद और सिविल कोर्ट के आदेश के बाद भी उनकी गाड़ी नहीं छोड़ी. बता दें कि बीते दिनों हाई कोर्ट ने मनोज टंडन की याचिका पर सुनवाई करते हुए डोरंडा थाने में दर्ज दोनों एफआईआर की आगे की जांच और कार्यवाही पर रोक लगाई है.

# पहली बार पंडरा के बजाए ट्रांसपोर्ट नगर में मतगणना, चप्पे-चप्पे पर पुलिस व सीसीटीवी



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची के 53 वार्डों और बुंडु नगर पालिका चुनाव का मतगणना 27 फरवरी को होने वाला है. इस बार पंडरा के बजाए ट्रांसपोर्ट नगर में मतगणना कार्य होगा. इसे लेकर जिला प्रशासन ने ट्रांसपोर्ट नगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है. चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सीसीटीवी से लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है. प्रत्याशी और एजेंट के वज्र सीसीटीवी लाइव कक्ष बनाए गए हैं. जहां तीन एलसीडी रखा गया है. यहां से प्रत्याशी और एजेंट सीधे स्ट्रॉन्ग रूम का लाइव देख सकते हैं. लेकिन फिलहाल तीनों एलसीडी डिस्प्ले बंद है. जिला प्रशासन की ओर से बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में सभी बैलेट बॉक्स सुरक्षित रखे गये हैं. इस स्थान को देखने के लिए लगातार प्रत्याशी और एजेंट का आना-जाना लगा हुआ है. पुलिस रजिस्टर में प्रत्याशी के नाम और वार्ड एजेंट का नाम लिखा जा रहा है. पहली बार पंडरा के बजाए मतगणना केंद्र ट्रांसपोर्ट नगर को बनाया गया है. जिसे लेकर प्रत्याशियों ने बताया कि ये पंडरा से बेहतर मतगणना केंद्र है. क्योंकि यहां पार्किंग की व्यवस्था बेहतर है और साथ ही इलाका भी शांत है.

# अबुआ आवास से पक्की छत, अबुआ दवाखाना से सेहत: झारखंड बजट में आदिवासियों के लिए भी रहा खास

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड विधानसभा से वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने अबुआ बजट 2026-27 पेश कर दिया है. बजट में हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है. खासकर जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास पर. बजट में आदिवासी समाज के लिए स्वशासन, शिक्षा, आजीविका, संस्कृति, स्वास्थ्य और आवास जैसे क्षेत्रों में तमाम क्षेत्र में कई जरूरी प्रावधान किये गये हैं.

**पेसा कानून को लागू करना सबसे बड़ा फैसला**

बजट का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून को लागू करना है. 2 जनवरी 2026 से यह कानून प्रभावी चुका है.



इसके तहत ग्राम सभा को बालू घाट प्रबंधन, हाट-बाजार संचालन, लाभुक चयन और स्थानीय संसाधनों से जुड़े फैसले लेने का अधिकार मिलेगा. इससे आदिवासी क्षेत्रों में स्वशासन को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की परंपरा को बढ़ावा मिलेगा.

**पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना**

जनजातीय शिक्षा को नई दिशा देने के लिए गालूडीह-घाटशिला, जमशेदपुर क्षेत्र में पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान किया गया है. इस विश्वविद्यालय में आदिवासी भाषा, संस्कृति, इतिहास और समाज से जुड़े विषयों पर अध्ययन और शोध होगा, जिससे जनजातीय युवाओं को अपनी पहचान के साथ उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा.

**जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना को मिला विस्तार**

छात्रों के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का विस्तार किया गया है. अब इसमें एससी के साथ एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्र भी शामिल होंगे. चयनित छात्रों की संख्या 24 से बढ़ाकर 50 कर दी गयी है. वहीं एससी, एसटी और ओबीसी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए कुल 1,216 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.

**वन आधारित आजीविका को मजबूत करने के लिए उठाया गया बड़ा कदम**

वन आधारित आजीविका को मजबूत करने के लिए लघु वन उत्पादों जैसे तेंदूपत्ता, महुआ और लाह पर विशेष फोकस किया गया है. पलामू स्थित कुंदरी लाह फार्म का जीर्णोद्धार किया जायेगा. उअटढअ और मुख्यमंत्री जन-वन योजना के तहत वैल्यू-चेन विकसित कर आदिवासी परिवारों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा. आवास और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अबुआ आवास योजना के तहत गरीब आदिवासी परिवारों को 2 लाख रुपये का पक्का घर दिया जा रहा है. मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के लिए 3,517.23 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है. स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 750 अबुआ दवाखाना खोलने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 7,990.30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.

# राष्ट्रपति के दौरे को लेकर 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित, रांची एयरपोर्ट पर ड्रोन-पैराग्लाइडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** राजधानी रांची में 26 फरवरी को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन और प्रस्थान प्रस्तावित है. इस उच्चस्तरीय कार्यक्रम की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की पूरी परिधि को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया गया है. राष्ट्रपति अपने एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं जहां भी जमशेदपुर में एक कार्यक्रम में भाग लेंगी.

**आदेश जारी**

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे को लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी (सदर), रांची ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए




ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून जैसे सभी मानवरहित या हल्के विमानों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है. जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति संख्या-128/2026 में विस्तार से जानकारी दी गई है. इसमें कहा गया है कि उक्त क्षेत्र में तथा उसके ऊपर इन गतिविधियों का संचालन पूरी तरह निषिद्ध रहेगा. निषेधाज्ञा 26 फरवरी को प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक लागू रहेगी. यह कदम राष्ट्रपति के दौरे के दौरान किसी भी संभावित हवाई खतरे को रोका जाना सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है.

**अलर्ट जारी**

वहीं दूसरी तरफ रांची पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं. एयरपोर्ट परिधि में नो फ्लाइंग जोन के अलावा अन्य सुरक्षा उपाय भी सख्ती से लागू किए जा रहे हैं. जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रतिबंध का पालन करें और किसी भी प्रकार की उल्लंघन से बचें.

# पीडीएस व्यवस्था की समीक्षा बैठक, ई केवाईसी व आयुष्मान कार्ड निर्माण पर जोर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बरहरवा/साहिबगंज।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में सभी पीडीएस विक्रेताओं को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पीडीएस विक्रेता ई केवाईसी की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करें, ताकि लाभुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी पूर्ण होने से राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और पात्र लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित होगा। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने विक्रेताओं से अपेक्षा की कि वे लाभुकों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करें। प्रशासन ने दोहराया कि स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने निर्धारित समय - सीमा के भीतर शत - प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विक्रेताओं को समय पर वितरण, रिकॉर्ड संधारण एवं शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक में गोदाम प्रभारी, डीएसडी, ऑपरेटर, तकनीशियन सहित सभी पीडीएस विक्रेता उपस्थित रहे। इस दौरान मशीन संचालन, नेटवर्क समस्या, लाभुक सत्यापन तथा तकनीकी पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि सभी विक्रेता प्रशासन के निदेशों का पालन करते हुए वितरण प्रणाली को और अधिक सुचारू, पारदर्शी एवं लाभुक - केंद्रित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## एक बालक को सांप ने काटा,अनुमंडलीय अस्पताल में कराया भर्ती



**राजमहल/साहिबगंज।**प्रखंड अंतर्गत कन्हैया स्थान में मंगलवार को एक बालक को सांप ने डस लिया। इलाज के लिए उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया स्थान निवासी आनंद मंगल के पुत्र शिव कुमार (13) को घर के नजदीक मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान एक सांप ने उसे डस लिया। लोगों ने परिजनों को सूचना दी। इधर अस्पताल लाने के बाद चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के क्रम में उसे एंटी वेनम का डोज दिया और बालक को अगले 24 घंटे तक चिकित्सीय निगरानी में रखने की सलाह दी। बालक की स्थिति स्थिर बनी हुई थी।

## हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा





**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।**सदर प्रखंड स्थित महादेवगंज जागरूचौकी स्थित गौशाला के जजमान परिवार रामगोपाल यादव उनकी धर्म पत्नी जीरिया देवी के आवास पर नव निर्माण शिवपरिवार सह हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 पंच तेरह भाई त्यागी महामंडलेश्वर श्री बृजमोहन दास जी महाराज का आगमन हुआ। उनके साथ महामंडेश्वर राम बालक दास जी महाराज,महामंडलेश्वर सुदामा दास जी महाराज,महंडलेश्वर धर्म दास जी महाराज,महामंडलेश्वर महावीर दास जी महाराज श्री अयोध्या धाम खाक चौक उत्तरप्रदेश से पधारे,इस पावन अवसर पूरी बनारस के पुरोहित द्वारा मंत्रों उच्चारण विधि विधान से पूजा स्थानीय पत्थर घाट मां गंगा से जल भर 251 मातृशक्ति,कन्या द्वारा कलश यात्रा में शामिल हुई।इस अवसर पर पप्पू यादव, बबन यादव,माखनलाल यादव,अनुराग राहुल,श्री कृष्ण जी महाराज शांति कुंज हरिद्वार कमलेश यादव निर्मल यादव, सुनील कुमार सिंहा विजय पासवान, बिनोद कुमार बौद्ध,संतोष यादव बोला भगवान,सियाराम यादव,बिगुल यादव, संजय ब्यास,ब्रह्मदेव यादव सहित कई भक्त जन मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन ने एक वृद्ध को टक्कर मारकर हुआ फरार,वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज।**जिरवाबाडी थाना क्षेत्र में अज्ञात किसी वाहन ने एक वृद्ध को टक्कर मारकर फरार हो गया टक्कर लगने से वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को पुत्र ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. बताया जा रहा है कि बड़ा तौफिर मदनशाही गांव निवासी सायबू हेंब्रम (71) है. घायल सायबू हेंब्रम के पुत्र जोहन हेंब्रम ने बताया कि अपने पिता के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर प्रज्ञा केंद्र लोहंडा गए थे. पिता को बोले की आप प्रज्ञा केंद्र में बैठिए. कुछ देर बाद पिता रोड पर निकल गया बिना मुझे बताएं और किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया टक्कर लगने से पिता के पैर फैक्चर हो गए बरहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया गया डॉक्टर ने प्राथमिक की उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में कक्षा दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा प्रांगण में सीबीएसई के निदेर्शानुसार माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व में कक्षा दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। परीक्षा जीवन की एक अहम कसौटी होती है, जो हमारे ज्ञान तथा मेहनत को परखती है। यह केवल अंक पाने का जरिया नहीं, बल्कि हमारे व्यक्तित्व को निखारने का अवसर भी प्रदान करती है। परीक्षा की उपयोगिता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे हमारी अध्ययन की आदतें मजबूत होती हैं और आत्म-नियंत्रण तथा अनुशासन की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों के इस कठिन समय में प्राचार्य महोदय के साथ-साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया गया तथा गलत साधनों के प्रयोग के दुष्परिणामों से अवगत करवाया गया। प्राचार्य महोदय (केंद्र अधीक्षक) के अंतर्गत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा 17 फरवरी से परीक्षाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा रहा है तथा 8 अप्रैल को यह समाप्त होगा। बोर्ड परीक्षाओं में केंद्रीय विद्यालय, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय तथा सेंचुरी फॉर एजुकेशनल नर्चर विद्यालय से कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 310 विद्यार्थी तथा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 209 विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। गणित व अंग्रेजी की परीक्षा देने के उपरांत विद्यार्थियों के चेहरे पर संतोष तथा खुशी नजर आई।

## केंद्रीय फंड का बहाना बनाकर सरकार छिपा रही विफलता : कोड़ा





**पश्चिमी सिंहभूम।** राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए बजट को निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्रीय फंड नहीं मिलने का बहाना बना रही है। मधु कोड़ा ने कहा कि बजट में ग्रामीण विकास के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान नहीं किया गया है और अधूरी पड़ी योजनाओं को पूरा करने की कोई ठोस योजना नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, पुल-पुलिया और सिंचाई योजनाएं अधूरी हैं, जबकि पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उनके अनुसार यह बजट विकास का दस्तावेज नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी को दशार्ता है। वहीं गीता कोड़ा ने कहा कि महिला, विधवा, युवाओं और आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बजट में कोई ठोस पहल नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि बजट में स्वरोजगार, कौशल विकास और स्थायी आजीविका के लिए स्पष्ट योजना का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि सहायता राशि के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य ठप हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि सरकार को बहानेबाजी छोड़कर जिम्मेदारी लेनी चाहिए और ग्रामीण विकास, रोजगार, कृषि, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के लिए स्पष्ट कार्ययोजना के साथ पर्याप्त बजट का प्रावधान करना था।

## घर के छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल, सदर अस्पताल में भर्ती



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र में मजदूरी के काम करने के दौरान मंगलवार को घर के छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल हो गए दोनों मजदूर घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. बताया जा रहा है कि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति नगर घोगी निवासी राजेश कुमार मंडल (19) व वकील कुमार मंडल (23) है. दोनों मजदूर नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार तालाब स्कूल के निकट एक घर में काम कर रहा था. काम करने के दौरान अचानक घर के छज्जा गिरने से दोनों मजदूर घायल हो गया आगे घायल मजदूर वकील कुमार मंडल ने बताया कि घर के छज्जा तोड़ रहे थे छज्जा पुराना था. अचानक दोनों के शरीर में छज्जा टूटकर गिर गया. घर में चार दिनों से काम कर रहा था. बरहाल दोनों घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में किया गया।

# झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सौजन्य से योजना हमारी, प्रगति हमारी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) बरहरवा के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2026झ्र27 के लिए नव - चयनित रिसोड़ मॉडल संकुल संघ के कार्यकारिणी सदस्यों का एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम बरहरवा के पुराना पतना पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम बीपीएम फैज आलम की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य ह्लयोजना हमारी, प्रगति हमारीह्व अभियान के माध्यम से सहभागी योजना निर्माण को बढ़ावा देना तथा क्लस्टर स्तरीय संघों को सशक्त बनाना था।



इस अवसर पर बीपीएम फैज आलम ने कहा कि विजनिंग, वार्षिक कार्ययोजना एवं व्यवसाय विकास योजना, संकुल स्तरीय संघों को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि यह अभियान रणनीतिक दिशा निर्धारण के साथ - साथ भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के प्रति मॉडल संकुल संघ की तैयारी को सुदृढ़ करने का प्रयास है।प्रशिक्षक बीएपी पवन कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि योजनाएँ ग्राम संगठन स्तर पर सदस्यों द्वारा तैयार की जाएंगी। इसके बाद उन्हें समेकित कर संकुल स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक दाऊद टुडू, पीआरपी रुंजेला खातून, लेखापाल मर्शी मुर्मू सहित अन्य संबंधित कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योजना निर्माण प्रक्रिया को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## गायत्री शक्तिपीठ में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज।** शहर के चौधरी कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए नव पदस्थापित उप जोन समन्वयक इंजीनियर अनिल कुमार ने कहा कि महामंत्र जितने जग माही कोऊ गायत्री सम नाही अर्थात हमारे वेद पुराणों में वर्णन है कि गायत्री महामंत्र सर्वशक्तिमान है जिसके जपने से हमारे अंदर आत्म शक्ति का विस्तार होता है। इसलिए सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को गायत्री महामंत्र जपना चाहिए। ये बातें कही।बताया गया कि शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा साहिबगंज उप जोन में पद स्थापित समन्वयक श्याम नंदन सिंह का स्थानांतरण बोकारो कर दिया गया है तथा उनके स्थान पर इंजीनियर अनिल कुमार को पदस्थापित किया गया है।विदाई समारोह की शुरूआत समन्वयक श्याम नंदन सिंह,अनिल कुमार,कमलकांत मंडल और वीरेंद्र कुमार चौधरी ने सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया। निवर्तमान समन्वयक श्याम नंदन सिंह को गायत्री मंत्र दुपट्टा पहनाकर तथा अंग वस्त्र सौंप कर उन्हें सम्मानित किया गया।सभी उपस्थित परिजनों ने उन्हें तिलक लगाकर तथा पुष्पांजलि देकर उनके मंगलमय तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।निवेदन किया गया की साहिबगंज और पाकुड़ जिला में अपना आशीर्वाद अगले दिनों की बनाए रखेंगे।मौके पर की समन्वयक श्याम नंदन सिंह ने शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।मौके पर बोरियो से महादेव ठाकुर,,राजमहल से सुबल कुमार शाह,बरहरवा से संजय भगत, मिजाचौकी से इना देवी,राज किशोर राय,वीरेंद्र कुमार चौधरी हरिहर प्रसाद मंडल, सत्यदेव प्रसाद सिंह ,शिवशंकर निराला,सरिता पोद्दार ,निभा देवी ,मधु कुमारी ,प्रियंका सोनी,अनीता देवी,रेखा देवी,संगीता कुमारी आदि मौजूद थे।

## 5 साल से जर्जर मरगंग पुल, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें,क्षतिग्रस्त पुल से खतरा, निर्माण की मांग तेज



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।**युवा कांग्रेस राजमहल विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कौसर आलम ने उपायुक्त साहिबगंज को पत्र लिख कहा कि सदर प्रखंड अंतर्गत लालबधानी गांव को साहिबगंज से जोड़ने वाले एकमात्र सड़क जो बलुआ दियारा और किसन प्रसाद के बीच बने मरगंग पुल लगभग पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त है।श्री आलम ने कहा कि 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक जिला प्रशासन की ओर से ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने अभी तक क्षतिग्रस्त पुल का कोई निदान नहीं निकाला है।वही पुल पर बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि इस पुल से मालवाहक गाड़ी पांच साल से बंद है।वही इस क्षतिग्रस्त पुल के पूरब साइड से डायवर्सन का निर्माण कर बड़ी गाड़ी को पार किया जाता है।वही बरसात के मौसम में लगभग तीन से चार महीना मालवाहक गाड़ी का रास्ता बंद हो जाता है,आसपास गांव वाले को आने-जाने में बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है,वही युवा कांग्रेस के राजमहल विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कौसर आलम ने साहिबगंज उपायुक्त से क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग



**पूर्वी सिंहभूम।** जिला में 26 फरवरी 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित जमशेदपुर आगमन को लेकर मंगलवार को जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय की संयुक्त अध्यक्षता में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि राष्ट्रपति का दौरा अत्यंत संवेदनशील और गरिमामय अवसर है, ऐसे में सभी अधिकारी और कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण अनुशासन, समन्वय और जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा, प्रोटोकॉल, समय प्रबंधन और आपसी तालमेल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम स्थल, संभावित रूट लाइन, हवाई अड्डा एवं हेलिपैड, आवासीय स्थल, सभा स्थल, पार्किंग व्यवस्था तथा आपातकालीन प्रबंधन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समय से पूर्व सभी तैयारियां पूरी कर अंतिम निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर विधि-व्यवस्था चाक-चौबंद रहनी चाहिए। उन्होंने रूट लाइन क्लियरेंस, एंटी-सबोटाज जांच, सीसीटीवी निगरानी, ट्रैफिक कंट्रोल, रूट डायवर्जन, पास निर्गमन व्यवस्था और खुफिया सूचनाओं के समुचित विश्लेषण पर विशेष जोर दिया।

## मिजाचौकी स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा यात्रियों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**मंडरो/साहिबगंज।** मालदा रेलवे मंडल के मिजाचौकी स्टेशन मे ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्री को मिशन जीवन रक्षा को लेकर आरपीएफ स्टाफ के द्वारा जागरूक अभियान चलाया गया।वहीं मिजाचौकी स्टेशन में यात्री से आरपीएफ के रणवीर कुमार यादव, पशुपतिनाथ उपाध्याय एवं एस किशोर ने समझाते हुए बताया कि समय से पूर्व स्टेशन पहुंचे और चलती ट्रेन में कभी ना चढ़े, ट्रेन में पत्थर बाजी नहीं करें इससे ट्रेन में बैठे हुए यात्री घायल हो सकते हैं,एवं रेलवे संपत्ति का नुकसान होता है,जबकि पकड़े जाने पर उस पर न्याय संगत कानूनी कार्रवाई भी की जाती है,बताया कि चलती ट्रेन में या रेलवे लाइन के किनारे खड़े हो कर मोबाइल से सेल्फी ना लें, रेलवे लाइन पार करते समय कान में मोबाइल का इस्तेमाल न करें ना एयर फोन का इस्तेमाल करें। रेलवे परिसर में एक नम्बर प्लेटफॉर्म से दो नम्बर प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए पैदल पुल से ही आए, रेलवे लाइन के पास कूड़ा करकट ना फेकें और नहीं रेलवे लाइन के पास गंदगी फैलाएं। यात्रा करते समय सहयात्री के द्वारा कोई भी चीज देने पर नहीं खाएं एवं खाने की चीज ना दे इससे आपका जान माल का खतरा हो सकता है, एवं रेलवे परिसर को हमेशा साफ सुथरा रखें। मौके पर आरपीएफ स्टाफ रणवीर कुमार यादव,पशुपति उपाध्याय एवं एस किशोर सहित कई यात्री रेलवे के द्वारा चलाए जा रहे मिशन जीवन रक्षा के जागरूकता अभियान में शामिल थे।

# पेट्रोल पंप के पास फोर व्हीलर वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल,एक युवक रेफर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।** जिले में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है.आए दिन सड़क दुर्घटना में कई लोग घायल हो जाते हैं तो कई लोगों की मौत हो जाती है. ताजा मामला जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की शाम फोर व्हीलर वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक युवक को डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया बताया जा रहा है कि मदनशही गांव निवासी जाकिर अंसारी का पुत्र सरजहां अंसारी(18) को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जबकि मदनशाही के ही अलीम अंसारी



का पुत्र सलीम अंसारी का इलाज सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। घायल सलीम अंसारी ने बताया कि वे दोनों बाइक से साहिबगंज से सब्जी लेकर मदनशाही जा रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास सामने से फोर व्हीलर ने धक्का मार दिया इधर घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायल से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

# पलामू पुलिस की बड़ी सफलता :10 वर्षों से लापता युवक को पुलिस की विशेष टीम ने कोलकाता- बांग्लादेश बॉर्डर से सकुशल बरामद किया

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**पलामू** :पुलिस की कोशिश में 10 वर्षों से लापता युवक को पुलिस की विशेष टीम ने कोलकाता-बांग्लादेश बॉर्डर से सकुशल एक युवक को साउथ 24 परगना से बरामद किया गया।उक्त मामले में पलामू पुलिस ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक- 18/12/2025 को छत्तरपुर थाना अंतर्गत ग्राम-काला पहाड़ निवासी मंगल परहिया, पिता-काली परहिया ने आवेदन दिया कि उनका पुत्र, मंदीस परहिया, करीब 10 वर्ष पूर्व काम की तलाश में घर से निकला था। अनेक प्रयासों के बावजूद उसका कोई अता-पता नहीं चल सका और न ही परिवार का उससे कोई संपर्क हो पाया। मामले की गंभीरता और पीड़ित परिवार के दर्द को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदया, पलामू द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। युवक की खोजबीन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम एस आई टी का गठन किया गया। इस टीम में थाना प्रभारी, कांड के अनुसंधानकर्ता एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों को शामिल कर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि युवक को हर हाल में सकुशल ढूंढ निकाला जाए। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने मानवीय सूचना तंत्र और तकनीकी सहायता का सहारा लिया गया। तकनीकी विश्लेषण से यह महत्वपूर्ण सुराग मिला कि मंदीस परहिया वर्तमान में पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित बांग्लादेश बॉडर के आसपास किसी क्षेत्र में मौजूद है। उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारियों के आदेशानुसार, अनुसंधानकर्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल कोलकाता रवाना हुई। स्थानीय इनपुट और निरंतर प्रयास के बाद टीम ने मंदीस परहिया को सफलतापूर्वक खोज निकाला और उसे वापस पलामू लाया गया। 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अपने बेटे को जीवित और सकुशल सामने देख पिता मंगल परहिया और पूरे परिवार की आखों में खुशी के आसू छलक पड़े। उन्होंने पलामू पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया है।

**गठित विशेष टीम –**

अवध कुमार यादव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर, प्रशांत प्रसाद थाना प्रभारी छतरपुर, अनुसंधानकर्ता धर्मवीर कुमार यादव छतरपुर थाना सशस्त्र बल इस दौरान शामिल रहें।

## डाक अधीक्षक ने की प्रधान डाकघर, रामगढ़ के डाक कर्मियों के साथ बैठक




**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित प्रधान डाकघर में मंगलवार को हजारीबाग डिवीजन के नव पदस्थापित डाक अधीक्षक निरंजन कुमार पहुंचे। यहां सर्व प्रथम डाक अधीक्षक का स्वागत पोस्टमास्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने किया। इसके बाद उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर डाक विभाग की सेवाओं को सभी डाकघरों में डाक विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर बड़े स्तर पर बचत खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, आवर्ती खाता, एमआईएस खाता, वरिष्ट नागरिक बचत योजना, भविष्य निधि योजना आदि योजनाओं को खोलना का निर्देश दिया। डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग की सेवा जन सेवा का काम करती है, इसलिए हम सभी डाक कर्मचारियों का कर्तव्य बनता है कि हम अपनी सभी सेवाएं को सेवा के रूप में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले के डाक विभाग के लाभुक बहुत ही जागरूक हैं, उन्होंने आग्रह किया हमारे डाक विभाग की डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, योजना सभी बीमा योजनाओं से बेहतर है। जिसमें कम प्रीमियम लेकर अधिक बोनस दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिटिया के भविष्य के लिए प्रधानमंत्री ने सुकन्या समृद्धि योजना लाया है उसी प्रकार बेटों के भविष्य के लिए पीपीएफ खाता खोला जा सकता है और अधिक ब्याज प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सहयोग की भावना से कार्य स्थल पर काम करने की सलाह दी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डाक निरीक्षक आशीष कुमार पांडे, पोस्टमास्टर मनोज कुमार, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय, नरेंद्र कुमार सिंह, रामखेलावन चौधरी, अरुण कुमार, चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रीमती शकुंतला देवी का निधन



**सिंदरी /धनबाद।** प्रख्यात समाजसेवी परिवार की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती शकुंतला देवी (90 वर्ष) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया।वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय शकुंतला देवी प्रमोद गोयल और विनोद गोयल की माता थी ।अपने पीछे हुए भरा पूरा परिवार छोड़ गई है,इसमें पुत्र प्रमोद गोयल विनोद गोयल ,बहुएं ,तीन बेटियां ,पोते-पोती एवं नाती- नातिन शामिल हैं। शोक संतप्त परिवार के प्रति क्षेत्रवासियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## फैसला अदालत का: एक महिला समेत चार को 10-10 साल तक सश्रम कारावास व 3.50 लाख जुमार्ना



**पाकुड़।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को गांजा तस्करी के मामले में दोषी पाकर एक महिला समेत चार लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत दो लोगों को 10-10 साल एवं एक को 8 साल और चौथे को 7 साल की कठोर सजा तथा कुल 3.50 लाख रुपया जुमार्ना करने की सजा सुनाई। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो को एक-एक साल, तीसरे को आठ माह एवं चौथे को सात माह अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा। 10 साल सजा पाने वालों में सेंटू कुमार यादव 27 पिता सुरेश यादव ग्राम झामर थाना पीरपैंती और शेख गुरफान 34 पिता शेख यूनिश पीरपैंती बाजार के निवासी हैं। न्यायालय ने इन दोनों को दस दस साल सश्रम कारावास एवं 1- 1लाख रुपया जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 1 साल जेल में रहना पड़ेगा। 8 माह की सजा पाने वाले 30 वर्षीय मोहम्मद हनीफ शेरमारी बाजार व थाना पीरपैंती के शेख जब्बार के बेटा है। उसे 80000 रुपया जुमार्ना किया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त आठ माह जेल में ही रहना पड़ेगा। गोद में बच्चे के साथ पकड़े गए 27 वर्षीय शोभा कुमारी को 5 साल की सजा 70 हजार रुपया जुमार्ना की गई है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 7 माह तक जेल में ही रहना पड़ेगा। पाकुड़ की पुलिस ने इन चारों से कुल 13 किलोग्राम गांजा बरामद की है। घटना 19 दिसंबर 2022 की सुबह करीब 8:30 की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन से कुछ लोग गांजा लेकर पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर उतरेंगे। गांजा तस्करों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए पुलिस ने रेलवे स्टेशन के अलावा इसके आसपास के रास्तों में पुलिस तैनात कर दी गई थी। ट्रेन के रुकने के बाद तीन पुरुष और एक महिला ट्रेन से उतरकर माल गोदाम रोड की ओर जाने लगे। उसी समय पुलिस ने इन चारों को रोक कर उनके झोलों की तलाशी । तलाशी के दौरान दो लोगों के पास से चार-चार किलोग्राम, एक के पास से 3 किलो और चौथे के पास से 2 किलोग्राम गांजा पुलिस ने बरामद की थी।

## एटीएम में यदि कार्ड फंसे तो अज्ञात नंबर पर नहीं करें कॉल



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

रामगढ़। साइबर ठग और एटीएम गिरोह से बचने के लिए रामगढ़ पुलिस ने एक मुहिम चलाई है। इस मुहिम के अंतर्गत रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडे ने शहर के विभिन्न एटीएम मशीनों पर एटीएम गिरोह से बचने के लिए इश्तहार चिपकाया है। इसमें, आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी कार्ड धारक, खाता धारक का एटीएम कार्ड यदि मशीन में फंसता है तो एटीएम के अंदर चिपकाए गए या लिखें किसी भी मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं करें, एटीएम कार्ड मशीन के अंदर फंसने पर तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पर कॉल करें या स्थानीय पुलिस को दें। पुलिस के आने तक एटीएम के पास ही खड़े रहकर इंतजार करें, ताकि आपका एटीएम कार्ड का दुरुपयोग ना हो।

## राज्य का बजट समावेशी और जनकल्याणकारी, हर वर्ग की खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होगा: चंद्रदेव महतो

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बलियापुर/धनबाद।** सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए वार्षिक बजट की सराहना करते हुए इसे विकासोन्मुख और ऐतिहासिक बताया है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा सदन में प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक श्री महतो ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक समृद्धि पहुँचाने का एक संकल्प पत्र है। विधायक ने बजट की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए निम्नलिखित बिंदुओं **को रेखांकित किया:**

महिला एवं किसान सशक्तिकरण: 'महिला किसान खुशहाली योजना' की शुरूआत एक क्रांतिकारी कदम है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का नया मंच मिलेगा।

**शिक्षा पर विशेष ध्यान:** माध्यमिक शिक्षा के लिए आवंटित विशेष बजट और संसाधनों पर जोर देने से राज्य के युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा।

**सामाजिक सुरक्षा:** 'मईयां सम्मान योजना' और महिला बाल विकास के लिए किए गए प्रावधान राज्य सरकार की संवेदनशील सोच को दशार्ते हैं।

**मजबूत पंचायत राज:** पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदम लोकतंत्र की जड़ों को और गहरा करेंगे।

**विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा:** ₹यह बजट समावेशी है जिसमें गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। यह राज्य को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला बजट है।

## युवती ने फंदे से झूलकर की खुदकुशी

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के कांकी गांव निवासी सनिका मुंडा की 19 वर्षीय पुत्री कुंवारी कन्हाई ने मंगलवार को गांव में ही एक करंज पेड़ पर दुपट्टा से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना खूंटी थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। समाचार लिखे जाने तक खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## माल पहाड़ी में अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, तीन ओवरलोड ट्रैक्टर व एक हाईवा जब्त

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़:**माल पहाड़ी क्षेत्र में अवैध परिवहन के खिलाफ माल पहाड़ी ओपी थाना प्रभारी की मुहिम लगातार जारी है। पुलिस की सख्ती के बावजूद क्षेत्र में अवैध पत्थर परिवहन का सिलसिला पूरी तरह थम नहीं रहा है। हालांकि, थाना प्रभारी द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।माल पहाड़ी ओपी प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि उनके क्षेत्र में किसी भी सूरत में अवैध परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व में भी कई बार छापेमारी कर अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को जब्त किया जा चुका है। पुलिस की इस सख्त रुख से यह साफ संकेत मिल रहा है कि पत्थर माफियाओं के खिलाफ प्रशासनिक शिकंजा लगातार कसता जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को भी थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार बाहिर ग्राम मोड़ के पास जांच अभियान चलाया गया, जहां बिना चालान अवैध रूप से खनिज परिवहन करते तीन ओवरलोड ट्रैक्टर एवं एक हाईवा (WB 93C 9511) को पकड़ा गया। सभी वाहनों को जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी, पाकुड़ को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। खनन विभाग द्वारा जांचोपरांत नियमानुसार जुमार्ना एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह लगातार कार्रवाई होती रही तो अवैध कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा।

## यूनियन ने बुकिंग काउंटर लगाने के लिए सीईओ को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़।** आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष नीरज मंडल के नेतृत्व में मंगलवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वे लोग बिरसा मुंडा न्यू बस स्टैंड में एजेंट और सहायक एजेंट के रूप में कार्यरत हैं और पिछले कई वर्षों से अपना जीवन यापन बस बुकिंग करके करते आ रहे हैं। साथ ही कहा कि वे सभी छावनी परिषद को बसों के शुल्क के माध्यम से राजस्व की प्राप्ति भी करा रहे हैं। लेकिन कुछ दिन पूर्व छावनी परिषद के कर्मचारियों की ओर से नवनिर्मित बिल्डिंग में सीमांकन कराकर सभी को वहां शिफ्ट करने की बात कही जा रही है। इससे असमंजस की स्थिति पैदा हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वे चाहते हैं कि छावनी परिषद बुकिंग काउंटर को एक निश्चित जगह आवंटित करे। सभी लोग को निश्चित स्थान में काउंटर लगाने के लिए शुल्क भी देने को तैयार हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि यदि वे बस के चालकों और यात्रियों को सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाएंगे तो आने वाले समय में रामगढ़ बस स्टैंड के अंदर बसों का परिचालन बंद हो जाएगा, जिसकी क्षति हम सभी एजेंट के साथ-साथ छावनी परिषद को भी राजस्व का नुकसान होगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष नीरज मंडल, सचिव रिंकू खान, संगठन सचिव रंजीत जायसवाल, उपाध्यक्ष बलराम यादव, उपाध्यक्ष टिंकल सिंह शामिल थे।

## सारंडा वन क्षेत्र को लेकर सरकार असमंजस में, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मांगा स्पष्टीकरण : सरयू राय



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार सारंडा वन प्रमंडल के 314.68 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को वन्यप्राणी आश्रयणी घोषित करने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के 13 नवम्बर 2025 के आदेश को सीधे लागू करने के बजाय समीक्षा याचिका के माध्यम से स्पष्टीकरण मांग रही है। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को बताया कि यह जानकारी उन्हें झारखंड विधानसभा में उनके तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर के माध्यम से प्राप्त हुई। वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने अपने जवाब में स्वीकार किया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सारंडा वन प्रमंडल के 314.6825 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से छह कंपार्टमेंट को छोड़कर शेष क्षेत्र को तीन माह के भीतर वन्यप्राणी आश्रयणी घोषित करने का निर्देश दिया था। न्यायालय द्वारा निर्धारित तीन माह की अवधि 12 फरवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है, लेकिन अब तक राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। विधानसभा में सरयू राय ने सरकार से स्पष्ट रूप से पूछा था कि क्या राज्य सरकार संबंधित क्षेत्र को वन्यप्राणी अभयारण्य घोषित करने के पक्ष में है या नहीं। इसके उत्तर में सरकार ने कहा कि आदेश को हू-ब-हू लागू करने के स्थान पर सर्वोच्च न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर की गई है। हालांकि, याचिका किस तिथि को दायर की गई और क्या उसे न्यायालय द्वारा स्वीकार किया गया है, इस बारे में सरकार ने अपने लिखित उत्तर में कोई जानकारी नहीं दी। सरयू राय ने कहा कि सरकार का यह रुख कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार समीक्षा याचिका से संबंधित पूरी जानकारी सार्वजनिक करे और यह स्पष्ट करे कि सारंडा क्षेत्र को लेकर उसकी ठोस नीति क्या है, ताकि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय हितों से जुड़े मुद्दों पर स्पष्टता बनी रहे।

# एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना में बिरहोर टोला के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

**70 से अधिक ग्रामीणों की जांच, एक्स-रे और रक्त परीक्षण के साथ पोषण किट वितरण।**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**




**केरेडारी/ हजारीबाग :-** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने अपनी सीडी-सीएसआर (कॉर्पोरेट डेवलपमेंट और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) पहलों के तहत स्थानीय बिरहोर टोला के निवासियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में *70 से अधिक ग्रामीणों* की जांच की गई, जिसमें एक्स-रे और रक्त नमूने एकत्र किए गए। इन जांचों के आधार पर आगे विस्तृत निदान और चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा ग्रामीण परिवारों को *पोषण किट* का भी वितरण किया गया, जिसका उद्देश्य समुदाय के पोषण स्तर को बेहतर बनाना और समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाना है। कार्यक्रम के समापन पर कॉलोनी के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) से जुड़े मुद्दों पर ग्रामीणों के साथ एक संक्षिप्त संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया और उनके सुझावों को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम में *केरेडारी अंचल अधिकारी (सीओ)*, चट्टी बरियातू के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य, परियोजना के एजीएम (एलएआरआर एवं सीएसआर) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। चिकित्सा दल की समर्पित सेवा और निरंतर सहयोग की विशेष सराहना की गई, जिनके प्रयासों से शिविर सुचारु रूप से संचालित हुआ। यह पहल एनटीपीसी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत प्रभावित समुदायों, खासकर आदिवासी बिरहोर परिवारों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। ऐसी गतिविधियां स्थानीय स्तर पर विश्वास बढ़ाने और समावेशी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## पारम्परिक ग्राम सभा को सरकारी ग्राम सभा बना दिया गया है : मसीह दास



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड की जरिया पंचायत के पाटपुर गांव में मौजा अध्यक्ष सिल्वेस्टर सोय की अध्यक्षता में मंगलवार को आहूत मौजा सभा में सभी 11 टोलों के अगुवा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। मौजा सभा को सम्बोधित करते हुए झारखंड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने कहा कि ग्राम सभा कार्यकारिणी का वकालत करने वाले कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी लोग पिछले दरवाजे से झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 का आधार मजबूत करने का रास्ता बनाने का काम कर रहे हैं। मसीहदास गुड़िया ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने पेसा कानून के अनुरूप पेसा नियमावली नहीं बनाया है। पारम्परिक ग्राम सभा को सरकारी ग्राम सभा बना दिया गया है तथा पारम्परिक ग्राम सभा को ग्राम पंचायत के नियंत्रण में काम करना है। बेनेदिक्त नवरंगी ने कहा कि पेसा नियमावली में पारम्परिक ग्राम सभा की बात तो कही गई है, लेकिन दायित्वों एवं कृत्यों में पारम्परिक अधिकार और आदर्श को शामिल नहीं किया गया है। सभा में सलिल कोनगाड़ी, निस्तार सोय, जरका सोय, सायबा सोय, असरिता भेंगरा, अंजेला ढोढराय, बहालेन मुंडू, लिली मेरी सांगा, जोन कोनगाड़ी, फिलिप हेमरोम एवं मोजेस ओड़ेया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## थ्री लेयर सिक्योरिटी की सुरक्षा में स्ट्रांग रूम, सुबह 3:30 बजे सील हुआ स्ट्रांग रूम

**धनबाद।** नगर निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 1019 बूथ से सभी मतपेटिका राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित रिसीविंग सेंटर पहुंची। रिसीविंग सेंटर पर सभी औपचारिकता पूरी कर उसे स्ट्रांग रूम में निर्धारित स्थान पर रखने की प्रक्रिया शुरू हुई। मतपेटिका को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने के लिए धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1 से 5, 6 से 10, 11 से 15, 16 से 20, 21 से 25, 26 से 30, 31 से 35, 36 से 40, 41 से 45, 46 से 50 एवं 51 से वार्ड संख्या 55 तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 21 के लिए अलग-अलग रूम चिह्नित किए गए थे। सभी मतपेटिका को निर्धारित रूम में रखने के बाद उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, महापौर पद के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार तथा धनबाद नगर निगम के महापौर व चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष एवं वार्ड परिषद के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील कर दिया गया। मंगलवार सुबह लगभग 3:30 बजे अंतिम स्ट्रांग रूम को सील किया गया। उल्लेखनीय है कि मतगणना की तिथि तक स्ट्रांग रूम थ्री लेयर सिक्योरिटी में रहेगा। इनर लेयर सिक्योरिटी में झारखंड आर्म्ड पुलिस तथा अन्य दो लेयर में जिला पुलिस बल को तैनात किया गया हैं।

## जिंदगी बचाने के लिए जरूरी है रक्तदान:-डीसी

# उपायुक्त का 24 वां रक्तदान, पाकुड़ में पांचवीं बार किया महादान

**रक्तदान शिविर में कुल 64 लोगों ने किया रक्तदान**

**यासिर अराफात @झारखण्ड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** मंगलवार को प्रोजेक्ट जागृति के तहत जिले के सभी प्रखंडों में व्यापक स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। यह शिविर रक्त अधिकोष, पुराना सदर अस्पताल पाकुड़ तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा, महेशपुर एवं पाकुड़िया में एक साथ आयोजित किए गए।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति सुरक्षित रूप से प्रत्येक 3 माह के अंतराल पर नियमित रक्तदान कर सकते हैं और ऐसा करना चाहिए। रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि समाज में मानवीय संवेदना और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को कुशल एवं सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।उपायुक्त श्री कुमार ने शिविर का उद्घाटन करते हुए स्वयं रक्तदान किया। यह उनका 24 वां रक्तदान तथा पाकुड़ में पांचवीं बार रक्तदान रहा।उनके साथ कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद श्री अमरेन्द्र कुमार चौधरी, जिला निर्वाचन कार्यालय के लिपिक श्री ओंकार कुमार, पीएमयू सेल के कर्मियों सहित कई अधिकारियों ने भी रक्तदान किया।शिविर में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने स्वेच्छा से भाग लेकर समाज सेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। कुल 64 रक्तदाताओं ने इस पुनीत कार्य में सहभागिता की। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा, ह्लरक्तदान महादान है, क्योंकि इससे अनगिनत जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को इस पवित्र कार्य में बढ़- चढ़कर भाग लेना चाहिए।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि जिले की जनसंख्या के कम से कम एक प्रतिशत के बराबर रक्त यूनिट ब्लड बैंक में हर समय उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी न हो। उन्होंने जानकारी दी कि प्रोजेक्ट जागृति के अंतर्गत जिले में प्रत्येक माह की 24 तारीख को सभी प्रखंडों में नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और समाज में सेवा एवं सहभागिता की भावना को प्रोत्साहन मिले।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

## अबुआ दिशोम बजट से आत्मनिर्भर झारखंड की दिशा मजबूत होगी : जोबा माझी



**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने इसे जनभावनाओं के अनुरूप और राज्य के सर्वांगीण विकास को समर्पित बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट वास्तव में ह्लअबुआ दिशोमह्व की अवधारणा को साकार करने वाला दस्तावेज है, जो गांव-गरीब, किसान, महिला, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सांसद ने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए बजट में सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर भी गंभीरता से ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकताओं और योजनाओं के अनुरूप संतुलित बजट आवंटन किया गया है, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी। जोबा माझी ने सरायकेला के सदर अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में उन्नत किए जाने की घोषणा का विशेष स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से कोल्हान क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी खुलेंगे। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए 14,065 करोड़ रुपये तथा राज्य के पेंशनधारियों के लिए 1,463 करोड़ 58 लाख रुपये के प्रावधान को उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह राशि महिलाओं और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करेगी और सामाजिक सुरक्षा के दायरे को और मजबूत बनाएगी। सांसद ने विश्वास जताया कि यह बजट राज्य को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास झारखंड की जनता के सपनों को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

## चार करोड़ झारखंडवासियों को निराश करने वाला बजट : भाजपा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता । पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए बजट पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने इसे दिशाहीन और जनविरोधी बजट करार देते हुए कहा कि यह राज्य के चार करोड़ लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा प्रस्तुत बजट में युवाओं, किसानों, महिलाओं और मजदूरों के लिए ठोस पहल का अभाव है। सरकार ने बजट का आकार बढ़ाने का दावा तो किया है, लेकिन पिछले वर्ष आवंटित राशि का कितना उपयोग हुआ, इसका स्पष्ट विवरण नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व के बजटों में घोषित कई योजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं, जिससे सरकार की कार्यक्षमता पर सवाल उठते हैं। जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने भी बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में रिक्त पद पड़े हैं, लेकिन रोजगार सृजन या नियुक्तियों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण और विकास योजनाओं को गति देने के लिए भी बजट में स्पष्ट रोडमैप नजर नहीं आता। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह बजट जनआकांक्षाओं को पूरा करने में विफल साबित होगा।

## डीसी की जनता दरबार में सुनी गई शिकायतें, सभी आवेदनों पर जांचोपरांत शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त श्री मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन विवाद से संबंधित, अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार बहाली से संबंधित एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## बोकारो के प्रभात कॉलोनी में आयकर विभाग की छापेमारी



**बोकारो।** चास शहर के प्रभात कॉलोनी इलाके में मंगलवार को आयकर विभाग की पटना इकाई ने व्यवसायी सोनू मिश्रा के आवास और प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। मंगलवार को करीब 10 अधिकारियों की टीम चार इनोवा गाड़ियों से पहुंची और क्षेत्र को घेरते हुए जांच शुरू कर दी। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी ह्यबाला पेंटिंगह्व से जुड़े वित्तीय लेन-देन और आयकर संबंधी मामलों को लेकर की जा रही है। टीम व्यवसाय से जुड़े दस्तावेज, रजिस्टर, बैंक लेन-देन से संबंधित कागजात तथा डिजिटल रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जब्त किए जाने की भी जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि आयकर अधिकारियों ने व्यवसायी सोनू मिश्रा से पूछताछ भी की है। टीम आय-व्यय के ब्योरे और कर भुगतान से संबंधित तथ्यों का मिलान कर रही है।

## 2 मार्च से कक्षा 8 की परीक्षा, उपायुक्त ने विद्यालयों को दिए विशेष निर्देश

**शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर, डीसी ने प्रधानाध्यापकों संग की बैठक**

**कमजोर छात्रों पर दें विशेष ध्यान, उत्कृष्ट परिणाम का लक्ष्य - उपायुक्त**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं आगामी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा बीआरपी, सीआरपी एवं बीपीओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की।बैठक में उपायुक्त ने कक्षा 8, 9 एवं 11 की आगामी परीक्षाओं की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित जैक बोर्ड परीक्षाएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं और अब विद्यालयों की आंतरिक परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। कक्षा 8 की परीक्षा 2 मार्च से प्रस्तावित है, इसलिए सीमित समय को देखते हुए सभी विद्यालय अभी से गंभीरता के साथ तैयारी में जुट जाएँ। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि शेष समय में विद्यार्थियों का गहन अभ्यास कराया जाए, मॉडल प्रश्नपत्रों पर चर्चा की जाए तथा कमजोर विद्यार्थियों को विशेष रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरी लगन, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने का आह्वान करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने शिक्षकों से भी अपील किया कि वे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाएँ और परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी परीक्षाएँ निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हों, इसके लिए आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ। उपायुक्त ने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष जिले के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेंगे।इसके अलावा उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में स्टॉल लगाकर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बचे हुए विद्यार्थियों को भी दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करें।

## मतदान कर्मियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता । खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर नगरपालिका (आम) निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना कार्य की सुव्यवस्थित और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने को लेकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्याल में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजत किया गया। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में हुए मतदान के खाद 27 फरवरी को कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर में मतों की गिनती होगी। इसी क्रम में प्रतिनियुक्त सभी मतगणना कर्मियों मतगणना सुपरवाइजर और मतगणना असिस्टेंट के लिए विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित कर मास्टर ट्रेनर ने चरणबद्ध जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान मतपत्रों की गणना की विधि, टेबल प्रबंधन, अभ्यर्थियों व एजेंटों की उपस्थिति में पारदर्शिता बनाए रखने, मतगणना प्रपत्रों का



सही संधारण, राउंडवार परिणाम संकलन और राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन संबंधी बिंदुओं पर विशेष रूप से विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग-सह-परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने मतगणना कार्य को अत्यंत गंभीर, निष्पक्ष और विधिसम्मत ढंग से संपन्न कराने पर बल देते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने सभी कर्मियों को सजग, सतर्क और उत्तरदायी भूमिका निभाने का निर्देश दिया, ताकि मतगणना प्रक्रिया पूर्णतः शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित रूप से संपन्न हो सके।

## वाहन चेकिंग में दो कार जब्त, चार गिरफ्तार



**बोकारो।** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर जिले के संवेदनशील स्थानों पर सघन वाहन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक (नगर) आलोक रंजन एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) विद्या शंकर के नेतृत्व में बीएस सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत अमृत पार्क गरगा पुल चेक पोस्ट के पास वाहन जांच की जा रही थी। अभियान में बीएस सिटी, सेक्टर-4, हरला तथा यातायात थाना की टीम शामिल थी। सोमवार की रात एयरपोर्ट की ओर से आ रही काले रंग की थार को जांच के लिए रोका गया, लेकिन चालक ने बैरिकेडिंग तोड़ते हुए चास की ओर भागने की कोशिश की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा कर उसे पकड़ लिया। जांच में पाया गया कि नंबर प्लेट पर रजिस्ट्रेशन नंबर की जगह ह्लपापाह्व लिखा था। ब्रेथ एनालाइजर से जांच में चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। वाहन का वास्तविक नंबर जेएच 09 बी एन 4141 निकला। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर बीएस सिटी थाना कांड संख्या 33/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, जांच के दौरान टाटा पंच (जेएच09 बीए 5612) के चालक को भी शराब के नशे में पाया गया। वाहन जब्त किए जाने पर चालक और उसके साथी ने पुलिस कार्य में बाधा पहुंचाई। दोनों को गिरफ्तार कर कांड संख्या 34/26 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जांच अभियान लगातार जारी है।

## उप विकास आयुक्त ने शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता । हजारीबाग:** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह ने मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में एसएमएस रिपोर्टिंग, छात्र-शिक्षक उपस्थिति, आईएफए (IFA) दवा वितरण, आयुष्मान कार्ड निर्माण सहित विभिन्न बिंदुओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपविकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रतिदिन एसएमएस रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं से संबंधित अद्यतन डेटा ससमय उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही सभी पदाधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने को कहा गया। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को विभिन्न



प्रकार के विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं जैसे पेयजल सुविधा, नए भवनों का निर्माण, चहारदीवारी, किचेन शेड, बेंच-डेस्क आदि से संबंधित आवश्यकताओं की चेकलिस्ट उपलब्ध कराई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों से उनकी आवश्यकताओं के अनुसार चेकलिस्ट भरवाकर निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत की जाए। पीएम श्री विद्यालयों से प्राप्त चेकलिस्ट की भी बैठक में समीक्षा की गई। बैठक में उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह के अलावा जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, एमडीएम ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## हिरणपुर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक, आपसी सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाने की की गई अपील

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**




**हिरणपुर (पाकुड़):**होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को हिरणपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की।थाना प्रभारी विनय कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली खुशियों और मेल-मिलाप का त्योहार है, लेकिन किसी भी प्रकार की अशांति या हुड़दंग को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान पुलिस की सतर्क निगरानी रहेगी और उपद्रव करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुभाष चौक पर विशेष रूप से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि होली मिलन समारोह या किसी सार्वजनिक आयोजन के लिए पूर्व में प्रशासनिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही पर्व के दौरान अवैध रूप से शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में बीडीओ दिलीप टुडू ने लोगों से अपील की कि रंग खेलने के दौरान आपसी संवेदनशीलता का ध्यान रखें। बिना सहमति किसी पर रंग न डालें, ताकि सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों के बीच भाईचारा बना रहे, यही प्रशासन की प्राथमिकता है।अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने क्षेत्र में फैल रही बच्चा चोरी की अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें केवल भ्रम फैलाने का काम करती हैं। अक्सर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चे अस्थायी रूप से बिछड़ जाते हैं, जिन्हें बाद में सुरक्षित ढूंढ लिया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अपुष्ट सूचना पर ध्यान न दें और कोई संदेह होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें। बैठक में चंदन भगत, विकास दास, जावेद आलम, मोहन भगत, चंदन रक्षित सहित अन्य स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रशासन ने सभी से मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने का आग्रह किया

## आउटसोर्सिंग माइंस में वाहन कई फिट नीचे गिरा, तीन घायल



**धनबाद।** धनबाद स्थित बीसीसीएल की आउटसोर्सिंग कम्पनियां सुरक्षा में बड़ी लापरवाही बरत रहे है। इस कारण दुर्घटनाओं पर लगाम नही लग पा रहा है। ताजा मामला मंगलवार को कतरास थाना क्षेत्र के बीसीसीएल एरिया-03 के एसजीटी आउटसोर्सिंग में देखने को मिला, जहां संचालित कोल माइंस में बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल, माइंस में रातों रात रास्ता कटा दिए जाने से और इसकी सूचना सभी कर्मियों के नही होने के कारण माइंस में जा रहा एक वाहन कई फिट नीचे गिर गया। जिससे न सिर्फ वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, बल्कि इस घटना में वाहन चला रहा चालक और दो अन्य कर्मी बुरी तरह घायल हो गए है। सभी घायलों को गम्भीरवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इस घटना के लिए स्थानीय प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लग रहा है।

# भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। ह्यइंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026ह्व ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निमार्ताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास- हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में




पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है।

इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। ह्यमानवता केंद्र मेंह्व का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना क़ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली ख़ुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# दकियानूस समाज

मा बहुत सारे सुलझे हुए परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाते हैं। मगर विवाह के बाद अगर वे ऐसे दकियानूसी परिवारों में कैद होकर घुटने लगती हैं, तो उनकी शिक्षा और सोच-समझ, काबिलियत का कोई मोल नहीं रह जाता। दुनिया के बेशक सिकुड़ कर एक गांव में बदल जाने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिक सोच आने का दावा किया जा रहा हो, पर हकीकत यह है कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी कई मामलों में संकीर्ण मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाया है। खासकर महिलाओं के मामले में पुरुष सत्ता का हिंसक बर्ताव आधुनिक माने जाने वाले तबकों में भी देखा जाता है। किसी दूसरी जाति के लड़के से विवाह करने पर इज्जत के नाम पर लड़की की हत्या कर दी जाती है। आज भी बहुत सारे लोग अपनी बहुओं को परदे में ही रखना चाहते हैं, उन्हें नौकरी आदि करने की इजाजत नहीं होती। ऐसा ही ताजा मामला दिल्ली का है, जिसमें एक ससुर ने अपनी बहू के सिर पर ईंट से मार कर उसे इसलिए घायल कर दिया कि वह किसी नौकरी के लिए साक्षात्कार देने जा रही थी। ससुर नहीं चाहता था कि उसकी बहू नौकरी करे। इसे लेकर दोनों के बीच पहले भी काफी बहस हुई थी, मगर बहू जिद करके साक्षात्कार के लिए निकल पड़ी। वह नौकरी करके परिवार को सहारा देना चाहती थी। मगर ससुर को यह रास नहीं आया। उसके हमले से बहू गंभीर रूप से घायल हो गई है। यह कोई पहला मामला नहीं है। आज भी ग्रामीण इलाकों और कुछ सामंती मिजाज के परिवारों में बहुओं को घर की चारदीवारी में, परदे के पीछे ही कैद रखने का प्रयास किया जाता है। उनका घर से बाहर निकल कर कहीं नौकरी करने जाना अच्छा नहीं माना जाता। कई परिवारों में तो विवाह से पहले ही करार कर लिया जाता है कि उनकी बहू घर में ही रहेगी, नौकरी नहीं करेगी। इस तरह बहुत सारी लड़कियां पढ़-लिख कर भी अपनी इच्छा के मुताबिक काम का चुनाव नहीं कर पातीं।

विचित्र है कि इसमें उनके पति भी अपने माता-पिता का साथ देते हैं। फिर यह सवाल भयावह रूप से हमारे समाज में सिर उठाता है कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे नारे कहां तक सार्थक हो पाएंगे। लड़कियों को लड़कों के बराबर अधिकार देने की वकालत की जाती है। बहुत सारे सुलझे हुए परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाते हैं। मगर विवाह के बाद अगर वे ऐसे दकियानूसी परिवारों में कैद होकर घुटने लगती हैं, तो उनकी शिक्षा और सोच-समझ, काबिलियत का कोई मोल नहीं रह जाता। इस तरह ताजा घटना में जिस ससुर ने अपनी बहू को ईंट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, उसे उसकी पढ़ाई-लिखाई और सामाजिक परिवेश की दृष्टि से पिछड़ा तो कह सकते हैं। मगर यह दकियानूसी सोच केवल तथाकथित कम पढ़े-लिखे और पिछड़े समाजों में नहीं है। कई मामलों में अत्यंत निचला माने जाने वाले तबके की महिलाएं कामकाज के मामले में कुछ अधिक स्वतंत्र हैं। वे घर से निकल कर मजदूरी करने, दुकान चलाने या घरों-दफ्तरों आदि में काम करने जाती हैं। मगर विचित्र है कि दिल्ली जैसे अपेक्षाकृत प्रगतिशील माने जाने वाले शहर में भी ऐसी संकीर्ण सोच के लोग आज भी मौजूद हैं, जो अपनी बहू-बेटियों को घर की चारदीवारी में कैद करके उन्हें घुटने पर मजबूर करते हैं। यह घटना एक बार फिर से इस पहलू पर सोचने को विवश करती है कि आखिर बहू-बेटियों को लेकर हमारे समाज के बड़े हिस्से का मानस ऐसा संकुचित क्यों बना हुआ है।

## जाति संघर्ष का सर्वसमावेशी समाधान वक्त की जरूरत




मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी। यूथ फॉर इक्वलिटी के बैनर तले दिल्ली में इस फैसले के खिलाफ युवा सड़कों पर उतर पड़े। इस आंदोलन के चलते भी सामाजिक विभाजन बढ़ा। शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में आरक्षण के विरोधी समुदायों और इसके समर्थक समुदायों के बीच एक बार फिर विभाजक रेखा गहरी हुई। इससे भी देश उबर रहा था कि यूजीसी की गाइडलाइन आ गई और फिर से एक बार भारतीय समाज गहरे अंतरद्वंद्व और सामाजिक संघर्ष से जूझने लगा। यह संघर्ष अभी समाज में सीधे तो नहीं दिख रहा, लेकिन विश्वविद्यालयों के परिसर इसके चलते उबल रहे हैं। एक तरफ इस गाइडलाइन के समर्थक हैं तो दूसरी तरफ उसके विरोधी।

पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के दिशा-निदेर्शों से ना सिर्फ जाति विमर्श केंद्र में आ गया है, बल्कि हिंदू समाज जातीय खांचे में बंटता नजर आ रहा है। आर्थिक और शैक्षिक विकास की वजह से जाति विभाजन की जो रेखाएं मध्यम पड़ने लगी थीं, वे एक बार फिर गहरी होती नजर आ रही है। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद जैसा स्पष्ट विभाजन हिंदू समाज में दिख रहा था, कुछ उसी राह पर एक बार फिर समाज बढ़ता दिख रहा है। जाति के तवे पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले कुछ दल यूजीसी की गाइडलाइन को लागू करने के लिए छात्रों के बीच जाति विमर्श की आंच को हवा दे रहे हैं तो इस गाइडलाइन के विरोध में खड़े सवर्ण समाज के लोग भी अपने समाज के छात्रों को लामबंद करने में प्राणपण से जुटे हुए हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट के बाद जिस तरह नया राजनीतिक विमर्श खड़ा हुआ, जिससे कुछ राजनीतिक दलों और शख्सियतों को उभरने का मौका मिला, कुछ वैसे ही हालात एक बार फिर बनते दिख रहे हैं। अगर यूजीसी गाइडलाइन का सर्वसमावेशी हल नहीं खोजा गया तो हिंदुत्व की राजनीति पर भी असर पड़ सकता है। हिंदू एकता का सपना भी खतरे में पड़ सकता है।

राजनीति के बारे में एक धारणा है। सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास ने जाति विभाजन को जहां कमजोर किया, वहीं राजनीति इसे जिंदा करने में सफल हुई है। सामाजिक यात्रा में पिछड़ी रह गई जातियों के उत्थान के नाम पर राजनीति ने जाति विमर्श को केंद्र में लाने का सबसे बड़ा योगदान विश्वनाथ प्रताप सिंह को जाता है, जिन्होंने देवीलाल के राजनीतिक रसूख को काबू में करने के लिए 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट पर पड़ी धूल को झाड़ा और उसे लागू कर दिया। पैंतीस साल पहले के उस फैसले ने समाज को बुरी तरह विभाजित कर दिया। मंडल आयोग के खिलाफ तकरीबन समूचा उत्तर भारत धधक उठा था। सवर्ण समुदाय के छात्रों और नौजवानों को अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा था। उन्होंने खुद को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। विश्वनाथ प्रताप सिंह कविता भी करते थे। कवि को लेकर धारणा है है कि वह कोमल हृदय का स्वामी होता है। लेकिन आग की लपटों के बीच धू-धूकर जवानी को जलती देखकर भी कवि हृदय प्रधान मंत्री नहीं पसीजे थे। उस दौर के शरद यादव सवर्ण समाज के कटु आलोचक और पिछड़ावादी राजनीति के प्रबल पैरोकार के रूप में उभरे। मंडल आयोग की रिपोर्ट से समाज के बीच जो खाई पैदा हुई, बाद की राजनीति ने उसे और ज्यादा चौड़ा और गहरा ही किया है।

पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के

आज पिछड़ावाद, दलितवाद, अल्पसंख्यकवाद और महिलावाद का जोर है। इन तबकों के उभार के विचार को सामाजिक न्याय करीब साढ़े तीन दशकों से स्वीकार किया जा रहा है। इन वादों को सामाजिक लोकवृत्त यानी पब्लिक स्फीयर के केंद्र में लाने का विचार समाजवादी राजनीतिक दलों का रहा है, लेकिन इसे मूर्त रूप में लाने वाले कांग्रेसी मूल के राजनेता ही रहे हैं। समाजवादी दलों के ही परोक्ष समर्थन से पहली बार तीस मई 1933 को बिहार के मौजूदा रोहतास जिले के करगहर में त्रिवेणी संघ की स्थापना हुई थी। जिसमें कोइरी यानी कुशवाहा, कुर्मी और यादव जातियों के नेता साथ आए थे और पिछड़ावादी राजनीति की नींव डाली थी। एक तरह से जातिवादी राजनीति की नींव आजादी के पहले ही पड़ गई थी। मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करते वक्त विश्वनाथ प्रताप सिंह भले ही जनता दल नामक समाजवादी विचारधारा वाले दल के नेता थे, लेकिन महज तीन साल पहले तक वे कांग्रेसी थे। अर्जुन सिंह भी कांग्रेसी ही थे। आज राहुल गांधी भी जाति जनगणना को लेकर उत्साहित नजर आते हैं। पता नहीं राहुल गांधी को पता है या नहीं, अर्जुन सिंह और विश्वनाथ प्रताप सिंह को जानकारी जरूर रही होगी। राहुल गांधी की दादी के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 27 जून 1961 को देश के मुख्यमंत्रियों के नाम तीस पैराग्राफ का एक लंबा खत लिखा था। उसके चौबीसवें से छब्बीसवें पैरे में नेहरू ने आज की जाति आधारित आरक्षण को एक तरह से नकार दिया है। उस चिट्ठी में उन्होंने भारत को बनाने को लेकर उनकी जो सोच रही, उसका गहन जिक्र किया है। इस पत्र में नेहरू स्पष्ट रूप से अपने विचार को जाहिर करते हैं।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये।

2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।



# पाकिस्तान कनेक्शन के साथ साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़! बेतिया में तीन शातिर गिरफ्तार



**एजेंसी**

**बेतिया:** बिहार के बेतिया जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक सक्रिय ठगी गिरोह का पदार्फाश हुआ, जिसमें तीन शातिर साइबर अपराधियों को दबोचा गया. यह कार्रवाई जौकटिया गांव में हुई, जहां से शुरूआत में दो आरोपियों को पकड़ा गया और बाद में तीसरे को भी गिरफ्तार किया गया. प्रारंभिक जांच में गिरोह के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन सामने आए हैं, जिससे जांच एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं.

**कई सामान बरामद और विदेशी संपर्क:** गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई एटीएम कार्ड, एक बैंक पासबुक और कुल सात मोबाइल फोन बरामद हुए हैं. जब्त मोबाइल फोनों की तकनीकी जांच में विदेशी नंबरों से लगातार संपर्क के साक्ष्य मिले. शुरूआती जांच में इन नंबरों के पाकिस्तान से जुड़े होने के प्रमाण सामने आए हैं. ठगों द्वारा बैंक खाते मात्र 6000 रुपये में खरीदे जाने और पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर ठगी करने का खुलासा हुआ है, जिससे मामले की गंभीरता बढ़ गई है.

**पाकिस्तान कनेक्शन की जांच तेज:** पुलिस अब इस एंगल पर गहन जांच कर रही है कि क्या यह गिरोह किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर नेटवर्क का हिस्सा है. जौकटिया गांव को बिहार का 'जामताड़ा' कहा जाता है, जहां वर्षों से साइबर अपराधी सक्रिय हैं. पाकिस्तान से जुड़े कनेक्शन के खुलासे ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है. जांच में अन्य संदिग्धों और पूरे नेटवर्क की परतें खोलने का प्रयास जारी है.

**आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा:** तीनों आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस पूरे गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी बढ़ा दी गई है. इस कार्रवाई से स्थानीय स्तर पर साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस की मुस्तैदी साफ दिखाई दे रही है.

**गुप्त सूचना पर त्वरित छापेमारी:** मझौलिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के अनुसार, इलाके में साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की विश्वसनीय सूचना मिली थी. सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तुरंत जौकटिया गांव में छापा मारा. यहां से मिथिलेश कुमार और मुकेश कुमार नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में दोनों ने महत्वपूर्ण सुराग दिए, जिसके आधार पर पुलिस ने बैठाणिया गांव में दूसरी छापेमारी की और मोहित कुमार उर्फ आलोक कुमार को भी हिरासत में ले लिया.

**साइबर अपराध का हॉटस्पॉट:** मझौलिया थाना के जौकटिया गांव को बिहार में साइबर अपराध का प्रमुख केंद्र माना जाता है. झारखंड के जामताड़ा के बाद यह गांव सबसे चर्चित है, जहां युवा आसानी से इस अपराध में शामिल हो रहे हैं. पिछले कुछ वर्षों में यहां से दर्जनों मामले सामने आए हैं, जिसमें बैंक खाते किराए पर देने, फर्जी ट्रांजेक्शन और अंतरराष्ट्रीय हैंडलर्स से संपर्क शामिल हैं.

## बिहार : बच्चों के स्क्रीन टाइम पर लगेगी लगाम, सरकार जल्द लाएगी नई डिजिटल पॉलिसी

**एजेंसी**

**बिहार :** बिहार सरकार बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने के लिए जल्द नई डिजिटल पॉलिसी लाएगी. इसकी घोषणा सोमवार को बिहार विधानसभा में इस पर चर्चा के बाद की गई. दरअसल पश्चिम चंपारण के सिकटा क्षेत्र से जदयू विधायक समृद्ध वर्मा ने सदन में यह मुद्दा उठाया. उन्होंने बच्चों में बढ़ती स्क्रीन लत को अदृश्य महामारी बताया. कहा कि स्मार्टफोन अब गांवों तक पहुंच चुका है और बच्चे घंटों यूट्यूब, सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम्स में व्यस्त रहते हैं. जिससे बच्चों की एकाग्रता कम होती है और वास्तविक जीवन की गतिविधियां उन्हें कम आकर्षक लगने लगती हैं. उन्होंने मांग की कि अलग-अलग आयु वर्ग के



अनुसार स्क्रीन टाइम की स्पष्ट सीमा तय की जाए.साथ ही इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकट घोषित करने का आग्रह किया. वर्मा ने कहा कि यह केवल टेक्नोलॉजी का सवाल नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिसके लिए आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों के संयुक्त प्रयास की जरूरत है.

**सरकार स्क्रीन टाइम को लेकर जल्द जारी करेगी गाइडलाइन**

राज्य की आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह ने जवाब में कहा कि बच्चों में बढ़ती डिजिटल निर्भरता चिंता का विषय है. बताया कि केंद्र सरकार ने इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं. राज्य सरकार भी बहु-विभागीय रणनीति के तहत ठोस नीति तैयार करेगी.श्रेयसी सिंह ने बताया कि बेंगलुरु स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (निमहांस) से इस पर सलाह मांगी गई है. रिपोर्ट मिलने के बाद मानक तय किए जाएंगे और उसी आधार पर विस्तृत गाइडलाइन जारी की जाएगी.

**टेक्नोलॉजी का सुरक्षित व संतुलित इस्तेमाल जरूरी :** सम्राट चौधरी

इस पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार बच्चों के हित में संतुलित डिजिटल नीति पर काम कर रही है. कहा कि तकनीक से दूरी समाधान नहीं है, बल्कि उसका सुरक्षित और संतुलित उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि बच्चे डिजिटल माध्यम से सीखते हुए सुरक्षित भी रह सकें.

# गुस्से से लाल हुए नीतीश कुमार, सदन में भाई वीरेंद्र को लगायी जमकर फटकार



**एजेंसी**

**पटना:** बिहार विधानसभा का मंगलवार को चौकीदार और दफादार पर हुए लाठीचार्ज के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ. आरजेडी विधायक कुमार सर्वजीत ने आरोप लगाया कि बिहार में लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी. इसी के साथ सदन में हंगामा शुरू हो गया. इस बीच संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि अगर बिहार सरकार चलेगी नहीं तो चौकीदारों और दफादारों की पूर्ति कौन करेगा?

**चौकीदार-दफादार पर सदन में हंगामा :** आरजेडी विधायक कुमार सर्वजीत ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कहा कि बिहार के संपूर्ण चौकीदार-दफादार अपनी मांग के लिए सड़क पर आंदोलन कर रहे थे. उनको इतनी बर्बरता से पुलिस ने मारा है तो क्या लोकतंत्र में अपनी मांगों को मांगने का अधिकार नहीं है. अगर माननीय न्यायलय ने कानून में संशोधन करने को कहा तो बिहार सरकार क्यों नहीं करना चाहती है? इसी बीच विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी कि बिहार में लाठी गोली की सरकार नहीं चलेगी.

**सीएम नीतीश का हमला (सौ. बिहार विधानसभा)**

सीएम नीतीश को आया गुस्सा: विपक्षा की नारेबाजी को सुनते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गुस्सा आ गया और वह खड़े हो गए. उन्होंने आरजेडी विधायक भाई वीरेन्द्र की ओर इशारा करते हुए कहा कि बेमतलब मत बोलिए, सरकार नहीं चलेगी. आपकी संख्या कितनी कम है आप बैठिए. आप कितना कम हो गए हैं? हम लोग 202 हैं. आप लोग फालतू बात मत कीजिए. तीन साल आपके साथ रहे, आप लोग गड़बड़ करते थे, इसलिए आप लोगों को छोड़ दिए. आपकी सरकार ने कभी कोई काम किया है. जो भी काम हुआ है उसी समय हुआ. आप जानते हैं बिहार कितना आगे बढ़ रहा है. आपकी सरकार में शाम के वक्त कोई घर से निकलता था, अब सब ठीक हो गया.

**गुस्से से लाल हुए नीतीश कुमार (सौ. बिहार विधानसभा)**

गड़बड़ी करने वालों को बाहर करिए: नीतीश कुमार ने आगे कहा कि दो-तीन साल के बाद आप लोगों को छोड़कर चले गए, बिना मतलब के कोई बात नहीं करिए. आपकी संख्या क्या है? सब फालतू बात है. इस बीच नीतीश कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष से अपील की और कहा कि जो सदन में गड़बड़ करे, उसे बाहर करिए.

विपक्ष ने फिर लगाए सरकार के खिलाफ नारे: नीतीश कुमार को सुनते ही विपक्षी सदस्य फिर से तख्ती लेकर हंगामा करने लगे. नारा लगाने लगे कि लाठी-गोली की सरकार नहीं चलेगी. नीतीश सरकार होश में आओ, नीतीश सरकार हाय हाय के नारे लगने लगे.

अगर उनकी मांग है तो सरकार उनसे बात करेगी. किसी संगठन को लोक व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने का कोई हक नहीं है. उन्होंने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, इसलिए उनपर भी कार्रवाई हुई. वो ऐतिहासिक है. तारीख उठाकर देख लीजिए जो एनडीए सरकार ने लिया. इसलिए घड़ियाली आंसू बहाने का कोई मतलब नहीं है.

**विजय चौधरी (सौ. बिहार विधानसभा)**

बिजेंद्र यादव ने क्या कहा?: फिर मंत्री बिजेंद्र यादव ने कहा कि चौकीदार दफादार के संगठन को बुलाकर सरकार बातचीत कर लेगी जो भी उनकी मांगे हैं, उस पर विचार किया जाएगा. इस पर लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजू तिवारी ने कहा कि चौकीदार वफादार की समस्याओं को लेकर हमारे नेता मुख्यमंत्री से पहले भी कई बार मिल चुके हैं और जो लाठी चार्ज की घटना हुई है, उस मामले में भी हम सरकार से कहेंगे कि कोई गलती हुई है तो कार्रवाई करें.

**विपक्ष का सरकार पर हमला**

**आरजेडी विधायक के बयान पर हंगामा:** राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि चौकीदार दफादार की मांग जायज है. हम लोगों की डिमांड इतना ही है कि जो भी उनकी मांगें हैं, उसे सरकार पूरा करें. हम लोग लाठी चार्ज की भी निंदा करते हैं. चौकीदार दफादार किस समाज से आते हैं? दलित समाज से आते हैं सरकार दलित विरोधी है.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार आ रहे गृह मंत्री अमित शाह, तीन दिन में इन जिलों का करेंगे दौरा, जानिए पूरा शेड्यूल



**बिहार:** देश के गृह मंत्री अमित शाह का 25 फरवरी से शुरू होने वाला तीन दिवसीय सीमांचल दौरा महज औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सीमा सुरक्षा, घुसपैठ नियंत्रण और रणनीतिक तैयारियों से जुड़ा एक अहम मिशन माना जा रहा है.अमित शाह का यह दौरा 25 फरवरी की शाम से शुरू होगा, जब वे पूर्णिया पहुंचने के तुरंत बाद किशनगंज के लिए उड़ान भरेंगे.किशनगंज समाहरणालय में शाम 5 से 7 बजे तक चलने वाली मैराथन बैठक में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की जाएगी. रात्रि विश्राम किशनगंज में करने के बाद, अगले दिन यानी 26 फरवरी को वे अररिया की सीमा चौकी लेट्टी पहुंचेंगे यहां वे सुरक्षा बलों का उत्साहवर्धन करेंगे और पुलिस अधीक्षकों व जिलाधिकारियों के साथ भारत-नेपाल सीमा से जुड़े पेचीदा मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे. घुसपैठ और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करना इस बैठक का मुख्य एजेंडा रहने वाला है. इस दौरे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2 में शाह की भागीदारी है. इसके जरिए सरकार सीमा पर बसे गांवों को बुनियादी सुविधाओं से लैस कर वहां से पलायन रोकना चाहती है, ताकि ये गांव सुरक्षा की पहली पंक्ति के रूप में काम कर सकें. गृह मंत्री पहले भी कई बार सार्वजनिक मंचों से कह चुके हैं कि सीमांचल में अवैध प्रवासियों को वोट बैंक बनाने की कोशिशों को एनडीए सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी. उनका यह दौरा उन घुसपैठियों को पकड़ने और डिपोर्ट करने की दिशा में प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय करने का एक बड़ा कदम माना जा रहा है. दौरे के आखिरी दिन, यानी 27 फरवरी को गृह मंत्री पूर्णिया में अधिकारियों के साथ एक और उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे. इस बैठक में पिछले दो दिनों की फील्ड रिपोर्ट और भविष्य की रणनीतियों पर मुहर लगेगी. बैठक खत्म करने के बाद वे सीधे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे. सुरक्षा एजेंसियों ने इस दौरे को लेकर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है और चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है.

### बिहार में 1 अप्रैल से बदलेगा बिजली बिल स्ट्रक्चर, ऐसे कंज्यूमरों का बढ़ेगा बोझ



**बिहार :** बिहार में लोगों के लिए बिजली बिल का बोझ बढ़ने वाला है. लेकिन कुछ उपभोक्ताओं को राहत भी मिल सकती है. बिजली रेट के स्ट्रक्चर में बदलाव को लेकर 15 या फिर 16 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा. इसके बाद 1 अप्रैल 2026 को इसे लागू कर दिया जाएगा, जो कि 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगा.

**क्या है पूरा मामला?:** जानकारी के मुताबिक, प्रस्तावित व्यवस्था के तहत ग्रामीण इलाके के घरेलु उपभोक्ताओं की बिजली महंगी होने वाली है. जबकि शहरी इलाके के घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलने की संभावना है. बिजली रेट के स्ट्रक्चर में बदलाव का बड़ा कारण विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (Appellate Tribunal for Electricity) की तरफ से दिया गया आदेश है. दरअसल, एप्टेल ने साल 2012 की बकाया राशि 1100 करोड़ रुपए ब्याज के साथ भुगतान करने का आदेश दिया है. इसके अलावा भी अन्य बकाया राशि है, जिसे मिलाकर अब टोटल 3200 करोड़ रुपए भुगतान करना होगा. पूरे मामले को लेकर बताया गया कि साल 2012 में ही बिजली बोर्ड का बंटवारा किया गया था और कंपनियां बनाई गईं थी. उस वक्त बंटवारे के दौरान बोर्ड का बकाया भुगतान करने की जिम्मेदारी सरकार ने अपने ऊपर ली थी. लेकिन अब तक सरकार ने राशि नहीं दी है. ऐसे में कंपनियों ने इसकी भरपाई की मांग की है.

**ग्रामीण और शहरी इलाके में क्या पड़ेगा प्रभाव?:** ग्रामीण इलाके में पहले से एक स्लैब है. ऐसे में यहां स्लैब मर्ज करने की कोई गुंजाइश नहीं है. ऐसी स्थिति में कॉस्ट एडजस्टमेंट की वजह से ग्रामीण इलाके में लोगों के लिए बिजली का बोझ बढ़ सकता है.शहरी इलाके की बात करें तो, दो अलग-अलग स्लैब हैं, जिन्हें मर्ज कर दिया जाएगा. स्लैब मर्ज होने से जो एवरेज रेट है, वह कम हो जाएगी. ऐसी स्थिति में शहरी इलाके में रहने वाले लोगों के लिए बिजली बिल के रेट में राहत मिल सकती है.

### बिहार दौरे पर नितिन नबीन, संजय सरावगी के घर जाएंगे भाजपा अध्यक्ष



**पटना:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज बिहार दौरे पर आ रहे हैं. इस दौरान वह दरभंगा जाएंगे और बिहार प्रदेश के अध्यक्ष संजय सरावगी के माता जी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होंगे. मौके पर बिहार भाजपा के तमाम नेता मौजूद रहेंगे.

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हो सकती है मुलाकात :** माना जा रहा है कि कार्यक्रम में नितिन नबीन के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल डॉ. आरिफ मोहम्मद खान और राज्य के कई अन्य कद्दावर नेता शामिल हो सकते हैं. वहीं नितिन नबीन पार्टी कार्यकताओं के साथ भी बैठक कर सकते हैं.


**स्वागत के लिए दरभंगा में खास तैयारियां :** भाजपा प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन बिहार दौरे पर आ रहे हैं और इस दौरान वह दरभंगा जाएंगे. दरभंगा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के आवास पर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होंगे. उनके स्वागत के लिए दरभंगा में खास तैयारी की गई है.

**उपेंद्र कुशवाहा का होगा भाग्य का फैसला :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा उस वक्त हो रहा है जब बिहार में राज्यसभा के पांच सीटों के लिए चुनाव होने हैं और उम्मीदवारों का नाम भी तय होना है. उपेंद्र कुशवाहा के राजनीतिक भविष्य का भी फैसला होना है.

**राजनीतिक मेल-मिलाप का भी केंद्र :** उपेंद्र कुशवाहा का कार्यकाल खत्म हो रहा है और वह उम्मीद लगाए बैठे हैं. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह एक निजी शोक संवेदना के साथ-साथ राजनीतिक मेल-मिलाप का भी केंद्र होगा.

**दरभंगा एयरपोर्ट पर कार्यकर्ता करेंगे स्वागत :** नितिन नबीन का यह दौरा एक निजी शोक सभा में शामिल होने के लिए है, लेकिन मुख्यमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी के कारण स्थानीय स्तर पर संगठन और आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर अनौपचारिक चर्चा होने की संभावना है. दरभंगा एयरपोर्ट या कार्यक्रम स्थल के आसपास स्थानीय कार्यकताओं द्वारा उनके स्वागत और संक्षिप्त मुलाकात की तैयारी की गई है.

# बिहार: ई डब्ल्यू एस के लिए सरकारी परीक्षा में 5% क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट की मांग




**एजेंसी**

**बिहार:** बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा में ई डब्ल्यू एस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) अभ्यर्थियों को 5% अंकों में छूट देने की मांग तेज हो गई है. ई डब्ल्यू एस को 5% अंक में छूट देने का मुद्दा बिहार विधानसभा में भी उठा. जिस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि, सरकार हाईकोर्ट के आदेश का अवलोकन करेगी. उसमें कोई स्पष्ट निर्देश है या केवल विचार करने की बात कही गई है.दरअसल, बीजेपी विधायक मिथलेश तिवारी ने विधानसभा में एहर को 5% अंक में छूट देने का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 14 स्पष्ट करता है कि राज्य भारत के भूभाग में किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता और समान संरक्षण से वंचित नहीं रख सकता. उनका कहना है कि जब अन्य आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट मिलती है, तो एहर अभ्यर्थियों को भी क्वालीफाइंग मार्क्स में 5% की राहत मिलनी चाहिए, ताकि उन्हें वास्तविक अवसर मिल सके. उन्होंने पूछा कि क्या सरकार STET की परीक्षा में ई डब्ल्यू एसअभ्यर्थियों को 5% रिलैक्सेशन देगी? उन्होंने इस संबंध में हाईकोर्ट के आदेश का जिक्र किया है. जिसमें बताया गया है कि कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि आवेदक अपना आवेदन मुख्य सचिव या अतिरिक्त मुख्य सचिव को दे. सरकार इस पर उचित निर्णय ले. कोर्ट ने सरकार को मामले पर विचार कर स्पष्ट निर्णय लेने का संकेत दिया. शिक्षा मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षक भर्ती परीक्षा में एहर के लिए 10% आरक्षण का प्रावधान लागू कर रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस 5% छूट की बात की जा रही है, वह एक विशेष परीक्षा से संबंधित मांग है. मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि एहर को 10% आरक्षण का प्रावधान है, जो TRE में लागू है. हाईकोर्ट के आदेश की बात है तो सरकार अवलोकन करेगी. क्या उसमें कोई स्पष्ट निर्देश है या केवल विचार करने की बात कही गई है.मंत्री भरोसा दिलाया कि मुख्य सचिव स्तर पर मामले का आकलन कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा. सरकार यह भी देखेगी कि अगर नियमों में संशोधन की जरूरत है तो क्या कदम उठाए जा सकते हैं.

# राज्यसभा सीट पर निगाहें, जीतन राम मांझी बोले- हम इंतजार करेंगे



**एजेंसी**

**पटना:** राज्य सभा की 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं. जिसमें 5 सीटें बिहार की भी हैं. इन 5 सीटों में से 3 सीट एनडीए के और 2 सीट महागठबंधन के है. 5 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल पूरा होने वाले है. इसे लेकर अब चुनाव होना है. इस चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी ने बयान जारी किया है.जीतनराम मांझी ने एनडीए के शीर्ष नेतृत्व को पूराने वादे की याद दिलाते हुए कहा कि नेतृत्व के अंतिम निर्णय का इंतजार करेंगे. उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक के रूप में उनसे कहा गया था कि दो लोकसभा और एक राज्यसभा की सीट उन्हें दी जाएगी. उन्होंने उम्मीद जताई कि, नेतृत्व अपने कहे से पीछे हटेगा. साथ ही यह भी कहा कि, हमने कभी मांग नहीं किया और अभी भी कोई मांग नहीं है. लेकिन, उनके वायदे पर अंतिम समय तक प्रतीक्षा करेंगे. बता दें, बिहार में राज्यसभा की 5 सीटें खाली हो रही हैं। इनमें जदयू के केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, राज्यभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, राजद के प्रेमचंद्र गुप्ता और अमरेंद्रधारी सिंह का कार्यकाल पूरा हो रहा है.राज्यसभा चुनाव के लिए बिहार में एनडीए के पास वर्तमान में 202 विधायक हैं. एनडीए को सभी 5 सीटें जीतने के लिए 205 विधायक चाहिए. एक सीट के लिए 41 वोट जरूरी हैं. ये सीट महागठबंधन के खाते में जा सकती है. क्योंकि महागठबंधन के पास 35 विधायक हैं. यदि AIMIM के 5 विधायक और BSP के 1 विधायक महागठबंधन के साथ चले जाते हैं तो विपक्ष भी एक सीट निकाल सकता है. राजनीतिक हलको में चर्चा है कि एनडीए में बीजेपी 2 सीट, जेडीयू 2 सीट और 1 सीट सहयोगी दल को देने के फामूर्ले पर चर्चा हो रही है. सहयोगी में किसे राज्यसभा भेजा जाए, इसपर मंथन चल रहा है. उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा के चुनाव में सबसे आगे है. वहीं LJP-R और HAM भी दावेदार है.

# दिल्ली में मामी, हैदराबाद में बुआ, मुम्बई में मौसी..' लीक व्हाट्सएप चैट से बिहार में मानव तस्करी का खुलासा



**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण:** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में भारत-नेपाल बॉर्डर पर मानव तस्करी का एक बड़ा और खौफनाक सिंडिकेट का भंडाभोड़ हुआ है. यह अंतरराष्ट्रीय गिरोह भारत-नेपाल सीमा को ट्रांजिट रूट बनाकर मासूम लड़कियों को वेश्यावृत्ति और अवैध अंग प्रत्यारोपण के काले धंधे में धकेल रहा है. तस्करों के व्हाट्सएप चैट से यह खुलासा हुआ है, जिसमें सिंडिकेट का लक्ष्य सालाना 400 करोड़ रुपये कमाना बताया गया है.

**प्यार और ब्लैकमेल का जाल बुनते एजेंट:** मानव तस्करी के इस नेटवर्क में शहर और गांव स्तर पर स्थानीय एजेंट सक्रिय हैं. ये एजेंट सोशल मीडिया या प्रेम प्रसंग के बहाने लड़कियों को फंसाते हैं. कुछ मामलों में अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जाता है, तो कुछ में अच्छी नौकरी या शादी का लालच दिया जाता है. लड़की के चंगुल में आने के बाद एजेंट को आका (बॉस) से व्हाट्सएप पर निर्देश मिलता है, जिसमें लड़की का पूरा बायोडाटा मांगा जाता है.

शारीर को इंच-टेप से नापते थे: उजागर चैट स्क्रीनशॉट में देखा गया है कि आका लड़की की उम्र, वजन, लंबाई, मासिक धर्म की तारीख, शरीर पर कट या मस्से के निशान जैसी संवेदनशील जानकारी मांगते हैं. यहां तक कि शरीर को इंच टेप से नापने के निर्देश दिए जाते हैं. जब लड़की आका को 'पसंद' आ जाती है, तो उसे मंजिल तक पहुंचाया जाता है. एजेंट को इसके बदले 50 हजार से 1 लाख रुपये मिलते हैं.

**कोडवर्ड से चलता है सिंडिकेट:** सिंडिकेट पुलिस की नजरों से बचने के लिए कोडवर्ड का इस्तेमाल करता है. दिल्ली में 'मामी', हैदराबाद में 'बुआ', मुंबई में 'मौसी' और लुधियाना में 'दीदी' जैसे नामों से बड़े आका काम करते हैं. यह नेटवर्क न केवल देह व्यापार बल्कि बॉडी ऑर्गन (अंग) की खरीद-फरोख्त में भी लड़कियों का इस्तेमाल करता है. रक्सौल बॉर्डर इसका मुख्य ट्रांजिट पॉइंट बन चुका है.

**बॉडी ऑर्गन बेचने के लिए भी इनका इस्तेमाल:** वहीं मानव तस्करी रोधी इकाई 'स्वच्छ रक्सौल' से जुड़े रंजीत सिंह ने कहा कि, "लड़कियों को सिर्फ देह व्यापार ही नहीं बल्कि बॉडी ऑर्गन (अंग प्रत्यारोपण) बेचने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है. हम लोगों ने अब तक 500 से ज्यादा लड़कियों का रेस्क्यू किया हैं."

**पुलिस का दावा, 100 से ज्यादा रेस्क्यू:** रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद ने बताया कि मानव तस्करी एक बड़ी समस्या है. तस्कर प्रेम प्रसंग और सोशल मीडिया से लड़कियों को दिग्भ्रमित कर फंसाते हैं. रक्सौल पुलिस इस मामले में काफी सजग है और अब तक 100 से अधिक लड़कियों का रेस्क्यू किया जा चुका है. उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे इस दिशा में और तेजी से कार्रवाई की जाएगी.

बचाव की जरूरत: यह खुलासा बिहार में मानव तस्करी की गंभीरता को दशार्ता है, जहां सीमावर्ती इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं. लड़कियों की सुरक्षा के लिए परिवार, समाज और प्रशासन को मिलकर सतर्क रहने की जरूरत है. सोशल मीडिया पर अजनबियों से सावधानी, जागरूकता अभियान और तेज कार्रवाई से ही इस काले धंधे को रोका जा सकता है. सुरक्षा एजेंसियां इस सिंडिकेट के खिलाफ सख्त कदम उठा रही हैं, लेकिन समस्या की जड़ों को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है.

# इस सरकार से कुछ नहीं होगा', पप्पू यादव ने फेसबुक लाइव आकर किसे गिरफ्तार करने कहा?

**एजेंसी**

**बिहार:** यह मेरी सुरक्षा वापस ले सकते हैं, मुझे डरा सकते हैं लेकिन किसी को न्याय नहीं दिल सकते हैं. यह बात पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने कही. पटना में नीट छात्रा की मौत मामले में सीबीआई की जांच जारी है. पप्पू यादव लगातार इस मामले को उठा रहे और सरकार पर तंज सकते हुए दिख रहे हैं. ऐसे में एक बार फिर सांसद ने फेसबुक लाइव आकर सरकार को घेरा.

**पप्पू यादव ने इन्हें गिरफ्तार करने की मांग की**

पप्पू यादव ने कहा, इस सरकार से कुछ नहीं होगा. अगर नेताओं के घर में किसी बहन-बेटी के साथ दुष्कर्म होगा, तब क्या होगा? इसी तरह से आप सभी नेता लोग चुप बैठेंगे. बिहार बहुत गंदी राजनीति करने की जगह है. साथ ही पप्पू यादव ने नीट मामले में डॉक्टर सतीश की गिरफ्तारी की मांग की. पिछले दिनों जब पप्पू यादव की गिरफ्तारी हुई थी, उस वक्त सांसद का यही कहना था कि



वह नीट छात्रा की मौत का मामला उठा रहे थे, इसलिए पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया गया.

**एक्स पर सांसद ने क्या लिखा?**

फेसबुक लाइव आने से पहले पप्पू यादव ने एक्स के जरिये पोस्ट शेयर किया था. इस पोस्ट के जरिए पप्पू यादव ने अपनी सेक्युरिटी हटाने को लेकर गृह मंत्री और डीजीपी से सवाल किया. पप्पू यादव ने कहा, आखिर मुझ से क्या दुश्मनी है? पप्पू यादव ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा कि क्या BMP के जवान की जगह पर होमगार्ड को तैनात करना है? मार ही दो, नाटक क्यों? सांसद ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी गिरफ्तारी और सुरक्षा में कटौती अहंकार और बदले की भावना का परिणाम है. इस तरह से पप्पू यादव ने सोशल मीडिया के जरिए जमकर भड़ास निकाला.

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने ओडिशा में बनाया उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की महत्वपूर्ण वित्तीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मुख्य प्रणालियों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से ओडिशा में एक उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर बनाया है। यह केंद्र संभावित सीमापार खतरों और भूकंप जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रणनीतिक रूप से स्थित है।

### महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही होगी वापस

MAHAGUN
A NAME THAT PERFORMS


**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को वापस लेने का निर्देश दिया है। यह निर्देश कंपनी और उसके वित्तीय ऋणदाता के बीच समझौता होने के बाद आया है। महागुन और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप के बीच 12 फरवरी, 2026 को हुए समझौते को रिकॉर्ड पर लिया।

### रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। नई अनिश्चितताओं के बीच कमजोर डॉलर की वजह से रुपये में तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी और भू-राजनीतिक चिंताओं ने रुपये की तेजी को सीमित कर दिया।

### यस बैंक को संपत्ति पर प्रतिफल एक फीसदी होने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** सुधार के रास्ते पर अग्रसर निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक को 2025-26 के अंत तक अपनी संपत्ति पर प्रतिफल एक प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। बैंक के सीएफओ निरंजन बनोडकर ने यह जानकारी दी। आरओए लाभप्रदता का एक पैमाना है, जो यह मापता है कि कोई बैंक मुनाफा कमाने के लिए अपनी संपत्ति का कितनी कुशलता से उपयोग कर रहा है।

### तेल-गैस क्षेत्र में बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई



**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष कोल-बेड मीथेन और खोजे गए छोटे क्षेत्रों के लिए बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। सरकार के इस फैसले से निवेशकों को तेल और गैस नियमों में हाल के बदलावों पर विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। संभावित गैस के लिए प्रस्तावित 13 ब्लॉक या क्षेत्रों की बोलियां अब तीन मार्च को बंद होंगी।

### तूतीकोरिन के वीओसी पर परियोजना की शुरूआत



**तूतीकोरिन (तमिलनाडु)।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तूतीकोरिन के वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर 1,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पेश किया। इनका मकसद बंदरगाह बुनियादी ढांचे का उन्नयन करना, स्वच्छ परियोजनायें लगाना और नए जमाने की प्रौद्योगिकी को अपनाना है। इन निवेश से तूतीकोरिन के वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट (वीओसी बंदरगाह) को तमिलनाडु का एक बड़ा 'ट्रांसशिपमेंट हब' बनने में मदद मिलेगी, जिससे समुद्री रास्तों से क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्क बढ़ेगा।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जगह नहीं लेगा एआई, बढ़ाएगा कौशल

नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों की जगह नहीं लेगी, बल्कि उनके कौशल और रचनात्मकता को बढ़ाएगी। उन्होंने यह बात प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नौकरी छूटने की बढ़ती आशंकाओं पर कही।

- माइक्रोसाफ्ट का उद्देश्य लोगों को और कुशल बनाना

स्मिथ ने बातचीत में बताया कि माइक्रोसॉफ्ट का लक्ष्य ऐसी प्रौद्योगिकी विकसित करना है जो लोगों को और अधिक कुशल बनाए। उन्होंने कहा कि एआई दोहराए जाने वाले कोडिंग काम संभाल सकता है, जिससे डेवलपर उत्पाद डिजाइन, सिस्टम आर्किटेक्चर, टेस्टिंग और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इससे सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग का पेशा और रोचक और चुनौतीपूर्ण बनेगा।

## माइक्रोसाफ्ट के अध्यक्ष ने नौकरी छूटने की बढ़ती आशंका पर कहा

### एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा

ब्रैड स्मिथ ने कहा कि एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। उन्होंने उन प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के दिग्गजों के प्रति नाराजगी जताई, जो केवल इंसानों से स्मार्ट मशीनें बनाने पर ध्यान देते हैं।

### हमारा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना

स्मिथ ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट का मुख्य उद्देश्य ऐसी मशीनें बनाना है जो लोगों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करें। स्मिथ ने कहा, "हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। मशीनें स्मार्ट होती जाएं, यह ठीक है, लेकिन हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है।'



### एआई 22 भाषाओं का अनुवाद कर सकता है

अध्यक्ष ने बताया कि एआई का सबसे बड़ा फायदा तब है जब यह मानव संवाद, पढ़ाई और सुनने-समझने की क्षमता को बेहतर बनाए। भारत में सरकारी अधिकारियों के साथ हुई चर्चाओं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एआई 22 भारतीय भाषाओं का अनुवाद करके लोगों के बीच संवाद और समझ बढ़ाने में मदद कर सकता है।

### एआई का उपयोग पेशेवरों को बेहतर बनाने पर

*स्मिथ ने जोर देकर कहा, "हम एआई का उपयोग सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की जगह लेने के लिए नहीं कर रहे, बल्कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की कला को उन्नत बनाने और पेशेवरों को बेहतर बनाने के लिए कर रहे हैं।" स्मिथ ने कहा कि भविष्य की नौकरियों के लिए कौशल में सुधार और तालमेल बनाना जरूरी है। इससे पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और वे बेहतर वेतन पाने के योग्य होंगे।*

## आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल को किया संबोधित

# बैंक गलत तरीके से बीमा उत्पाद बेचना बंद करें अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान दें: सीतारमण

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों द्वारा बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि उन्हें (बैंकों को) अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जतायी है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के बीच फंसा रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहक को भ्रामक जानकारी देकर उत्पाद की बिक्री पर दिशानिर्देशों का मसौदा 11 फरवरी को जारी किया था।

### चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई

मसौदे में कहा गया है कि यदि किसी ग्राहक को गलत तरीके से उत्पाद या सेवा दी जाती है, तो बैंक को ग्राहक द्वारा चुकाई गई पूरी राशि लौटानी होगी और स्वीकृत नीति के अनुसार हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। इस पर चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से बिक्री पर कड़े नियम एक जुलाई से लागू होंगे।

### आरबीआई स्पष्ट निर्देश दे रहा

सीतारमण ने कहा, "मुझे खुशी है कि आरबीआई यह स्पष्ट मार्गदर्शन दे रहा है कि गलत तरीके से बिक्री क्यों बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदेश, बैंकों तक जाना चाहिए कि आप गलत बिक्री नहीं कर सकते। यह शब्द 'गलत बिक्री', किसी को ठेस पहुंचाने के बजाय, शब्दकोश में एक और शब्द बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बैंक ग्राहकों को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए कहते हैं जबकि उनके पास पहले से आवश्यक बीमा होता है।



- वित्त मंत्री ने कहा, मैंने हमेशा इस बात पर आपत्ति जताई
- बैंक बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रही जिसकी जरूरत नहीं
- आरबीआई ने बिक्री पर दिशा निर्देश 11 फरवरी को जारी किया था

### अतिरिक्त बीमा लेने क्यों कहा जाता है

*आरबीआई यह सोचकर ऐसे मामलों की निगरानी नहीं कर रहा था कि यह बीमा नियामक के दायरे में आता है। इरडा का मानना था कि बैंक उसके प्रत्यक्ष नियमन में नहीं आते। इस नियामकीय अंतर के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रखकर गृह ऋण लेता है, तो उससे अतिरिक्त बीमा लेने को क्यों कहा जाता है जबकि जोखिम पहले से 'कवर' होता है।*

### बैंक कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान दे

सीतारमण ने दोहराया कि बैंकों को अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी वित्तीय स्थिति एवं कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंकों का मुख्य कार्य जमा जुटाना एवं ऋण देना है। गैर-बैंकिंग उत्पाद बेचने के बजाय उन्हें कम लागत वाली जमा या कासा (चालू खाता बचत खाता) आधार को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।

### जमा वृद्धि दर 12.5 प्रतिशत

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में जमा वृद्धि लगभग 12.5 प्रतिशत है जबकि ऋण वृद्धि दर 14.5 प्रतिशत के आसपास है। मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) आगे की नीतिगत दरों में कटौती पर निर्णय वृद्धि और मुद्रास्फीति की स्थिति को देखते हुए करेगी।

### सोने के आयात पर कड़ी नजर, चिंता की कोई बात नहीं

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने के आयात पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, हालांकि स्थिति अभी "चिंताजनक स्तर" पर नहीं पहुंची है। भारत का सोना आयात अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान मूल्य के लिहाज से लगभग एक अरब डॉलर बढ़कर 50 अरब डॉलर हो गया। वहीं जनवरी में सोने के आयात के मूल्य और मात्रा, दोनों में अचानक वृद्धि देखी गई है जिसकी समीक्षा केंद्रीय बैंक कर रहा है।*

# खाद्य उत्पादों में मिलावट पर रोक लगाने की मांग

नई दिल्ली



- राज्य मिलावट पर सख्त कार्रवाई करे
- राज्य खाद्य आयुक्तों से निगराना बढ़ाने कहा गया

होली त्योहार से पहले खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य आयुक्तों से निगरानी बढ़ाने और दूध उत्पादों और खाद्य तेल में मिलावट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। राज्य खाद्य आयुक्तों को लिखे पत्र में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि आगामी होली त्योहार के दौरान मिठाई, नमकीन, खाद्य तेल और दूध एवं दुग्ध उत्पादों (जैसे घी, खोआ, पनीर, आदि) और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसमें कहा गया है कि मांग में इस वृद्धि से मिलावट की संभावना बढ़ती है। मिलावटी और असुरक्षित खाद्य उत्पादों, अर्थात - दूध और दुग्ध उत्पाद, मिठाइयां, नमकीन और पापड़, खाद्य तेल एवं घी, अनाज एवं अनाज उत्पाद आदि'' के प्रसार को रोकने के लिए निगरानी और प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### त्योहारी अवधि में हॉट स्पाट चिन्हित करे

एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य आयुक्तों को त्योहारी अवधि के दौरान ''होली-मिलावट विरोधी अभियान - 2026'' के हिस्से के रूप में अपने प्रवर्तन अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में निरीक्षण और नमूने लेने का निर्देश देने के लिए कहा। इन अभियानों को चिन्हित हॉट स्पॉट और संवेदनशील स्थानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## बिजनेस साइट

### डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद हॉस्पिटल के डॉ. अविनाश बैस को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान



**रायपुर।** डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविनाश बैस को राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीआरएवी गुरु की मान्यता प्रदान की गई है। यह सम्मान आयुर्वेद के क्षेत्र में दीर्घकालिक योगदान, क्लिनिकल विशेषज्ञता और गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से ज्ञान प्रसार के लिए दिया जाता है। सीआरएवी (सर्टिफिकेट ऑफ राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ) कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु के रूप में चयन राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है, जो केवल अनुभवी और योग्य वैद्यों को ही प्राप्त होती है। डॉ. बैस के पास 28 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वे पंचकर्म, जोड़ों के रोग, पाचन तंत्र संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग और समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं। अस्पताल के संस्थापक डॉ. अभिमन्यु साहू ने इसे पूरे संस्थान और प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण बताया। वहीं, डॉ. बैस ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ आयुर्वेद की शाश्वत चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करेगा।

### चाणक्य लॉ एकेडमी का सिविल जज परीक्षा में रहा दबदबा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम 20 फरवरी 2025 को जारी कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों में चाणक्य लॉ एकेडमी ने एक बार फिर उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए अपना परचम लहराया है। कुल 57 पदों में से 35 पदों पर संस्थान के विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो प्रदेश में विधि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के क्षेत्र में उसकी सुदृढ़ स्थिति को दर्शाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। संस्थान के मेंटर नितिन नामदेव ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के अनुशासन, निरंतर परिश्रम और समर्पण को दिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सिविल जज परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ अब रायपुर में सीएलएटी अभ्यर्थियों के लिए 'क्लैट पॉसिबल' सेंटर भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। अंतिम सूची में संस्थान के कई विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। आयुष चौरसिया ने तीसरा, एकांश अग्रवाल ने पांचवां, कार्तिकी अवंतिका ने आठवां और अपेक्षा सिंघई ने नौवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सिमरप्रीत सलूजा, दीपांशी जैन, कुसमांजली सिन्हा सहित अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न रैंक हासिल कर संस्थान और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' की हुई भव्य लॉन्चिंग, मिला शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप द्वारा अपने बहुप्रतीक्षित नए प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' की भव्य लॉन्चिंग रविवार को पुरानी धमतरी रोड, टेकारी, रायपुर में की गई। लॉन्चिंग के पहले ही दिन इस प्रोजेक्ट को ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पांस मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने साइट विजिट कर प्लॉट की बुकिंग कराई। श्री स्वास्तिक ग्रुप के अनुसार, लॉन्चिंग के दिन लगभग 60 प्रतिशत प्लॉट बुक हो चुके हैं और अब केवल 2000 से 6000 वर्ग फीट के चुनिंदा प्लॉट ही उपलब्ध हैं। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि 'फॉरेस्टा' को विशेष रूप से फॉरेस्ट-आधारित थीम पर विकसित किया जा रहा है, जो ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट आधुनिक सुविधाओं, बेहतरीन लोकेशन और उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को सुरक्षित और लाभकारी निवेश का अवसर मिल सके। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आवासीय प्रोजेक्टः प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अनेक अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें भव्य प्रवेश द्वार, कंक्रीट रोड, कवर्ड कैंपस, सीसीटीवी सर्विलांस, अंडरग्राउंड ड्रेनेज एवं सीवरेज सिस्टम, अंडरग्राउंड केबलिंग और आकर्षक लैंडस्केप गार्डन शामिल हैं। साथ ही भव्य बैंक्विट हॉल, मल्टीपर्पज कोर्ट, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, योग, एरोबिक्स एवं मेडिटेशन जोन, इंडोर एवं आउटडोर गेम्स तथा वॉकिंग ट्रैक जैसी प्रीमियम सुविधाएं शामिल हैं।

# सरकार के शुद्ध बाजार उधारी में आई गिरावट

**मुंबई।** सरकार की शुद्ध बाजार उधारी में गिरावट से निजी क्षेत्र के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होने की संभावना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, केंद्र सरकार की शुद्ध बाजार उधारी वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के तीन प्रतिशत तक घटाने का प्रस्ताव है, जो महामारी-पूर्व स्तर की ओर धीरे-धीरे वापसी का संकेत है। इस साल के लिए 17.3 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी का प्रस्ताव कई लोगों की अपेक्षाओं से अधिक माना गया है। इससे निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध संसाधनों और बजट दिवस पर बाजार में गिरावट को लेकर चिंता हुई। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध बाजार उधारी महामारी से पहले वित्त वर्ष 2019-20 में 4.73 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 2.4 प्रतिशत) थी।

# शुल्क पर अमेरिकी अदालत के फैसले से शेयर बाजार उत्साहित

- सेंसेक्स 480 अंक चढ़ा, निफ्टी में 142 अंक की तेजी
- बैंक, वाहन और वित्तीय शेयरों में खरीदारी रही

मुंबई



अमेरिका में व्यापक शुल्क आदेश रद्द होने से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और वित्तीय शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल जारी व्यापक शुल्क आदेशों को अवैध घोषित कर दिए जाने के बाद निवेशक धारणा में सुधार देखा गया।बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक चढ़कर 83,486.15 अंक तक पहुंच गया था।

*__अदाणी पोर्ट्स में रही सबसे अधिक तेजी :__ सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.98 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो में भी बढ़त रही।*

*__इंफोसिस व टेक महिंद्रा में गिरावट__*

*दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, टाटा स्टील और इंडिगो के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।*

## बायोगैस मिश्रण पर उत्पाद शुल्क छूट से बढ़ेगा निवेश...



**नई दिल्ली।** संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में मिलाई जाने वाली बायो-गैस पर प्रस्तावित उत्पाद शुल्क छूट और एक स्पष्ट नीतिगत दिशा से देश में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में मदद मिल सकती है। इंडियन बायो-गैस एसोसिएशन (आईबीए) ने यह बात कही। आईबीए ने बयान में कहा कि सरकार ने हाल ही में घोषित आम बजट 2026-27 में सीएनजी के साथ मिश्रित संपीडित बायो-गैस (सीबीजी) पर उत्पाद शुल्क में छूट प्रदान की है। यह 2070 तक "शुद्ध शून्य उत्सर्जन" लक्ष्य की ओर भारत के ऊर्जा बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान के अनुसार, यदि देश भर में शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क अगले पांच वर्षों में केवल पांच प्रतिशत बायो-गैस मिश्रण का स्तर भी हासिल कर लेते हैं, तो इसके लिए सालाना लगभग 25-30 लाख टन सीबीजी की आवश्यकता होगी।

# चांदी 8,000 रुपए चढ़ी और सोना 3,300 रुपए मजबूत

नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद बढ़ती वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मजबूत सुरक्षित-निवेश की मांग के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान चांदी 2.7 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि सोना 1.6 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। चांदी शुक्रवार के 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 8,000 रुपये या 3.03 प्रतिशत चढ़कर 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

## रियल एस्टेट सलाहकार आईएसआईआर व सीआरई ने जारी की रिपोर्ट

# गुरुग्राम ने लक्जरी घरों की बिक्री में मुंबई को पीछे छोड़ा


नई दिल्ली

गुरुग्राम में 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री 2025 में मूल्य के हिसाब से 80 प्रतिशत बढ़कर 24,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। मूल्य के लिहाज से गुरुग्राम ने मुंबई को पीछे छोड़ दिया है। एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। रियल एस्टेट सलाहकार 'इंडिया सॉथबीज इंटरनेशनल रियल्टी' और डेटा विश्लेषक कंपनी सीआरई मैट्रिक्स द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) स्थित गुरुग्राम ने 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले मकानों की बिक्री के कुल मूल्य के मामले में मुंबई को पीछे छोड़ दिया। इस श्रेणी में गुरुग्राम में 24,120 करोड़ रुपये के, जबकि मुंबई में 21,902 करोड़ रुपये के घरों की बिक्री हुई।

- गुरुग्राम में 10 करोड़ से अधिक कीमत के घरों की बिक्री 80 फीसदी बढ़ी

### वृद्धि पुराने प्रतिष्ठित इलाकों तक सीमित नहीं

इंडिया सॉथबीज इंटरनेशनल रियल्टी की निदेशक (एरिया) टीना तलवार ने कहा, " खास बात यह है कि यह वृद्धि अब केवल पुराने प्रतिष्ठित इलाकों तक सीमित नहीं है। द्वारका एक्सप्रेसवे, गोल्फ कोर्स रोड और गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड जैसे उभरते बाजार सामूहिक रूप से संरचनात्मक विस्तार को गति दे रहे हैं जिसे बुनियादी ढांचे में सुधार, बेहतर परियोजनाओं की पेशकश और बेहतर संपर्क का समर्थन मिल रहा है।"



### वर्ष 2025 से गुरुग्राम आगे निकला

रिपोर्ट कहती है, " मुंबई पारंपरिक रूप से देश का सबसे महंगा रियल एस्टेट बाजार रहा है, लेकिन 2025 के दौरान 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की कुल बिक्री के मूल्य के मामले में गुरुग्राम उससे आगे निकल गया।"

*__पिछले कैलेंडर वर्ष में 24,120 करोड़ की बिक्री हुई :__ गुरुग्राम में 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री पिछले कैलेंडर वर्ष में लगभग तीन गुना होकर 1,494 इकाई पर पहुंच गई, जो 2024 में 519 इकाई रही थी। मूल्य के आधार पर बिक्री 2024 के 13,384 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 24,120 करोड़ रुपये हो गई।*

*__लक्जरी खंड में दस गुना वृद्धि :__ सीआरई मैट्रिक्स के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक किरण गुप्ता ने कहा कि पिछले दो साल में लक्जरी खंड में लगभग 10 गुना वृद्धि से खरीदारों का सतत भरोसा, मजबूत पूंजी प्रवाह और उच्च संपदा वाले व्यक्तियों की बढ़ती संख्या का संकेत मिलता है।*

## खबर संक्षेप



### आईजीपीएल देगा 10 करोड़ डॉलर की फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने देश भर के 10 फ्रेंचाइजी साझेदारों से 10 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता की घोषणा की, जिसमें प्रत्येक निवेशक ने 10 साल की अवधि में लगभग एक करोड़ डॉलर देने का वादा किया। यह खेल को पेशेवर बनाने और इसके विस्तार के लिए लंबे समय तक चलने वाले प्रयास का संकेत है। आईजीपीएल ने पिछले साल अपना पहला पेशेवर टूर आयोजित किया था जिसमें 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें 54 होल की मिश्रित स्पर्धाएं कट रहित प्रारुप में खेली गईं। प्रत्येक टूर्नामेंट की इनामी राशि डेढ़ करोड़ रुपए थी। इस टूर में भारत, दुबई और कोलंबो में प्रतियोगिताएं हुई थीं। आईजीपीएल ने पिछले साल जुलाई में एक शहर आधारित फ्रेंचाइजी लीग की योजना की घोषणा की थी, जो शुरू में जनवरी-फरवरी के लिए तय थी।

### भारत को परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए

**अहमदाबाद।** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए। गावस्कर ने कहा, ' भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरुरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ।'



### वरुण पर दबाव बनाने के इरादे से उतरा था: मिलर

**अहमदाबाद।** भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम की रणनीति के बारे में आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि इसके लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरुरत थी। मिलर ने कहा,' मुझे लगता है कि यह पक्का करने के बारे में है कि अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।' उन्होंने कहा,' एक बार फिर हमें लगा कि उस पर दबाव बनाना जरूरी है क्योंकि वह हर विरोधी टीम के लिये खतरा साबित होता है। हमने इस पर बात की थी।' अपनी पारी के बारे में मिलर ने कहा कि उन्होंने 'बेसिक्स' पर अमल किया, जिससे अब तक उन्हें सफलता मिलती आई है।
उन्होंने कहा,' यह सुनिश्चित करना था कि आप सरल चीजों पर और अपनी तैयारियों के बेसिक्स पर अडिग रहें।



### जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे श्रीकांत, तन्वी

**मुल्हेम आन डेर रुर।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 में उप विजेता रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे। वह अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। महिला एकल विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज 16 साल की तन्वी पहले दौर में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी।



# सुपर-8 में आज इंग्लैंड और पाकिस्तान का आमना-सामना, स्पिनरों पर रहेगा फोकस

**पाल्लेकल**

धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है लेकिन दो बार की चैंपियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया, जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरुप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले। विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरुरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।



### साल्ट फॉर्म में लौटे

सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट श्रीलंका के खिलाफ उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में लौटे हैं। टूर्नामेंट में पहली बार उन्होंने पावरप्ले के बाद तक बल्लेबाजी की। जोस बटलर का फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है लेकिन उन्हें कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन हासिल है। इंग्लैंड ने इस महीने की शुरुआत में इस मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 3-0 से जीती थी। ब्रूक ने श्रीलंका को हराने के बाद कहा,' अभी तक हम बल्लेबाजी में परफेक्ट खेल नहीं दिखा सके हैं। हमें अच्छी शुरुआत और बड़े स्कोर नहीं मिले। मुझे लगता है कि बहुत जल्दी वह होगा। जोस बटलर, जैकब बेथेल और मैं खुद बड़े स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन इसके बावजूद हम जीतने में कामयाब रहे।'

### पाकिस्तान के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया, जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे। उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी हालांकि चिंता का सबब है, खासकर अच्छे स्पिनरों के खिलाफ वे टिक नहीं पा रहे।

**टीमें इस प्रकार**

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बेंटोन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जैमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, जोश टंग, ल्यूक वुड

**पाकिस्तान:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक। \

**मैच :** शाम 7 बजे से शुरू होगा।


## तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज हो सकता है बाहर

# द.अफ्रीका से हार के बाद टीम मैनेजमेंट सख्त आउट ऑफ फॉर्म बल्लेबाज पर फैसला जल्द

**अहमदाबाद**

भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिए। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82.75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाए हैं।बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा,' अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा।' उन्होंने कहा,' अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है।'





### रणनीति के कारण लिया गया फैसला : डोइशे

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले की काफी आलोचना हो रही है लेकिन भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से रणनीतिक कारणों से लिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया और वॉशिंगटन सुंदर बल्ले तथा गेंद दोनों से फ्लॉप रहे, जिन्हें अक्षर की जगह उतारा गया था। टेन डोइशे ने कहा,' हमने पिछले कुछ दिन में अंतिम एकादश पर काफी मंथन किया। हम मैच अप पर विचार कर रहे थे। वैसे अक्षर को उतारने का फैसला सही लग रहा था लेकिन हमें आठवें बल्लेबाज के रूप में अक्षर की जरुरत थी। यह फैसला उसी आधार पर लिया गया।' उन्होंने कहा,' अक्षर की नेतृत्व क्षमता और अहमियत हम सभी जानते हैं। इस फैसले का मतलब उसे कमतर आंकना बिल्कुल नहीं है।' बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा कि अक्षर को मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस फैसले के बारे में अच्छी तरह समझाया था। उन्होंने कहा,' सूर्या और गौतम दोनों ने इस फैसले के बारे में अक्षर से बात की थी। वॉशिंगटन को खिलाने का यही कारण था कि उनके शीर्ष पांच में तीन खब्बू बल्लेबाज थे और हमें लगा कि एक आफ स्पिनर को खेलना चाहिए। क्विंटॉन डिकॉक और रियान रिकेलटन को बुमराह ने आउट कर दिया तो सुंदर को दो ओवर से ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी।'

### अभिषेक की तैयारियों पर पड़ा असर

कोटक ने कहा कि अभिषेक और तिलक का फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा,' मैं अभि या तिलक के लिए बहाना नहीं बनाऊंगा। उन्हें बहानों की जरूरत नहीं है । मुझे लगता है कि पेट के संक्रमण से अभिषेक की तैयारियों पर काफी असर पड़ा है और वह वैसे नहीं खेल पा रहा, जैसे खेलना चाहिए था।' यह पूछने पर कि उसे क्या सलाह देंगे, कोटक ने कहा ,'' बल्लेबाजी कोच होने के नाते मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की बजाय उसके दिमाग को व्यवस्थित रहने दें। दो दिन में आप कुछ बदल नहीं सकते बल्कि जरुरत से ज्यादा सलाह देने से उसका आत्मविश्वास हिल सकता है। उसे अभी गेंद को देखकर अपनी पारी को बेहतर बनाना होगा।'




## एलिसी खेलेंगी आखिरी वनडे सीरीज बेथ मूनी होंगी नई विकेटकीपर

**नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली भारतीय टीम के खिलाफ अपनी आखिरी वनडे सीरीज खेलने के लिए तैयार हैं। एलिसी हीली की जगह अब बेथ मूनी को ऑस्ट्रेलिया टीम की नई फुल- टाइम विकेटकीपर नियुक्त किया गया है।

35 वर्षीय हीली मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में होने वाले पहले वनडे में टीम की कप्तानी करेंगी। यह मुकाबला उनके दो सप्ताह लंबे विदाई दौरे की शुरुआत होगा, जिसमें होबार्ट में दो और वनडे और अगले महीने पर्थ के वाका में एक टेस्ट खेला जाएगा।



### सभी फॉर्मेट में किए 275 शिकार

टेस्ट के साथ हीली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। हीली 2014 से ऑस्ट्रेलिया की पहली पसंद की विकेटकीपर रही हैं और उन्होंने सभी फॉर्मेट में रिकॉर्ड 275 शिकार किए हैं। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है।

### मूनी पहले भी कर चुकी हैं विकेटकीपिंग

मूनी को लंबे समय से भविष्य की नियमित विकेटकीपर माना जा रहा था, लेकिन टीम प्रबंधन ने इस होम समर में ही उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप दी। माना जा रहा है कि टी20 सीरीज में लगातार कीपिंग करने और पिछले एक साल में विकेटकीपिंग में आए सुधार ने उन्हें यह मौका दिलाया। हीली की गैरमौजूदगी में मूनी पहले भी 28 बार पर विकेटकीपिंग कर चुकी हैं। सीरीज से पहले मूनी ने कहा कि फुल-टाइम जिम्मेदारी मिलने से उनकी तैयारी बेहतर होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि अलग-अलग फील्डिंग पोजीशन और कीपिंग के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब स्पष्ट भूमिका मिलने से उन्हें फायदा होगा। ऑस्ट्रेलिया का अगला कार्यक्रम वेस्टइंडीज का मल्टी-फॉर्मेट दौरा और जून में इंग्लैंड में होने वाला टी20 वर्ल्ड कप है। ऐसे में मूनी का स्थायी विकेटकीपर बनना टीम की निरंतरता और भविष्य की योजनाओं के लिहाज से अहम कदम माना जा रहा है।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

## कर्नाटक के खिलाफ जम्मू कश्मीर को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन



**हुब्बली**

पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू कश्मीर की कहानी लगन और जुझारुपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिए इस छिपी रुस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय-समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग-अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### कर्नाटक के बल्लेबाजों ने लिखी कामयाबी की कहानी

राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरुआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है। उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है। कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है, जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे। उनका साथ देने के लिए विद्वत कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, विशाख विजयकुमार, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान हैं। लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल 46 विकेट लेने के अलावा 442 रन बना चुके हैं।

### जम्मू-कश्मीर पहली बार खेलेगी फाइनल

जम्मू-कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिए हैं और यहां पर भी पिच से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है।
बंगाल और मध्यप्रदेश जैसे दिग्गजों को हराने वाली जम्मू कश्मीर टीम के पास पारस डोगरा जैसा अनुभवी कप्तान है। मुख्य कोच अजय शर्मा और 41 वर्ष के डोगरा को खिलाड़ियों को बिना किसी दबाव के खुलकर खेलने का गुरुमंत्र देना होगा। जम्मू कश्मीर के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभम खजूरिया और बाएं हाथ के स्पिनर वंशराज शर्मा को अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगने के बाद मेडिकल सहायता लेनी पड़ी। खजूरिया को पीठ में तकलीफ थी जबकि वंशराज के टखने में चोट लगी थी। उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाया गया ।

## आईएसएल : बराबरी पर खत्म हुआ बेंगलुरु और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड का मुकाबला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। बेंगलुरु एफसी ने पहले हाफ में ब्रायन सांचेज के 18वें मिनट के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने दूसरे हाफ में लालरिंजुआला के 68वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के शुरुआती दबाव के बावजूद पहला गोल बेंगलुरु ने किया। अशिक कुरुनियां ने ब्रायन को बाएं किनारे से पास दिया और अर्जेंटीनी खिलाड़ी ने दाएं पैर से गोल कर टीम का खाता खोला। मैच के 64वें मिनट में मैदान पर आये लालरिंजुआला ने तुरंत प्रभाव दिखाया। इस स्थानापन्न खिलाड़ी ने 68वें मिनट में अशीर से गेंद लेकर शानदार नियंत्रण बनाया और गुरप्रीत के ऊपर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मैच का निर्णायक गोल नहीं होने के कारण मुकाबला रोमांचक अंदाज में बराबरी पर समाप्त हुआ।

# ऑस्ट्रेलिया 8 साल बाद करेगा साउथ अफ्रीका का दौरा, शेड्यूल का ऐलान

**नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 8 आठ साल बाद साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाएगी। साल 2026 के अंत में उसका दौरा होगा। इसमें तीन वनडे और इतने ही टेस्ट खेले जाने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2018 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका का दौरा किया था। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने अपना 2026-27 का शेड्यूल जारी किया। इसमें बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। इसके तहत पहले तीन वनडे खेले जाएंगे, जो डरबन, जोहानिसबर्ग और पॉचेफस्ट्रूम में होंगे। यह सीरीज 24 से 30 सितंबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद अक्टूबर में टेस्ट सीरीज होनी है। ये मुकाबले डरबन, गबेरहा और केप टाउन में होंगे। वनडे और टेस्ट सीरीज के बीच में ऑस्ट्रेलियाई टीम एक वॉर्म अप मुकाबला भी खेलेगी।



### ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे जाएगी

समझा जाता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका जाने से पहले जिम्बाब्वे जाएगी। वहां पर वनडे मुकाबले खेलेगी। अभी यह तय नहीं है कि कितने मैच होंगे और कहां खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम अगस्त में बांग्लादेश टीम की मेजबानी करेगी। साउथ अफ्रीकी टीम साल के आखिर में बांग्लादेश और इंग्लैंड के साथ भी घर पर टेस्ट खेलेगी।

## वनडे सीरीज: भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला मैच आज सुबह 9.20 से

# ऑस्ट्रेलिया को फिर चित करने की तैयारी में भारतीय महिला टीम

**ब्रिसबेन**

टी20 श्रृंखला जीत चुकी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था।

यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारुप से विदा लेने जा रही हैं। भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती, जो पिछले एक दशक में इस प्रारुप में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं।



### प्रतिका वनडे टीम में शामिल

भारत के लिए काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरुंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं। टखने की चोट से उबरी प्रतिका को बाद में वनडे टीम में शामिल किया गया। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 में 82 रन बनाए और वह इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी। मंधाना ने कहा,' आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना खास है। हम विश्व क्रिकेट में दबदबा बनाना चाहते हैं लिहाजा किसे कराते हैं और कहां हराते हैं, यह मायने नहीं रखता। हमें बस लगातार जीतना है और शीर्ष पर रहना है।' जेमिमा रौड्रिग्स भी अच्छी लय में हैं, जिन्होंने तीसरे टी20 में 59 रन बनाए थे। कप्तान हरमनप्रीत कौर को पहले टी20 में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन दूसरे में उन्होंने 36 और तीसरे में नाबाद दो रन बनाए थे।

### दीप्ति के फॉर्म में लौटने की उम्मीद

गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और श्रीचरणी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा से फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी। आस्ट्रेलियाई टीम में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है। एलिसे पैरी, एशले गार्डनर, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, हीली और किंग से प्रेरणा लेकर वे वापसी की कोशिश करेंगे। दूसरा मैच 27 फरवरी को और तीसरा 1 मार्च को होबार्ट में खेला जाएगा।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रौड्रिग्स, काशवी गौतम , हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**आस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान ), सोफी मोलिनू, डार्सी ब्राउन, निकोला कारी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पैरी, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

मैच सुबह 9.20 से शुरू होगा।

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में ओडिशा और झारखंड से जजों की तैनाती की अनुमति दी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर दोनों पक्षों, पश्चिम बंगाल सरकार और भारत के चुनाव आयोग की चिंताएं समान रूप से महत्वपूर्ण है. सुप्रीम कोर्ट ने इसमें आगे कहा कि, अदालत को मतदाता सूची की शुद्धता और पवित्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है. सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि कलकत्ता हाई कोर्ट पश्चिम बंगाल में वोटर रोल के रक्फ़ में तेजी लाने के लिए कम से कम तीन साल के अनुभव वाले सिविल जजों को भी तैनात कर सकता है.

यह मामला सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच के सामने आया.

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि 'तार्किक विसंगति' और अनमैप्ड कैटेगरी में आने वाले वोटर दस्तावेज की जांच के लिए 294 मौजूदा और रिटायर्ड जिला और अतिरिक्त जिला जजों को लगाने के बाद भी, 50 लाख मामलों को कवर करने के लिए इस काम में करीब 80 दिन लगेंगे. कार्य के पैमाने को स्वीकार करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कम से कम तीन साल के अनुभव वाले न्यायिक अधिकारियों को नियुक्त करने की अनुमति दी. याचिकाकताओं में से एक का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि यदि न्यायाधीश अलग-अलग राज्यों से आते, तो वे बंगाली नहीं समझ पाते. इतिहास का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि, झारखंड का कुछ हिस्सा और ओडिशा का कुछ हिस्सा, एक समय बंगाल का हिस्सा थे.

सीजेआई ने आगे कहा कि लोग अभी भी स्थानीय बोली समझते हैं और कम से कम उन्हें इससे कुछ जान-पहचान है. वकील डी एस नायडू ने बेंच के सामने चुनाव आयोग की तरफ से कहा कि वे 28 फरवरी को एक अंतिम सूची प्रकाशित कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि अनुपूरक सूची के लिए कोई टाइम फ्रेम नहीं है, और कहा कि यह काम नामांकन की आखिरी तारीख तक जारी रह सकता है. बेंच ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी सूची प्रकाशित कर सकता है और यह काम जारी रह सकता है. बेंच ने कहा कि, एक सप्लीमेंट्री लिस्ट पब्लिश की जाएगी जिसमें एक डीमिंग क्लॉज होगा जिसमें लिखा होगा कि यह 28 फरवरी को पब्लिश हुई थी.

# नमो भारत कॉरिडोर का धमाकेदार आगाज : पहले ही दिन 1 लाख यात्रियों ने किया सफर, बना नया रिकॉर्ड

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर ने संचालन के पहले ही पूरे दिन यात्रियों की संख्या का नया रिकॉर्ड बना दिया. अधिकारियों के अनुसार 23 फरवरी 2026 को रात 10 बजे आखिरी ट्रेन रवाना होने तक इस रूट पर कुल यात्रियों की संख्या 1 लाख का आंकड़ा पार कर गई. ये किसी एक दिन में अब तक की सबसे अधिक दर्ज संख्या है. एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे कॉरिडोर और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन किया था, जिसके बाद यह पहला पूरा परिचालन दिवस था. नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) के मुताबिक यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कॉरिडोर के स्टेशनों पर 8,000 से अधिक वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है. गाजियाबाद स्टेशन पर सबसे बड़ी चारपहिया पार्किंग बनाई गई है, जहां 370 कारें व 632 दुपहिया वाहन खड़े किए जा सकते हैं. साहिबाबाद स्टेशन पर 76 कार और 223 दुपहिया, जबकि गुलधर स्टेशन पर 191 कार व 848 दुपहिया वाहनों की पार्किंग उपलब्ध है.

दिल्ली के सराय काले खां नमो भारत स्टेशन पर 266 कारों व 837 दुपहिया वाहनों के लिए जगह है. ये स्टेशन बस अड्डा, रेलवे स्टेशन व मेट्रो से जुड़ाव के कारण मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है. आनंद विहार स्टेशन पर भी पार्किंग की सुविधा दी गई है. मेरठ में भी स्टेशनों पर बड़ी पार्किंग क्षमता तैयार की गई है. मेरठ साउथ स्टेशन पर 289 कार व 854 दुपहिया वाहन खड़े किए जा सकते हैं. मोदीपुरम स्टेशन पर 135 से अधिक कार व 1,200 से ज्यादा दुपहिया वाहनों की पार्किंग उपलब्ध है, जबकि शताब्दी नगर स्टेशन पर भी करीब 120 कार व 350 दुपहिया वाहन पार्क किए जा सकते हैं.

# गृह मंत्रालय ने पहली बार जारी की राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने पहली बार नेशनल काउंटर टेररिज्म पॉलिसी (राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति) जारी की है. प्रहार नाम की इस डॉक्यूमेंटेड पॉलिसी में कहा गया है कि भारत सीमा पार से राज्य-प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित है, जिसमें जिहादी आतंकवादी संगठनों के साथ-साथ उनके मुखौटा संगठन भी भारत में आतंकी हमलों की साजिश, समन्वय, सुविधा और उन्हें अंजाम देने में लगे हुए हैं. मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि CBRNED (केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर, एक्सप्लोसिव, डिजिटल) सामग्री तक पहुंचने और उसका इस्तेमाल करने की आतंकवादी कोशिशों को बाधित करना और रोकना भारत में आतंकवाद विरोधी एजेंसियों के लिए चुनौती बनी हुई है. साथ ही, यह भी कहा कि सरकारी और गैर-सरकारी कारकों द्वारा ड्रोन और रोबोटिक्स का खतरनाक उद्देश्यों के लिए गलत इस्तेमाल करने का खतरा भी चिंता का एक और विषय है. क्रिमिनल हैकर्स और देश साइबर अटैक के जरिये भारत को निशाना बनाते रहते हैं. काउंटर टेररिज्म पॉलिसी डॉक्यूमेंट में कहा गया है, भारत अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया जैसे वैश्विक आतंकी समूहों के निशाने पर रहा है, जो स्लीपर सेल के जरिये देश में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं. आगे कहा गया है कि दूसरे देशों की जमीन से काम करने वाले हिंसक चरमपंथियों ने आतंकवाद को बढ़ावा देने की साजिशें रची हैं. डॉक्यूमेंट में कहा गया है, सीमा पार से उनके हैंडलर अक्सर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों और हमलों को आसान बनाने के लिए ड्रोन समेत नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं. भारत में आतंकी हमलों को अंजाम देने और उन्हें आसान बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स और भर्ती के लिए आतंकवादी समूह तेजी से संगठित आपराधिक नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं. गृह मंत्रालय के मुताबिक, प्रोपेगैंडा, संचार, फंडिंग और आतंकी हमले को निर्देशित करने के लिए, ये आतंकवादी समूह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ-साथ 'इंस्टेंट मैसेजिंग एप्लीकेशन' का भी इस्तेमाल करते हैं. पॉलिसी में कहा गया है कि एन्क्रिप्शन, डार्क वेब, क्रिप्टो वॉलेट आदि जैसी तकनीक में विकास ने इन समूहों को गुमनाम रूप से काम करने को आसान बनाया है.

### आतंकवादी हमलों की रोकथाम

पॉलिसी डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि इंटेलिजेंस ब्यूरो में जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस के साथ मल्टी एजेंसी सेंटर का संचालन, देश भर में सीटी से जुड़े इनपुट्स को अच्छे से और रियल टाइम में शेयर करने और बाद में रुकावट से बचाने के लिए नोडल प्लेटफॉर्म बना रहेगा. इसमें कहा गया है, आईबी में एमएसी/जेटीएफआई के तंत्र के तहत केंद्रीय एजेंसियों और राज्य पुलिस बलों के साथ सीटी संचालन के लिए घनिष्ठ साझेदारी बनाई गई है. पॉलिसी में आगे कहा गया है कि हाल के दिनों में, गैर-कानूनी हथियार सिंडिकेट और आतंकवादी समूहों के बीच साठगांठ सामने आई है, और इससे निपटने के लिए, अलग-अलग भारतीय राज्यों में इंटेलिजेंस एजेंसियों के साथ-साथ संबंधित सुरक्षा एजेंसियों द्वारा मिलकर दखल दिया जा रहा है. डॉक्यूमेंट में कहा गया है, भारतीय कानूनों के तहत कानूनी ढांचे के जरिये आतंकी फंडिंग नेटवर्क को बाधित करने पर विशेष जोर दिया गया है. पॉलिसी में आगे कहा गया है कि भारत को जल, जमीन और हवा, तीनों मोर्चों पर आतंकवादी खतरों का सामना करना पड़ रहा है. इसमें आगे कहा गया है, भारतीय सीमा की सुरक्षा करने वाले बलों (डिफेंस, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स) के साथ-साथ इमिग्रेशन अथॉरिटीज भारतीय सीमा को सुरक्षित करने के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट टूल्स और टेक्नोलॉजी से लैस हैं. भारतीय अर्थव्यवस्था के जरूरी क्षेत्रों जैसे पावर, रेलवे, एविएशन, पोर्ट्स, डिफेंस, स्पेस और परमाणु ऊर्जा को सरकारी और नॉन-स्टेट कारकों से बचाने के लिए क्षमता का विकास किया गया है.

# केरल का नाम केरलम किए जाने पर मुहर, पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया फैसला

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र ने मंगलवार को केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया. केंद्र का यह आखिरी कदम राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले आया है, जो इस साल की शुरूआत में होने वाले हैं. एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसले के बारे में बताते हुए यह घोषणा की. केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी के बाद, भारत के राष्ट्रपति केरल बिल, 2026 नाम का एक बिल, भारत के संविधान के आर्टिकल 3 के प्रावधान के तहत अपने विचार बताने के लिए केरल राज्य विधानसभा को भेजेंगे. सरकार के , केरल राज्य विधानसभा के विचार मिलने के बाद, भारत सरकार आगे की कार्रवाई करेगी और संसद में केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के लिए केरल बिल, 2026 पेश करने के लिए राष्ट्रपति की सिफारिश ली जाएगी. खास बात यह है कि केरल विधानसभा ने 24 जून, 2024 को 'केरल' राज्य का नाम बदलकर केरलम करने का प्रस्ताव पास किया था. विधानसभा मे कहा गया, हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में 'केरलम' है. भाषा के आधार पर 1 नवंबर, 1956 को राज्य बने थे. केरल पिरवी दिवस भी 1 नवंबर को ही होता है. राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही मलयालम भाषा बोलने वाले लोगों के लिए यूनाइटेड केरल बनाने की जोरदार मांग रही है.

लेकिन संविधान के पहले शेड्यूल में हमारे राज्य का नाम केरल दर्ज है. प्रस्ताव में कहा गया, यह विधानसभा एकमत से केंद्र सरकार से अपील करती है कि वह संविधान के आर्टिकल 3 के अनुसार 'केरलम' नाम बदलने के लिए तुरंत कदम उठाए. इसके बाद, केरल सरकार ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वह संविधान के आर्टिकल 3 के अनुसार 'केरल' राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करके संविधान के पहले शेड्यूल में बदलाव करने के लिए जरूरी कदम उठाए. संविधान के आर्टिकल 3 में मौजूदा राज्यों के नाम बदलने का प्रावधान है. 'केरल' राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने के मामले पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय में विचार किया गया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय सहकारिता मंत्री की मंजूरी से, केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के लिए कैबिनेट के लिए ड्राफ्ट नोट, कानून और न्याय मंत्रालय के कानूनी मामलों और विधायी विभाग को उनके टिप्पणी के लिए भेजा गया.

# अंगदान 12 साल में 4 गुना बढ़ा, तेलंगाना देश में दूसरे नंबर पर

एजेंसी



**हैदराबाद।** केंद्रीय परिवार स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 12 सालों के दौरान देश में अंग दान में काफी बढ़ोतरी हुई है. आंकड़ों से यह साफ है कि 2013 में जहां अंग दान करने वालों की संख्या 5,000 से कम थी, वहीं 2025 में यह चार गुना बढ़कर 20,000 हो गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में अंगदान पर चर्चा की थी. उन्होंने लोगों से अंगदान करने की अपील की. पिछले साल देश भर में 1200 परिवार अपने प्रियजनों के अंग दान करने और दूसरों के जीवन को रोशन करने के लिए बड़े दिल से आगे आए. तेलंगाना उन राज्यों में दूसरे स्थान पर है जहां सबसे ज्यादा अंग दान करने वाले लोग हैं. यह नेशनल एवरेज से ज्यादा है लेकिन सभी को लगता है कि दूसरे राज्यों के मुकाबले हमारे देश में मरने वालों के परिवारों को सही पहचान और सम्मान नहीं मिल रहा है.

### अगर जागरूकता बढ़ाई जाए

हाल ही में केरल में डॉक्टरों ने एक 10 महीने के बच्चे को ब्रेन डेड बताया. मरने वाले के दुख के बावजूद, परिवार वालों ने बच्चे के ऑर्गन डोनेट कर दिए. बच्चे ने चार लोगों की जान बचाई. केरल सरकार के बच्चे के ऑफिशियल सम्मान के साथ अंतिम संस्कार ने पूरे देश का ध्यान खींचा. एपी ने भी ऑर्गन डोनर के परिवारों के लिए ऑफिशियल सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने के आदेश जारी किए हैं. राज्य में भी मेडिकल और हेल्थ डिपार्टमेंट ने ऑर्गन डोनर का सही तरीके से सम्मान करने के आदेश जारी किए हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं हो रहा है. अगर राज्य लेवल पर बड़े अधिकारी और जिलों में कलेक्टर ऑर्गन डोनर के परिवार वालों का सही तरीके से सम्मान करें, तो डोनर की संख्या और बढ़ने की संभावना है. हाल ही में सरकार ने सभी टीआईएमएस अस्पतालों में ऑर्गन डोनेशन के लिए खास थिएटर बनाए हैं. इसके साथ ही, एक्सपर्ट्स की राय है कि सभी सरकारी अस्पतालों में अवेयरनेस प्रोग्राम बढ़ाए जाने चाहिए. कोई भी रजिस्टर कर सकता है. कोई भी ऑर्गन डोनेट करने के लिए आगे आ सकता है. जीवन दान सरकारी वेबसाइट पर जाकर डोनर रजिस्ट्रेशन डिटेल्स भरनी होंगी. एक अंडरटेकिंग देकर रजिस्टर करना होगा. पिछले साल 4 लाख लोगों ने नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांटेशन के साथ ऑर्गन डोनेट करने के लिए रजिस्टर किया था. नीम्स हैदराबाद के नोडल ऑफिसर जीवन दान ट्रस्ट डॉ. श्रीभूषण राजू ने कहा, 'हालांकि हमारे यहां बहुत सारे ऑर्गन डोनेशन होते हैं।

# शर्टलेस प्रदर्शन मामला : दिल्ली पुलिस ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब को किया गिरफ्तार

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए युवा कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा शर्टलेस विरोध प्रदर्शन को लेकर की गई है. जानकारी के अनुसार, उदय भानु चिब को मंगलवार अहले सुबह लगभग साढ़े चार बजे गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने चिब को करीब 20 घंटे तक हिरासत में रखकर पूछताछ की. फिलहाल उन्हें तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में रखा गया है. इस मामले में अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. मौजूदा हालात को देखते हुए तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. मौके पर भारी संख्या में सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस के जवान तैनात हैं. दिल्ली पुलिस ने भी इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी है. कांग्रेस ने इस कदम को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है. तिरुवल्लुर से सांसद शशिकांत सेंथिल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 20 घंटे से अधिक पूछताछ के बाद सुबह 4 बजे की गई यह गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा कि पार्टी को उदय भानु और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर गर्व है और युवाओं के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा.

### शर्टलेस प्रदर्शन : युवा कांग्रेस अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर राहुल ने कहा, अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है

एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम में युवा कांग्रेस द्वारा किये गये शर्टलेस प्रदर्शन का मामला तूल पकड़ रहा है. दिल्ली पुलिस ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब सहित आठ सदस्यों को गिरफ्तार किये जाने की कांग्रेस ने निंदा की है. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार की आलोचना की है. उन्होंने यूथ कांग्रेस के सदस्यों को निडर करार देते हुए उनके शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की सराहना की है. राहुल गांधी ने एक्स पर डाले गये अपने पोस्ट में कहा कि शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है. यह हमारे खून में है. यह हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है. राहुल गांधी ने लिखा कि मुझे युवा कांग्रेस के अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व है, जिन्होंने कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम के खिलाफ निडर होकर देशहित में अपनी आवाज उठाई है. आरोप लगाया कि वर ट्रेड डील में देश के हितों से समझौता किया गया है. लिखा कि यह डील देश के किसानों और टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचायेगी. हमारा डेटा अमेरिका के हाथों में सौंप दिया जायेगा.

### होली पर भीड़ को लेकर रेलवे का बड़ा प्लान: नयी दिल्ली स्टेशन पर कई ट्रेनों के प्लेटफॉर्म बदले

**नयी दिल्ली।** होली के मद्देनजर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए हैं. भीड़भाड़ को नियंत्रित करने व यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 25 फरवरी से 4 मार्च 2026 तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कई प्रमुख ट्रेनों के प्लेटफॉर्म अस्थायी रूप से बदल दिए गए हैं. रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कदम त्योहार के दौरान सुरक्षित व सुचारु यात्रा व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है. रेलवे की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस, दूरंतो एक्सप्रेस, उत्तर संपर्क क्रांति, श्रमजीवी सुपरफास्ट और इंटरसिटी जैसी कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान प्लेटफॉर्म में बदलाव किया गया है. यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपने ट्रेन का प्लेटफॉर्म नंबर जरूर जांच लें. समय से पहले स्टेशन पहुंचें. होली के दौरान अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी शुरू किया है. रेलवे अधिकारियों के मुताबिक बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान व जम्मू-कश्मीर रूट पर सबसे ज्यादा भीड़ रहती है, इसलिए इन मार्गों पर अतिरिक्त सेवाएं दी जा रही हैं. रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यदि यात्रियों की संख्या अनुमान से अधिक बढ़ती है तो ऑन-डिमांड स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी, जिससे किसी यात्री को परेशानी न हो.

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी, पुलिस ने नाबालिगों के बयान दर्ज किये

एजेंसी



**प्रयागराज।** यौन शोषण मामले में आरोपी बनाये गये शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. खबर है कि उनके खिलाफ पॉक्सो सहित अन्य गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज किये जाने के बाद झूंसी पुलिस हरदोई पहुंची. वहां कथित पीड़ित नाबालिग बच्चों के बयान दर्ज किये . सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने बालकों से अलग-अलग पूछताछ की. इसके अलावा सामूहिक रूप से भी पूछताछ की गयी. पूछताछ के क्रम में बच्चों द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित अन्य व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगाये जाने की सूचना है. पुलिस ने दोनों पीड़ित बच्चों का कलम बंद बयान दर्ज किया. इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गयी. पुलिस ने उनका मेडिकल भी कराया. सूत्रों के अनुसार बच्चों ने वही बयान दोहराया, जो एफआईआर में दर्ज है. बयान दर्ज होने के बाद अवमुक्तेश्वरानंद पर गिरफ्तारी हो सकती है. इससे पूर्व एडीजे रेप एवं पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के निर्देश पर ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के विरुद्ध झूंसी थाने में ऋक्रक दर्ज की गयी थी. पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 351(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धाराएं 3, 4(2), 5, 6, 16 और 17 के तहत दोनों नामजद आरोपियों के अलावा कुछ अज्ञात व्यक्तियों को भी अभियुक्त बनाया है. यह मामला तब उजागर हुआ, जब मथुरा-वृंदावन निवासी श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी ने माघ मेले के दौरान नाबालिग लड़कों के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था. इस संबंध में खबर आयी है कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गिरफ्तारी से बचने के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है.

## संक्षिप्त खबर

### थार के धोरों में भारत की सेना का दिखा पराक्रम, 'ऑपरेशन खड़ग शक्ति' दमदार प्रदर्शन के साथ संपन्न



**बीकानेर :** रेगिस्तान के धोरों के बीच महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे 'खड़ग शक्ति 2026' युद्धाभ्यास में भारतीय सेना का पराक्रम और कौशल देखने को मिला. आधुनिक और पारंपरिक युद्ध कौशल के इस जॉइंट ऑपरेशन ने संयुक्त प्रदर्शन किया. आसमान से धरती तक प्रहार : सेना की पश्चिमी कमान के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने कहा कि इस अभ्यास पराक्रम के दौरान आसमान से हेलिकॉप्टर से पैराटूपरों की सामरिक छलांग, चेतक और चीता हेलिकॉप्टर्स से त्वरित एम्युनिशन आपूर्ति व रेकी देखने को मिली. साथ ही हथियारों से लैस अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर की सटीक मारक कार्रवाई, स्वॉर्म और लॉजिस्टिक ड्रोन का उपयोग और तोपखाने की समन्वित फायरिंग- इन सभी अभियानों ने स्पष्ट संकेत दिया कि सेना बदलते युद्ध परिदृश्य के अनुरूप तैयारी में है. यह अभ्यास केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारी तात्कालिक तकनीक आधारित युद्ध क्षमता की जांच करने का भी माध्यम है. वैश्विक स्तर पर सुरक्षा के मापदंडों में परिस्थितियों के अनुरूप यह हमारी सामरिक शक्ति का प्रतीक है. साथ ही रेतीले धोरों पर हमारी सीमा पर आती चुनौतियों से निपटने के हमारे मजबूत इरादों और युद्ध कौशल का एक नमूना है. अभ्यास के तहत पैराट्रूपर दस्तों ने डिमार्क किए दुश्मन के ठिकानों को घेरकर हमला कर अपनी तकनीक और रणनीतिक कौशल का परिचय दिया.

### अमेरिकी हमले की आहट के बीच ईरानी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश, चार की मौत




**तेहरान।** अमेरिकी हमले की आहट के बीच ईरानी सेना का एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया. इस हादसे में चार लोगों की मौत की हुई है. ईरानी न्यूज एजेंसी के अनुसार, दुर्घटना इस्फहान प्रांत के दारचेह शहर के फ्रूट होलसेल मार्केट में हुई है. दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर ईरानी सेना की एविएशन यूनिट का बताया जा रहा है. प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी बताई जा रही है. मृतकों में पायलट, को-पायलट के अलावा बाजार के दो व्यापारी शामिल हैं. गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ईरान की नियमित वायुसेना का एक अमेरिकी निर्मित ऋ-4 फाइटर जेट पश्चिमी हमादान प्रांत में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक पायलट की मौत हो गई थी. ईरान में हेलिकॉप्टर क्रैश ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच यूरेनियम संवर्धन और परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव चल रहा है. दोनों देशों के बीच मतभेद अब तक सुलझ नहीं पाए हैं. बढ़ते तनाव के बीच ईरानी सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है.

### अंडमान-निकोबार के समुद्र में पवन हंस का हेलिकॉप्टर क्रैश, सभी यात्री और क्रू मेंबर्स सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** अंडमान-निकोबार के मायाबंदर के पास समुद्र में सरकारी हेलिकॉप्टर सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पवन हंस के एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने की खबर आयी है. जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर ने अंडमान और निकोबार की राजधानी श्री विजयपुरम से मंगलवार सुबह 8.45 बजे उड़ान भरी थी. वह 9.30 बजे क्रैश होकर समुद्र में गिर गया. हेलिकॉप्टर में दो पायलट और पांच यात्री जिनमें 3 पुरुष, 1 महिला और 1 बच्चा शामिल थे, सवार थे. अच्छी बात यह रही कि सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया गया है. सभी को मायाबंदर के आरपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. नागरिक उड्डयन विभाग के एक सीनियर अधिकारी के अनुसार शुरूआती जांच में सामने आया है कि कुछ तकनीकी खराबी के कारण पायलट ने समुद्र में क्रैश लैंडिंग की. इस खबर से पहसे झारखंड से भी खबर आयी कि सोमवार रात रांची से दिल्ली जा रही एयर एंबुलेंस चतरा जिले के सिमरिया में क्रैश कर गयी. एयर एंबुलेंस पर एक मरीज समेत सात लोग सवार थे. दुर्घटना में सभी लोगों की मौत हो गयी.

### रूस-युक्रेन की चौथी बरसी पर दहला मॉस्को, आत्मघाती हमले में पुलिसकर्मी की मौत



**मॉस्को।** मॉस्को में एक अनजान हमलावर ने पेट्रोल गाड़ी के पास एक एक्सप्लोसिव डिवाइस में धमाका किया, जिसमें उसकी और एक पुलिस ऑफिसर की मौत हो गई, और दो दूसरे ऑफिसर घायल हो गए। मॉस्को के होम मिनिस्ट्री की ब्रांच के मुताबिक, यह हमला आधी रात के कुछ मिनट बाद रूस की राजधानी के डाउनटाउन में साव्योलोव्स्की ट्रेन स्टेशन के पास हुआ। इसमें कहा गया कि हमलावर एक ट्रैफिक पुलिस गाड़ी के पास गया और एक एक्सप्लोसिव डिवाइस में धमाका किया, जिससे एक ऑफिसर की मौके पर ही मौत हो गई और दो दूसरे घायल हो गए, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रूस की इन्वेस्टिगेटिव कमिटी ने कहा कि उसने हमले की जांच शुरू कर दी है। उसने हमलावर का नाम नहीं बताया, न ही उसके संभावित मकसद या कोई और जानकारी दी। यह हमला उस दिन हुआ जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन में सेना भेजने के फैसले की चौथी सालगिरह थी।

### चीन से लगता है पीएम को डर, नरवणे की किताब और चीनी घुसपैठ पर संसद में बोलने से रोका : राहुल

**भोपाल :** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किसान महाचौपाल में पहुंचे राहुल केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर जमकर बरसे. उन्होंने संसद से लेकर चीनी घुसपैठ और नरवणे की किताब का जिक्र किया. किसान महाचौपाल में राहुल गांधी ने यह भी कहा कि लोकसभा में हर साल राष्ट्रपति का भाषण होता है, उसके बाद लीडर ऑफ अपोजिशन को भी मौका मिलता है लेकिन हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में अपोजिशन के लीडर को बोलने नहीं दिया गया. राहुल गांधी ने कहा, " मैंने संसद में बोलना शुरू किया तो मुझे रोका गया, मैंने फिर बोलना शुरू किया तो मुझे बीजेपी ने फिर रोक दिया." राहुल गांधी ने इस दौरान जनरल नरवणे की किताब को जिक्र करते हुए कहा, " नरवणे जी ने एक किताब लिखी है. उसमें उन्होंने साफ लिखा कि चीन के टैंक हिंदुस्तान की बाउंड्री के अंदर आ रहे थे तो उन्होंने राजनाथ सिंह जी को फोन किया और उनसे पूछा लेकिन राजनाथ सिंह जी ने जवाब नहीं दिया. इसके बाद अजीत डोभाल को फोन किया, चीन के टैंक हिंदुस्तान के अंदर आ रहे हैं.



## जब खुली किताब का फर्स्ट लुक आया सामने, ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया और पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर दस्तक देगी। इस फिल्म में मशहूर एक्टर पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। इस फिल्म को सौरभ शुक्ला ने डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है। यह सौरभ शुक्ला के इसी नाम के ओरिजिनल प्ले पर बेस्ड है। फिल्म स्क्रीन पर एक प्यारा, मजेदार और इमोशनल लेयर वाला लेट-लाइफ रोमांस दिखाती है। 'जब खुली किताब' 6 मार्च से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है।

लाइफ Style



## आलिया
### बाफ्टा के मंच पर छा गईं

ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवार्ड्स 2026 में आलिया भट्ट बतौर प्रजेंटर स्टेज पर नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच से सबको गदगद कर दिया, जहां उन्होंने हिंदी की कुछ दमदार लाइनें कहीं।

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवार्ड्स 2026 में अपने डेब्यू से केवल अपने बॉलीवुड फैन्स ही नहीं बल्कि वहां मौजूद विदेशियों का भी दिल जीत लिया। एक तो रेड कार्पेट पर अपने खूबसूरत अंदाज से उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया और फिर जब वो मंच पर आईं तो हिंदी में नमस्कार कहते हुए जो कुछ कहा, उसपर तालियां गूंज उठीं। जी हां, आलिया भट्ट की बाफ्टा में एंट्री को लेकर काफी समय से चर्चा थी जो अब पूरा हो गया। आलिया ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बतौर स्पीकर शिरकत की। उन्होंने हॉलीवुड के ग्लैमर को दिखाते हुए बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म को अवॉर्ड दिया। इससे पहले आलिया ने अपने भाषण से सबका दिल जीता। उन्होंने मंच पर नमस्कार कहते हुए कुछ लाइनें हिंदी में कही और फिर उन्होंने अपनी इन बातों को अंग्रेजी में भी समझाया जिसे सुनकर वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। आलिया भट्ट ने बाफ्टा मंच पर बुलाने से पहले होस्ट एलन कमिंग ने एक्ट्रेस का एक शानदार परिचय दिया और इसके बाद उन्होंने वहां एंट्री मारी। आलिया ने अपनी छोटी सी स्पीच में कहा, 'अगला अवार्ड एक ऐसी फिल्म के लिए है, जो अंग्रेजी में नहीं है।'

## दूसरे धर्म में प्यार की सजा! पीड़ितों का छलका दर्द, सुनाई दिल दहला देने वाली दास्तां



'द केरल स्टोरी 2' की घोषणा के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में देशभर से आए 55 पीड़ितों ने धर्मांतरण की अपनी दर्दनाक कहानियां साझा कीं। निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्म को सच्ची घटनाओं पर आधारित बताते हुए कहा कि आंखें बंद करने से सच्चाई नहीं बदलेगी। यह फिल्म एक कथित सोची-समझी साजिश को उजागर करने का दावा करती है। 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड' की रिलीज से पहले, फिल्म निमार्ताओं ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया, जिसमें देशभर से पीड़ित महिलाएं और उनके परिवार वाले इकट्ठा हुए और फिल्म के पीछे की सच्ची घटनाओं को साझा किया। इस कार्यक्रम में बंगाल, बिहार, भीलवाड़ा, गंगापुर, राजकोट, उदयपुर, जम्मू, महाराष्ट्र, भोपाल, झारखंड, फरीदाबाद, मेरठ, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और इंदौर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, कुल 55 लड़कियों और 33 परिवार के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए हैं।

## गर्लफ्रेंड के साथ एरिक की तस्वीरें वायरल




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता एरिक डेन का निधन 53 साल की उम्र में हुआ। इस दुख भरी घटना के बाद अब उनकी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ ने अभिनेता के निधन के बाद एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। जेनेल और एरिक की इंस्टाग्राम पर कई सुंदर तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिनमें एरिक अपनी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में एरिक अपनी प्रेमिका के साथ नजर आ रहे हैं। एरिक और जेनेल तीन साल से ज्यादा समय से ऑन-ऑफ रिलेशनशिप में थे। जून 2025 में उन्होंने 'काउंटडाउन' शो के प्रीमियर पर पहली बार साथ रेड कार्पेट पर आए थे। एरिक ने अपनी बीमारी के दौरान लोगों को बहुत प्रेरित किया। उन्होंने कहा था, 'चुनौतियों का सामना करो, चाहे स्वास्थ्य की हो या कोई और। कभी हार मत मानो। आखिरी सांस तक लड़ो। यह बीमारी मेरे शरीर को छीन रही है, लेकिन मेरी आत्मा को कभी नहीं छीन सकती। एरिक डेन का 19 फरवरी 2026 को 53 साल की उम्र में निधन हो गया। वे एएलएस (एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस) नाम की बीमारी से बहादुरी से लड़ रहे थे। उनकी बीमारी का खुलासा अप्रैल 2025 में हुआ था। उनके परिवार ने पीपल मैगजीन को बताया, 'भारी मन से हम सूचित करते हैं कि एरिक डेन गुरुवार दोपहर एएलएस से लड़ते हुए चल बसे।'



## अगर कुछ गलत है तो फिल्में बनाना छोड़ दूंगा

**मुंबई।** फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज से पहले इस पर बहस छिड़ी है। फिल्म का ट्रेलर जब से आया है, तब से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। फिल्म की कहानी और थीम को लेकर इस पर विवाद शुरू हो गया है। इस बीच डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्ममेकर के तौर पर अपनी भूमिका को लेकर हो रही चिंताओं का सीधे जवाब दिया है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर रहा हूं। मैंने हमेशा ऐसी डॉक्यूमेंट्री और फिल्में बनाई हैं, जो समाज की बुराइयों और मुद्दों को दिखाती हैं। उन्होंने फिल्म के असली होने पर अपना भरोसा जताते हुए कहा, 'मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है, मुझ पर भरोसा करें। अगर हमने फिल्म में कुछ भी गलत दिखाया है, तो मैं फिल्म बनाना छोड़ दूंगा'।



## काम पर लौटे राजपाल शुरू की शूटिंग...


**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में जेल से बाहर आ चुके हैं। राजपाल अब काम पर लौट आए हैं। उन्होंने सोमवार को कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से अपना एक खास वैनिटी विचार का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। जो उनके फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। राजपाल की टीम ने बताया कि मुंबई पहुंचते ही वह शूटिंग में जुट गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें 30 से ज्यादा बड़े कलाकार हैं। जिसमें शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव। राजपाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पहला वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

## जुनैद की फिल्म 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक आमिर ने किया रिलीज



मुंबई। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक बिल्कुल अलग अंदाज में रिलीज किया है। इस गाने में प्लेबैक सिंगिंग से दूर जा चुके अरिजीत सिंह की आवाज सुनाई दे रही। साथ ही आमिर खान और अरिजीत का एक अनेदखा वीडियो भी साझा किया गया है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पिछले दिनों आमिर खान सिंगर अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद पहुंचे थे। अरिजीत के साथ पूरा शहर घूमा। साथ ही उन्हें फिर से गाने के लिए राजी किया। इसके बाद अरिजीत ने फिल्म 'एक दिन' में गाना गाया। अब 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक गाते हुए अरिजीत सिंह का एक वीडियो सामने आया, इसे फिल्म के मेकर्स ने शेयर किया। इस वीडियो में आमिर खान अरिजीत को गाते हुए सुन रहे हैं। यह वीडियो फैंस के लिए किसी सरप्राइज की तरह साबित हुआ। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा की थी। इस खबर को सुनकर आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे। इसके बाद आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म 'एक दिन' में अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी। यह एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें अरिजीत ने अपनी आवाज का जादू चलाया है। एक दिन के टाइटल ट्रैक को आमिर खान प्रोडक्शन ने अलग अंदाज में दर्शकों के साथ साझा किया है। इसमें आमिर खान सामने बैठे हैं और अरिजीत गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। इसके बाद वह सिंगर को मनाते हैं कि वह आगे भी गाना गाए। लेकिन अरिजीत शायद अपना फैसला नहीं बदलेंगे।

टीवी मसाला



## पीयूष का जाना मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था : शुभांगी

**नई दिल्ली।** 'भाभी जी घर पर है' फेम शुभांगी अत्रे ने एक बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। दिवंगत पति से लेकर शिल्पा शिंदे तक पर अपनी राय रखी। छोटे पर्दे पर अंगूरी भाभी बनकर हंसाने-गुदगुदाने वाली शुभांगी अत्रे निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ावों से गुजरीं, मगर उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन करना नहीं छोड़ा। पति से अलगाव, सिंगल मदर होने की चुनौतियों और फिर पति के जाने की पीड़ा के बीच उन्होंने कलाकार होने का धर्म हमेशा निभाया। दस सालों तक भाबी जी घर हैं, से जुड़ी रहने वाली शुभांगी की जगह आज भले शिल्पा शिंदे ने वापसी की है, मगर शुभांगी को कोई शिकवा नहीं है। वे इसी शो पर आधारित फिल्म भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन से चर्चा में हैं। अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर का जिक्र करते हुए वे कहती हैं, 'पिछले तीन -चार साल मेरे लिए काफी टफ रहे। मैं बहुत प्राइवेट पर्सन रही हूं। मेरा बहुत बड़ा सर्कल नहीं है, मैं पार्टियों की शौकीन नहीं हूं। मेरे लिए मेरा घर और काम सबसे अहम रहा है, तो वो जो सेपरेशन (पति से अलगाव) वाला समय था, वो बहुत मुश्किल था। पिछले साल जब पीयूष (उनके पति) चल बसे, तो वो मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था। (कहते-कहते वे रो पड़ती हैं) मगर मुझे यकीन है कि वे मुझे और आशी (उनकी बेटी) को आशीर्वाद देते रहेंगे। मैं पीयूष को अपनी खुशनुमा यादों में रखना चाहती हूं। हाल ही में मैं भोपाल जाऊंगी अपने मम्मी-पापा के साथ फिल्म देखने, तो एक सीट पीयूष के लिए रिजर्व रखूंगी, क्योंकि मेरे दिवंगत पति ने एक्ट्रेस बनने में मुझे बहुत सपोर्ट किया। ये मेरा खुद से वादा है कि एक सीट उनके लिए मेरी बगल में जरूर होगी।' अपनी बीस साल की बेटी आशी के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में वे कहती हैं, 'आज लगता है कि यंग मदर बनने के कई फायदे हैं। पहले लगता था कि ये मैं कितनी जल्दी मां बन गई, मगर अब मदरहुड खूब इंजॉय करती हूं। काम करते -करते मुझे काफी चोटें लगती रहती है, तो मेरी बेटी कल ही मुझसे कह रही थी कि मम्मा आप अभी खुद ही टॉडलर हैं।

## फरवरी के आखिरी वीक में ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाल, दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** फरवरी विदा ले रही है। रंगों के त्योहार होली की तैयारी है। सिनेमाघरों में 'ओ रोमियो' से लेकर 'अस्सी' तक की चर्चा है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होंगी। थिएटर्स के अलावा कुछ सीरीज और फिल्में हमेशा की तरह ओटीटी पर भी आएंगी। फरवरी के इस आखिरी वीक में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल रहेगा।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म 26 फरवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। अब यह ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर 26 फरवरी से स्ट्रीम होगी। यह फिल्म शादी और रिश्तों को एक महिला के नजरिए से दिखाने की कोशिश करती है।

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' भी फरवरी के आखिरी सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 25 फरवरी से प्राइम वीडियो पर आएगी।

### वन बैटल आफ्टर अनदर और सिनर्स का रहा दबदबा
## भारतीय फिल्म 'बूंग' ने पहली बार जीता बाफ्टा अवॉर्ड

मुंबई। बाफ्टा अवॉर्ड 2026 में भारतीय फिल्म 'बूंग' ने चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा इस बार बाफ्टा में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और 'सिनर्स' का दबदबा रहा। लियोनार्डो डिकैप्रियो की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत छह पुरस्कार जीते। वहीं, अमेरिकन फिल्म सिनर्स और हॉरर कहानी फ्रैंकस्टीन ने तीन-तीन पुरस्कार जीते। जेसी बकले ने हैमनेट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि, रॉबर्ट आरामयो ने ब्रिटिश इंडी फिल्म आई स्वियर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया।

*लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 79वें बाफ्टा अवार्ड्स आयोजित हुए। बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों की लिस्ट में भारतीय फिल्म 'बूंग' भी रही। वहीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और अमेरिकी फिल्म 'सिनर्स'का बोलबाला रहा।*

### वन बैटल आफ्टर अनदर ने मारा सिक्सर

पॉल थॉमस एंडरसन की राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने शाम पर अपना दबदबा कायम किया और सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह पुरस्कार जीते। इनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशक, अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले, सिनेमैटोग्राफी, एडिंग और सपोर्टिंग एक्टर (मेल) का अवॉर्ड शामिल है। शॉन पेन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता।



### सिनर्स ने रचा इतिहास

इसके ठीक पीछे रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' थी, जिसने तीन पुरस्कार जीतकर बाफ्टा इतिहास रच दिया। यह ब्रिटिश अकादमी में किसी अश्वेत फिल्म निर्माता की फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक पुरस्कार है। फिल्म के लिए वुन्मी मोसाकु ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि रयान कूगलर ने बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत फिल्म निर्माता बन गए। वहीं सिनर्स ने बेस्ट ओरिजिनल का अवॉर्ड भी अपने नाम करके तीन अवॉर्ड जीते।

### मणिपुरी फिल्म बूंग लेकर आई खुशखबरी

बाफ्टा से भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी मणिपुरी फिल्म बूंगलेकर आई। फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस मणिपुरी फिल्म बूंग ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इस फिल्म को लक्ष्मीप्रिया देवी ने निर्देशित किया है। बूंग ने नॉमिनेशन में फ्रेंच फिल्म आर्को, अमेरिकन साइंस फिक्शन कॉमेडी लिलो एंड स्टिच और जूटोपिया 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ा।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म - बैटल आफ्टर अनदर
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसी बकले (हैमनेट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - रॉबर्ट आरामयो (आई स्वियर)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री - वुन्मी मोसाकु (सिनर्स)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म- हैमनेट
बेस्ट चिंड्रेंस एंड फैमिली फिल्म - बूंग
गैर अंग्रेजी भाषा की फिल्म - सेंटिमेंटल वैल्यूज
बेस्ट स्क्रीनप्ले - सिनर्स
बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - जूट्रोपोलिस 2
बेस्ट डॉक्यूमेंट्री - मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन
बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - वन बैटल आफ्टर अनदर
बेस्ट एडिटिंग - वन बैटल आफ्टर अनदर
स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स - अवतार: फायर एंड ऐश
ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - दिस इज एंडोमेट्रियोसिस
राइजिंग स्टार - रॉबर्ट अरामायो (सिनर्स)




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.